खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान — अधिकतम :35°C, न्यूनतम: 23°C

सेंसेक्स 81,451.01 — निफ्टी 24,750.70

सोना 98,220 — चांदी 99,900


लखनऊ, शनिवार 31 मई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 210 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 3 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## ट्रम्प का टैरिफ फिर बहाल: हायर कोर्ट ने निचली अदालत का फैसला पलटा

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## डी. गुकेश ने रोमांचक मुकाबले में कारूआना को हराया

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# रिलेशनशिप टूटने के बाद रेप केस गलत: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ अदालत ने कहा: इससे आरोपी की छवि खराब होती है, न्याय व्यवस्था पर भी बोझ पड़ता है

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक अहम फैसले में कहा कि यदि दो वयस्कों में सहमति से बना रिश्ता बाद में टूट जाता है या दोनों के बीच दूरी आ जाती है, तो इसे शादी का झूठा वादा बताकर रेप का केस नहीं बनाया जा सकता।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने यह टिप्पणी की। बेंच ने कहा कि ऐसे मामलों से न केवल न्याय व्यवस्था पर अनावश्यक बोझ पड़ता है, बल्कि आरोपी व्यक्ति की सामाजिक छवि को भी गंभीर नुकसान होता है। सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया कि सिर्फ शादी का वादा तोड़ने को झूठा वादा नहीं माना जा सकता, जब तक कि आरोपी की तरफ से रिश्ते की शुरुआत से ही धोखाधड़ी का इरादा न हो। बेंच ने कहा कि शादी का वादा तोड़ने को झूठा वादा बताकर धारा 376 के तहत रेप का केस करना गलत है। इस सोच पर पहले भी चिंता जताई जा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के साथ ही महाराष्ट्र के अमोल भगवान नेहुल के खिलाफ रेप केस रद्द कर दिया।



# नीट-पीजी परीक्षा एक ही पाली में कराएं

■ कहा: दो पालियों में कराने से उम्मीदवारों को समान अवसर नहीं मिलेंगे

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मेडिकल के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 15 जून से होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) 2025 दो की बजाय ... पाली में आयोजित कराने का ... निर्देश दिया। ...र्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति ... और न्यायमूर्ति एनवी ... अंशकालीन कार्य ... याचिकाकर्ता अदिति ... याचिका पर संबंधित ... सुनने के बाद इस ... आयोजित करने वाली ...न बोर्ड ऑफ ... (एनबीई) को यह ... अपने आदेश में कहा कि परीक्षा दो पालियों में आयोजित न करें, क्योंकि इससे उम्मीदवारों को समान अवसर नहीं मिलेंगे। पीठ ने यह भी टिप्पणी की कि दो पालियों में परीक्षा होने से मनमानी होगी और सामान्यीकरण प्रक्रिया को नियमित तरीके से लागू नहीं किया जा सकता। इतना ही नहीं दो पालियों की परीक्षा में प्रश्नपत्र कभी भी एक ही कठिनाई स्तर के नहीं हो सकते। शीर्ष अदालत ने कहा कि हम यह स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं कि इस देश में तकनीकी प्रगति को देखते हुए देशभर में परीक्षा आयोजित करने वाली इस संस्था को एक पाली में परीक्षा आयोजित करने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल पाए। अदालत ने कहा कि यदि अधिकारियों को लगता है कि वे परीक्षा केंद्रों की पहचान करने और 15 जून को परीक्षा आयोजित करने में सक्षम नहीं हैं, तो वे परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इससे पहले पांच मई को अदालत ने उक्त याचिका पर एनबीई, राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद (एनएमसी) और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को नोटिस जारी करके जवाब मांगा था।

# देश में कोरोना के 1828 एक्टिव केस, 15 की मौत

■ गुजरात में एक दिन के नवजात की रिपोर्ट पॉजिटिव

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एक्टिव केसों की संख्या शुक्रवार को 1828 पहुंच गई।

गुजरात के अहमदाबाद में एक दिन के नवजात की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बच्चे को आईसीयू में रखा गया है। पिछले सप्ताह बच्चे की मां भी कोरोना पॉजिटिव पाई गई थी, हालांकि अब उनकी रिपोर्ट निगेटिव है। इसके अलावा 8 महीने की एक बच्ची गुरुवार से ऑक्सीजन सपोर्ट पर है। वहीं, देश में कोरोना से जान गंवाने वालों का आंकड़ा 15 हो गया है, इनमें सबसे ज्यादा 6 मौतें महाराष्ट्र में हैं। राज्य सरकार कोरोना वायरस के लिए इन्फ्लूएंजा और सांस से जुड़ी बीमारियों पर सर्वे करा रही है। उधर केरल में एक्टिव मामले 727 हो गए हैं। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बताया कि राज्य में ओमिक्रॉन जेएन वैरिएंट एलएफ7 के मामले आ रहे हैं। है। महाराष्ट्र सरकार ने बताया कि गुरुवार को कोविड के 79 नए मामले सामने आए। जबकि मुंबई में जनवरी 2025 से अब तक कुल 379 केस मिले हैं। जनवरी और फरवरी में एक-एक, अप्रैल में चार और मई में 373 मरीज मिले। जनवरी से अब तक राज्य में 9592 कोविड-19 टेस्ट किए गए।

## पूर्व न्यायाधीश पर आपत्तिजनक टिप्पणी वाले वीडियो पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पूर्व न्यायाधीश बेला एम. त्रिवेदी पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए संबंधित वीडियो दिखाने पर रोक लगाने के साथ ही उसे यूट्यूब चैनल से तत्काल हटाने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति एएस चंद्रूकर की पीठ ने शुक्रवार को अपने आदेश में 'वरप्रैड मीडिया इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' के एडिटर इन चीफ अजय शुक्ला को वीडियो को अपने चैनल से हटाने का निर्देश दिया।शीर्ष न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि हम रजिस्ट्री (सुप्रीम कोर्ट की) को अजय शुक्ला के खिलाफ स्वत: संज्ञान अवमानना का मामला दर्ज करने का निर्देश देते हैं। यूट्यूब चैनल को प्रतिवादी पक्ष बनाया जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट में ली नवनियुक्त तीन न्यायाधीशों ने शपथ

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में नवनियुक्त तीन न्यायाधीशों ने शुक्रवार को पद और गोपनीयता की शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने शीर्ष अदालत परिसर के एक सभागार में आयोजित समारोह में न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया, न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। उनके शपथ ग्रहण करने के साथ ही उच्चतम न्यायालय के लिए कुल निर्धारित 34 न्यायाधीशों की संख्या पूरी हो गई।

## पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, पांच की मौत, 29 घायल

**मुक्तसर।** पंजाब में मुक्तसर जिले के सिंघेवाला गांव में गुरुवार रात एक बजे एक पटाखा निर्माण इकाई में हुए विस्फोट में पांच प्रवासी श्रमिकों की मौत हो गई और 29 अन्य घायल हो गए। हरियाणा सीमा के पास स्थित इस फैक्ट्री में पटाखों के उत्पादन और पैकेजिंग में लगे कई प्रवासी कामगार काम करते थे। रात करीब एक बजे हुए इस विस्फोट के कारण पूरी फैक्ट्री ढह गई। मुक्तसर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अखिल चौधरी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी से पता चला है कि पटाखा निर्माण क्षेत्र में विस्फोट हुआ। अभी कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## आतंकी मामले में कश्मीर में कई ठिकानों पर छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस के काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) के अधिकारियों ने शुक्रवार सुबह कश्मीर के विभिन्न जिलों में एक आतंकवादी मामले की जांच के तहत छापेमारी की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने कहा कि कश्मीर के बड़गाम, अवंतीपोरा, पुलवामा, कुपवाड़ा, शोपियां और श्रीनगर जिलों में तलाशी जारी है। अधिकारियों ने कहा कि जांच के दौरान, कई संदिग्धों को एक विशिष्ट गोपनीय संदेश एप्लिकेशन का उपयोग करते हुए पाया गया, जिसका उपयोग आतंकवादियों, सीमा पार से उनके आकाओं द्वारा किया जाता है।

## ऑपरेशन सिंदूर तरकश का सिर्फ एक तीर: मोदी

# आतंक का फन फिर उठा, तो बिल से खींचकर कुचलेंगे

बिक्रमगंज (रोहतास),वार्ता

■ बिहार की धरती से आतंकियों और उसके सरपरस्तों को सख्त लहजे में चेतावनी



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने शुक्रवार को एक बार फिर बिहार की धरती से आतंकवादियों और उसके सरपरस्तों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' हमारे तरकश का सिर्फ एक तीर है, आतंक का फन फिर उठेगा, तो बिल से खींचकर कुचलेंगे।

श्री मोदी ने शुक्रवार को रोहतास जिले के बिक्रमगंज में करीब 48 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दुश्मन जान ले कि 'ऑपरेशन सिंदूर' हमारे तरकश का सिर्फ एक तीर है। भारत की लड़ाई नहीं रुकी है और न थमी है। आतंक का फन अगर फिर उठेगा, तो बिल से खींचकर कुचलेंगे। चाहे सीमा पार हो या फिर सीमा के अंदर हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्राण जाए पर वचन न जाए। यानी एक बार वचन दे दिया, तो वो पूरा होकर ही रहता है। प्रभु राम की यह रीति, नए भारत की नीति बन गई है। बिहार की धरती से देश को वचन दिया था कि आतंकियों के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। बिहार की धरती पर मैंने कहा था, उन्हें कल्पना से भी बड़ी सजा होगी। आज जब मैं बिहार आया हूं, तो अपने वचन के पूरा करने के बाद आया हूं। हमारी सेना ने उनके ठिकानों को खंडहर में बदल दिया है। भारत की बेटियों की सिंदूर की शक्ति क्या होती है यह पाकिस्तान ने भी देखा और दुनिया ने भी देखा।

### प्रधानमंत्री ने दी बिहार को साढ़े 48 हजार करोड़ रुपये की सौगात

**बिक्रमगंज (बिहार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के लोगों को साढ़े 48 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सौगातें दी, जिनमें रेल, सड़क, गैस आपूर्ति, शिक्षा और बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कई परियोजनाएं शामिल हैं। श्री मोदी ने राज्य के रोहतास जिले में यहां आयोजित एक कार्यक्रम में इन परियोजनाओं का उद्घाटन और कई का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि राज्य की नीतीश कुमार सरकार ने लोगों के जीवन में भारी बदलाव किया है। बुनियादी ढांचा मजबूत किया गया है और लोगों को लाभ मिल रहा है। नक्सलवादी गतिविधियों पर काबू पाया गया है।

## आतंकवाद और बातचीत साथ साथ नहीं चल सकते : शाह

**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को फिर से परिभाषित किया है कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते तथा पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकते। पुंछ में गोलाबारी से प्रभावित परिवारों से मिलने पहुंचे श्री शाह ने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि नागरिकों पर किसी भी हमले को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसका अधिक प्रभावी और सटीक तरीके से जवाब दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री मोदी के प्रधानमंत्री बनने के तुरंत बाद सीमावर्ती इलाकों में बंकर बनाने का फैसला लिया गया था। अब तक 9,500 से अधिक बंकर बनाए गए हैं और इन बंकरों के कारण सीमावर्ती इलाके में ज्यादा जनहानि नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सरकार सीमावर्ती इलाकों में और बंकर बनाएगी। पुंछ में गोलाबारी से प्रभावित परिवारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हम समझते हैं कि राहत और नौकरियां आपके द्वारा झेले गए दर्द और क्षति की भरपाई नहीं कर सकती हैं। आपने अपने प्रियजनों को खो दिया है। जम्मू-कश्मीर सरकार, भारत सरकार और राष्ट्र की भावनाएं इस सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों से जुड़ी हुई हैं।

## वनंतरा रिसॉर्ट हत्याकांड में आया फैसला

# अंकिता भंडारी के तीनों हत्यारों को आजीवन कारावास

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 24 सितम्बर 2022 को अंकिता भंडारी का शव चिल्ला बैराज से हुआ था बरामद

**कोटद्वार।** उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड में आखिरकार अदालत ने शुक्रवार को सजा का ऐलान करते हुए मुख्य आरोपी पुलकित आर्य समेत तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीना नेगी की अदालत ने शुक्रवार को सजा का ऐलान किया।


भाजपा के पूर्व नेता विनोद आर्य के पुत्र एवं ऋषिकेश के वनंतरा रिसॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य को भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 201 और 354 के तहत दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जबकि रिसॉर्ट के प्रबंधक सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को साक्ष्य मिटाने के मामले में भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 302 और 201 के तहत दोषी ठहराते हुए दोनों को भी आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अवनीश नेगी के अनुसार तीनों को हत्या का दोषी करार दिया गया है और उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। उल्लेखनीय कि वर्ष 2022 में अंकिता हत्याकांड सामने आया था।

### न्याय अधूरा लग रहा, दोषियों को उम्रकैद मिलने से नाखुश अंकिता भंडारी के परिजन

कोटद्वार की सिविल कोर्ट ने अंकिता भंडारी हत्याकांड में पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने माना कि तीनों ने मिलकर हत्या कर शव छुपाया। अंकिता के परिजन फैसले से असंतुष्ट हैं और हाईकोर्ट में अपील कर दोषियों को फांसी दिलाने की बात कह रहे हैं।

अंकिता ऋषिकेश के पास वनंतरा रिसॉर्ट में रिसेप्शनिष्ट के पद पर तैनात थी। वह 18 सितम्बर, 2022 को यकायक लापता हो गई थी। दो दिन बाद 24 सितम्बर को उसका शव चिल्ला बैराज से बरामद हुआ था। हत्या का आरोप वनंतरा रिसॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता पर लगा था। इस घटना के बाद पूरे प्रदेश में लोगों ने रोष व्यक्त किया था। प्रदेश सरकार ने भी मामले को एसआईटी को सौंप दिया था। एसआईटी ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अदालत के बाहर शुक्रवार को सुरक्षा के लिहाज से भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही सुबह से ही अदालत परिसर में भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए बेरिकेडिंग की व्यवस्था की, लेकिन भीड़ ने बेरिकेडिंग को तोड़ दिया। पुलिस ने हालांकि समय रहते भीड़ पर नियंत्रण पा लिया था।

# उप्र व मप्र में 14 दिन बाद मानसून देगा दस्तक



**नई दिल्ली।** 24 मई को मानसून की एंट्री के बाद यह 17 राज्यों में दस्तक दे चुका है। सिर्फ छह दिनों में देश में अब तक 33 फीसदी से ज्यादा बारिश हो चुकी है। गुरुवार को यह पूर्वोत्तर के बचे हिस्से और फिर सिक्किम पार कर पश्चिम बंगाल के हिमालयी क्षेत्रों में पहुंच गया।

मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को यह बिहार व बाकी पश्चिम बंगाल में पहुंच सकता है। हालांकि, अब इसकी रफ्तार थमने के आसार हैं। बंगाल की खाड़ी में बना दबाव वाला क्षेत्र सागर द्वीप से होते हुए बांग्लादेश की ओर बढ़ेगा। यह डिप्रेशन उत्तर भारत की ओर मानसून को धकेलने के बजाय विपरीत दिशा में खींचेगा। अनुमान है कि मानसून पर एक हफ्ते से 10 दिन का ब्रेक लग सकता है, जिससे उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व उत्तर भारत के कई हिस्सों में बारिश का इंतजार बढ़ सकता है।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने 15 नर्सों को प्रदान किए फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में विभिन्न वर्ग की 15 नर्सों को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए वर्ष 2025 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार से सम्मानित किया।

पुरस्कृत नर्सों में एएनएम (सहायक नर्स मिडवाइफ) वर्ग में अंडमान निकोबार की रेबा रानी सरकार, आंध्र प्रदेश की वलिवेती सुभावती, दादर-नगर हमेली एवं दमन-दीव की सरोज फकीरभाई पटेल, लक्षद्वीप की रजिया बेगम पीबी और महाराष्ट्र की सुजाता अशोक बागुल , एलएचवी (लेडी हेल्थ विजिटर) वर्ग में असम की बीना पानी डेका, नर्स वर्ग में अरुणाचल प्रदेश की किजुम सोरा कारगा, दिल्ली की डिम्पल अरोड़ा और मेजर जनरल शीना पीडी, कर्नाटक की डा. बानू एमआर, मणिपुर की लीमापोकपम रंजीता देवी, मिजोरम की वी लालमंगई, पुड्डुचेरी की एलएस मणिमोझी, तमिलनाडु की के अलामेलु मंगयारकरसी और प. बंगाल की डॉली बिस्वास शामिल हैं।

# पनवारी कांड में 35 दोषियों को पांच-पांच साल की सजा

■ 32 दोषियों को भेजा जेल, तीन के गैर जमानती वारंट जारी

**आगरा।** वर्ष 1990 के जिले के बहुचर्चित पनवारी कांड के दौरान कागारौल थाना क्षेत्र के अकोला में हुई जातीय हिंसा में शुक्रवार को विशेष एससी-एसटी कोर्ट ने 35 दोषियों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई।

अदालत ने दो दिन पहले इन आरोपियों को दोषी करार दिया था। सजा सुनाए जाने के बाद 32 को जेल भेज दिया गया। तीन दोषियों के अदालत में हाजिर नहीं होने पर गैर जमानती वारंट जारी किए गए। पंद्रह आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। 34 साल चले इस मुकदमे में विचारण के दौरान 22 अभियुक्तों की मृत्यु हो गई थी। अदालत ने सजा सुनाते हुए दोषियों को पांच-पांच साल का कठोर कारावास और प्रत्येक पर 41 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। सुनवाई में धारा 147 (दंगा), 148 (हथियार से लैस होकर दंगा), 149 (गैरकानूनी सभा) और 310 के तहत सभी दोषियों को सजा सुनाई गई।

# तुर्की एयरलाइन से नहीं तोड़ेगी इंडिगो नाता

## इंडिगो सीईओ ने जानकारी की साझा, कहा: तुर्की एयरलाइन से हमारा सर्विस एग्रीमेंट

नई दिल्ली, वार्ता

■ तुर्की एयरलाइंस के प्लेन लीज पर लेने के सभी नियमों का करेंगे पालन: इंडिगो सीईओ



**देश की सबसे** बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने शुक्रवार को कहा कि वह तुर्की की एयरलाइन के साथ लीजिंग की व्यवस्था को अभी समाप्त नहीं करेगी, लेकिन भारत की नियामक प्रणाली के अंतर्गत कोई ऐसे निर्देश मिले, तो वह उस दिशा में जरूरी कदम उठाएगी।

इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने यहां कंपनी के सालाना परिणामों के बारे में जानकारी साझा करने के लिए आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। इंडिगो द्वारा लंबी दूरी के अंतर्राष्ट्रीय मार्गों के लिए तुर्की वाहक से लीज पर लिए गए बोइंग 777 और 787 के उपयोग किया जाता है। उनसे पूछा गया था कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष में तुर्की की भूमिका को देखते हुए कई क्षेत्रों में तुर्की की कंपनियों के साथ संबंध विच्छेद किए जा रहे हैं। इंडिगो का भी तुर्की की एयरलाइन के साथ लीजिंग समझौता है, क्या इंडिगो भी ऐसा कोई कदम उठाने के बारे में सोच रही है? इस सवाल के जवाब में श्री एल्बर्स ने कहा कि तुर्की की एयरलाइन के साथ हमारा एयर सर्विस एग्रीमेंट है। हम विनियामक ढांचे के संदर्भ में काम करते हैं। अगर विनियामक ढांचे में बदलाव होता है, तो हम ज़रूरी कदम उठाएंगे। दूसरा हमारा बड़ा ग्राहक आधार हैं, जिन्होंने तुर्की एयरलाइंस से लीज़ पर लिए गए 777 विमानों द्वारा संचालित उड़ानों में बुकिंग की है। यदि विनियामक प्रणाली में कोई बदलाव का निर्देश आया, तो हम संभावित कदमों के बारे में जरूरी सोचेंगे। इंडिगो द्वारा वेट-लीज्ड विमानों (किसी अन्य एयरलाइन द्वारा संचालित जेट लेकिन इंडिगो ब्रांड के तहत उड़ान भरने वाले विमान) का उपयोग किया जा रहा है, क्योंकि एयरलाइन लंबी दूरी के संचालन में उतर रही है। मुंबई से जुलाई में शुरू होने वाले मैनचेस्टर और एम्स्टर्डम के आगामी मार्गों को इस व्यवस्था के तहत बोइंग 787-9 विमानों द्वारा संचालित किया जाएगा। तुर्की एयरलाइंस के साथ लीजिंग करार इंडिगो की अपनी लंबी दूरी के बेड़े को इंतजार किए बिना अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों से तेजी से जोड़ने की रणनीति के लिए महत्वपूर्ण है। वर्तमान में 90 से अधिक घरेलू और 40 अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों पर सेवा देने वाली एयरलाइन का लक्ष्य वर्ष के अंत तक 50 अंतर्राष्ट्रीय शहरों तक पहुंचना है। सीईओ ने संवाददाताओं को इंडिगो की 18 साल की यात्रा के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि एयरलाइन की योजना चालू वित्त वर्ष में 10 नए अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों के लिए सीधी उड़ानें जोड़ने की है, जिनमें लंदन, एथेंस, एम्स्टर्डम और मैनचेस्टर जैसे प्रमुख शहर शामिल हैं। इन मार्गों के अलावा, चार मध्य एशियाई गंतव्यों और सिएम रीप जैसे दक्षिण-पूर्व एशियाई शहरों के लिए उड़ानें शामिल हैं।




## संक्षिप्त समाचार

### प्राइवेट बस पलटी तीन महिलाओं समेत पांच की मौत

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के बक्शा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह रामनगर घनश्यामपुर से जौनपुर जा रही प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। इस हादसे में दो महिला व दो पुरुषों की मौत हो गई, जबकि एक महिला जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। दुर्घटना में 14 अन्य लोग घायल हो गए। वाराणसी लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर शंभूगंज बाजार के समीप चकपटैला गांव स्थित अंडर पास पर आज भोर करीब पौने पांच बजे यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही जिला. धिकारी डॉक्टर दिनेश चंद और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ तत्काल मौके पर पहुंच गए। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभने बताया कि यह बस रामनगर घनश्यामपुर लेदुका होते हुए कुमार बस सर्विस प्रतिदिन जौनपुर बदलापुर पघव के लिए सवारी बैठाकर आती-जाती है। आज सुबह बस चालक समरजीत पाल (50) और कंडक्टर कालीचरन 52 सीट वाली बस में करीब 40 सवारियों के साथ जौनपुर के लिए रवाना हुए थे, बस जैसे ही घटनास्थल के समीप पहुंची कि चालक बस से नियंत्रण खो बैठा, जिससे बस डिवाइडर पर चढ़ते हुए दाहिने पटरी पर पहुंच सड़क के बीच पलट गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस में बुरी तरह फंसे लोगों को बाहर निकाला और मृत चार लोगों को मर्चरी भेजा।

### भाजपा के चुनावी सारे वादे झूठे निकले: 'आप'

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव के दौरान किए गए अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है। 'आप' के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली सरकार के पिछले 100 दिन के कार्यकाल का आज रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया और कहा कि हमने सुना है भाजपा शासित दिल्ली सरकार खुद अपने 100 दिन के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड बनाकर दिल्ली की जनता के सामने प्रस्तुत करने वाली है। भाजपा अपने 100 दिन के विफलताओं को झूठे रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से छुपाने की कोशिश करने वाली है। भारद्वाज ने कहा कि रिपोर्ट कार्ड में हमने बताया है, कि दिल्ली सरकार ने यहां की जनता के साथ पिछले 100 दिनों में क्या-क्या धोखा किया है? भाजपा की सरकार ने दिल्ली में फरिश्ते योजना को बंद कर दिया, जिसकी वजह से रोजाना दर्जनों दुर्घटनाग्रस्त लोगों को समय पर इलाज न मिलने से मृत्यु का खतरा बना हुआ है।

### 11 पर्यटकों से भरा वाहन नदी में गिरा, नौ लोग लापता

**गंगटोक।** पश्चिम बंगाल और ओडिशा के 11 पर्यटकों को ले जा रहा एक वाहन गुरुवार रात उत्तरी सिक्किम में तीस्ता नदी में गिरने के बाद नौ लोग लापता हो गए हैं। हादसे की सूचना मिलने के बाद भारतीय सेना और सिक्किम पुलिस ने शुक्रवार को बड़े पैमाने पर तलाशी एवं बचाव अभियान शुरू किया। यह हादसा गंगटोक से लगभग 52 किलोमीटर दूर हुआ। पुलिस अधीक्षक मंगन सोनम देचू ने कहा कि दो लोगों को बचा लिया गया है, जबकि बाकी नौ लोगों का अभी भी पता नहीं चल पाया है। यह दुर्घटना उत्तरी सिक्किम में चुंगथांग- मुंशीथांग रोड पर हुई और वाहन लगभग 1,000 फुट नीचे तीस्ता नदी में गिर गया।

# ऑपरेशन सिंदूर का सबूत मांगना शर्मनाक: भाजपा

■ जयराम रमेश के आतंकवादियों और भारतीय सांसदों की कथित तुलना की निंदा की

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस की ओर से 'ऑपरेशन सिंदूर' के सबूत मांगने को शुक्रवार को शर्मनाक करार दिया और उसके नेता जयराम रमेश के उस बयान की कड़ी भर्त्सना की, जिसमें उन्होंने आतंकवादियों और भारतीय सांसदों की कथित तुलना की है। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद संबित पात्रा ने यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबो. धित करते हुए विपक्ष के रवैए की कठोर आलोचना की। डा. पात्रा ने रमेश द्वारा आतंकियों और भारतीय सांसदों की कथित तुलना करने को शर्मनाक बताते हुए कहा कि जो सांसद विदेशों में भारत का पक्ष रखने गए हैं, वे 'घूमने' नहीं गए। वे भारत के आत्मबल और आतंकवाद-विरोधी नीति को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से प्रस्तुत करने गए हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी, जयराम रमेश और रेवंत रेड्डी जैसे कुछ नेताओं के बयानों ने न केवल भारतीय सेना के मनोबल को चोट पहुंचाने का प्रयास किया, बल्कि बार-बार देश के सामान्य नागरिकों के आत्मविश्वास को भी कमजोर करने की चेष्टा की है। एक अखबार में अमेरिका के एक प्रसिद्ध सैन्य विश्लेषक जॉन स्पेंसर का एक अत्यंत गंभीर और तथ्यों से परिपूर्ण लेख छपा है। यह लेख केवल एक राय नहीं बल्कि एक ठोस वैश्विक विश्लेषण है, जिसमें स्पष्ट रूप से यह बताया गया है कि किस प्रकार भारत की स्वदेशी तकनीक 'आकाश' मिसाइल प्रणाली और अन्य रक्षा उपकरण ने आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक विजय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# ऑपरेशन सिंदूर आत्मनिर्भर भारत की सफलता का उदाहरण

कानपुर।



■ भारत की न्यू डिफेंस पॉलिसी के अंतर्गत दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट किया: योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय सेना के पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में भारत के शौर्य और पराक्रम के कारण आज पूरी दुनिया भारत के शक्ति और सामर्थ्य को एक उदाहरण के रूप में मान रही है।


योगी ने कहा कि भारत की न्यू डिफेंस पॉलिसी के अंतर्गत दुश्मन के यार डिफेंस सिस्टम को नष्ट करके भारतीय सेना जिस शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया है, यह प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा 10 वर्ष पूर्व प्रारंभ किए गए मेड इन इंडिया की उस ताकत का भी एहसास दुनिया को करवाता है जो इस बार ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया ने देखा है। यह आत्मनिर्भर भारत की सफलता का भी एक बेहतरीन उदाहरण है। उन्होने कहा कि प्रदेश को मिली 47 हजार 600 करोड़ रुपए की परियोजनाएं विकसित भारत की नींव है। उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के उपरांत यशस्वी प्रधानमंत्री का उत्तर प्रदेश की धरती पर यह प्रथम आगमन है। मैं प्रदेशवासियों की ओर से उनका हृदय से स्वागत करता हूं। यह धरती कभी औद्योगिक क्रांति की अग्रदूत रही है और आज विकास की नई गाथा लिखने जा रही है। योगी ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की सैन्य शक्ति और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताते हुए कहा कि पहले सर्जिकल स्ट्राइक, फिर एयर स्ट्राइक और अब ऑपरेशन सिंदूर, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत अब जवाब देने में नहीं, जवाब देने की शैली भी तय करने में यकीन रखता है। यह मेड इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की सशक्त मिसाल है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कानपुर में 47 हजार 600 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किए जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश को विकसित भारत के 'ग्रोथ इंजन' के रूप में आगे बढ़ाने का एक बड़ा कदम है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू की गई कानपुर मेट्रो के पहले चरण के बाद अब दूसरे चरण का लोकार्पण हुआ है, जिससे शहर का पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम आधुनिक और सुविधाजनक बनेगा। उत्तर प्रदेश की ऊर्जा क्षेत्र का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि पनकी, घाटमपुर, जवाहरपुर (एटा), ओबरा (सोनभद्र) और खुर्जा (बुलंदशहर) में थर्मल पावर प्लांट्स की शुरुआत से प्रदेश की विद्युत क्षमता 15,000 मेगावाट से बढ़कर 25,000 मेगावाट तक पहुंच गई है। वर्ष के अंत तक इसमें 4000 मेगावाट की और बढ़ोतरी होगी। यूपी की उपलब्धियों को गिनाते हुए सीएम योगी ने बताया कि प्रदेश के एक लाख 21 हजार मजरे तक बिजली पहुंच चुकी है और 1.78 करोड़ गरीब परिवारों को मुफ्त कनेक्शन दिए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत अब तक 1-31 लाख घरों में मुफ्त रूफटॉप सोलर की सुविधा पहुंचाई गई है और 11 लाख से अधिक आवेदनों का लक्ष्य जल्द ही पूर्ण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानपुर से शुरू हुई यह विकास यात्रा सिर्फ एक शहर की नहीं, बल्कि समूचे उत्तर प्रदेश की प्रगति की कहानी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यूपी आज सुरक्षा से लेकर समृद्धि तक हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

## प्रधानमंत्री ने चेताया: गिड़गिड़ाने वाला दुश्मन धोखे में ना रहे

# ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ: मोदी

कानपुर, वार्ता



■ कानपुर में हजारों करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

■ कहा: भारत में आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में तीन सूत्र स्पष्ट रूप से तय कर दिए हैं

पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानो पर सैन्य बलों की कार्रवाई की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार फिर पड़ोसी देश को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो दुश्मन गिड़गिड़ा रहा था, वह किसी धोखे में ना रहे, ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।

कानपुर में शुक्रवार को हजारों करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करते हुए मोदी ने कहा कि भारत में आतंक के खिलाफ अपनी लड़ाई में तीन सूत्र स्पष्ट रूप से तय कर दिए हैं। पहला, भारत हर आतंकी हमले का करारा जवाब देगा। उसका समय, जवाब देने का तरीका और जवाब देने की शर्तें हमारी सेनाएं खुद तय करेंगी। दूसरा, भारत अब एटम बम की गीदड़ भभकी से नहीं डरेगा और ना ही उसके आधार पर कोई फैसला लेगा। तीसरा, आतंक के आका और आतंक परस्त सरकार को भारत एक ही नजर से देखेगा। पाकिस्तान का स्टेट और नॉन स्टेट एक्टर का खेल अब नहीं चलने वाला है। अगर मैं सीधे-सीधे कनपुरिया भाषा में कहूं, तो दुश्मन कहीं भी हो, हौंक दिया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर 47 हजार 600 करोड़ रुपए की 15 विकास परियोजनाओं का उपहार दिया। मोदी ने चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन पर सजकर खड़ी मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन में वंचित वर्ग के बच्चों ने सफर तय किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक भी वितरण किया। उन्होंने कहा कि कानपुर में विकास का यह कार्यक्रम 24 अप्रैल को होने वाला था, लेकिन पहलगाम हमले के कारण मुझे अपना कानपुर द्वारा रद करना पड़ा। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में हमारे कानपुर के बेटे शुभम द्विवेदी भी इस बर्बरता का शिकार हुए। उनके परिवार की पीड़ा, कष्ट और आक्रोश हम सब महसूस कर सकते हैं। हमारी बेटियों, बहनों का वही आक्रोश ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने देखा है। हमने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों को घर में घुसकर, सैकड़ो मील अंदर जाकर तबाह कर दिया। हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम किया कि पाकिस्तान सेना को गिड़गिड़ा कर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा। स्वतंत्रता संग्राम की धरती से सेना के शौर्य को बार-बार सैल्यूट करता हूं। मैं फिर कहना चाहता हूं ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो दुश्मन गिड़गिड़ा रहा था, वह किसी धोखे में ना रहे, ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने भारत के स्वदेशी हथियारों और मेक इन इंडिया की ताकत भी देखी है। हमारे भारतीय हथियारों ने, ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मन के घर में घुसकर तबाही मचाई है। जहां टारगेट तय किया, वहां धमाके किए। यह ताकत हमें आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से मिली है। एक समय था जब भारत अपनी सैन्य जरूरतों के लिए, अपनी रक्षा के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था। हमने उन हालातों को बदलने की शुरुआत की। यह पूरे यूपी के लिए गर्व की बात है की डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भरता में वह बड़ी भूमिका निभा रहा है। जैसे कानपुर में पुरानी ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियां हैं, वैसी ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियों को हमने बड़ी आधुनिक कंपनियों में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि आज यूपी में देश का बड़ा डिफेंस कॉरिडोर बन रहा है। इस कॉरिडोर का कानपुर नोड रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत का बड़ा केंद्र है। एक समय यहां से पारंपरिक उद्योग पलायन कर रहे थे, वहां अब डिफेंस सेक्टर की बड़ी कंपनियां आ रही हैं। यहां पास में ही अमेठी में एके 20 राइफल का निर्माण शुरू हो चुका है। ऑपरेशन सिंदूर में जिस ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मनों को सोने नहीं दिया उस ब्रह्मोस मिसाइल का नया पता है उत्तर प्रदेश। भविष्य में कानपुर और यूपी, भारत को डिफेंस का नया एक्सपोर्टर बनाने में सबसे आगे रहेगे।

### पीएम ने पहलगाम आतंकी हमले में शहीद शुभम के परिजनों से की मुलाकात

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को कानपुर के चकेरी एयरपोर्ट पर पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाक. ात की। कानपुर को विकास परियोजनाओं की सौगात देने पहुंचे श्री मोदी ने एयरपोर्ट पर ही शुभम की पत्नी ऐशन्या, मां सीमा और पिता संजय द्विवेदी से करीब आठ मिनट तक बातचीत की। शुभम के चाचा मनोज द्विवेदी ने बताया कि मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री भावुक हो गए। इस दौरान ऐशन्या और शुभम के पिता की आंखों से आंसू निकल आए, जिन्हें देखकर प्रधानमंत्री ने उन्हें ढांढस बंधाया। श्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ चलाया जा रहा ऑपरेशन 'सिंदूर' रुका नहीं है, बल्कि यह आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि सरकार उनके साथ है और आगे भी मुलाकात होती रहेगी। शुभम द्विवेदी के परिजनों को नरवल एसडीएम की देखरेख में कार से चकेरी एयरपोर्ट लाया गया था।

# केन्द्र सरकार की विदेश नीति नाकाम: कांग्रेस

नई दिल्ल, वार्ता



■ किसी भी देश ने पाकिस्तान को आतंकी मुल्क नहीं माना, रूस ने भी पाक से एमओयू साइन किए: पवन खेड़ा

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने शुक्रवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर मोदी सरकार की विदेश नीति को नाकाम बताया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार की फेल डिप्लोमैसी और कमजोर विदेश नीति की वजह से भारत की छवि को नुकसान हुआ।

उन्होंने कहा कि कोई देश पाकिस्तान को आतंकी देश नहीं कह रहा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी किसी ने भी आपके समर्थन में बयान नहीं दिया। यहां तक कि रूस ने भी पाकिस्तान के साथ पुरानी स्टील मिल दोबारा शुरू करने के लिए एमओयू साइन किया है। अब इससे पाकिस्तान को रूस से 2.6 अरब डॉलर(21,660 करोड़ रुपए) मिलेंगे।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा, शुक्रवार (16 मई) सुबह संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजि. जू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बात की थी। उन्होंने विदेश भेजे जाने वाले डेलिगेशन के लिए 4 सांसदों का नाम मांगा था। कांग्रेस ने आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और राजा बरार के नाम दिए थे। जयराम ने बताया कि 16 मई को दोपहर तक, राहुल गांधी ने संसदीय कार्य मंत्री को पत्र लिखकर कांग्रेस की ओर से 4 नाम दिए थे। थरूर ने कहा था- सम्मानित महसूस कर रहा हूं दूसरी तरफ, शशि थरूर ने डेलिगेशन का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी मिलने पर केंद्र का आभार जताया। उन्होंने एक्स पर लिखा, ह्मैं हाल की घटनाओं पर हमारे देश का ख्रष्टिकोण रखने के लिए पांच प्रमुख देशों की राजधानियों में एक सर्वदलीय डेलिगेशन का नेतृत्व करने के लिए भारत सरकार के निमंत्रण से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। जब राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की जरूरत होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा। कांग्रेस ने कहा था- थरूर ने लक्ष्मण रेखा पार की दिल्ली में 14 मई को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हुई थी।

## अर्थ व्यापार

# चौतरफा बिकवाली के दबाव से बाजार में गिरावट

मुंबई, वार्ता



भारत में समाप्त वित्त वर्ष के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के जारी होने वाले आंकड़े को लेकर निवेशकों की सतर्कता बरतते हुए की गई चौतरफा बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 182.01 अंक टूटकर 81,451.01 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 82.90 अंक की गिरावट लेकर 24750.70 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 0.39 प्रतिशत लुढ़ककर 45,136.35 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.17 प्रतिशत बढ़कर 52,413.25 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4119 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2160 में बिकवाली जबकि 1826 में लिवाली हुई, वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2955 कंपनियों के शेयरों में से 1581 में गिरावट जबकि 1299 में तेजी रही, वहीं 75 में टिकाव रहा।

बीएसई में बैंकिंग, इंडस्ट्रियल्स, वित्तीय सेवाएं और कैपिटल गुड्स की 0.62 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 17 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे कमोडिटीज 1.14, सीडी 0.39, ऊर्जा 0.70, एफएमसीजी 0.45, हेल्थकेयर 0.26, आईटी 1.05, दूरसंचार 0.79, यूटिलिटीज 1.09, ऑटो 0.91, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.03, धातु 1.68, तेल एवं गैस 1.06, पावर 0.31, रियल्टी 0.67, टेक 0.99, सर्विसेज 0.53 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.14 प्रतिशत गिर गए।

वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.78 और जर्मनी का डैक्स 0.95 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं जापान का निक्केई 1.22, हांगकांग का हैंगसेंग 1.20 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.47 प्रतिशत लुढ़क गया। कारोबार की शुरुआत सेंसेक्स 167 अंक का गोता लगाकर 81,465.69 अंक पर खुला, लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,698.21 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### काष्ठ उत्पादों के निर्माण और निर्यात में चीन को पछाड़ सकता है भारत

**सहारनपुर।** काष्ठ उत्पादों के निर्माण के लिए विख्यात सहारनपुर के निर्यातकों का मानना है कि पुरातन काष्ठ कला के मनमोहक उत्पादों के निर्माण और निर्यात के मामलों में भारत चीन को पछाड़ने की कुव्वत रखता है। जिले के एक निर्यातक असलम सैफी ने बातचीत में यह दावा करते हुए कहा कि चीन दो वजह से काष्ठ उत्पादों के निर्यात में दुनिया में अपना रुतबा रखता है। पहला यह कि उसके उत्पाद सस्ते होते हैं क्योंकि उन पर लागत कम आती है। दूसरा वहां श्रम सस्ता है और करों और लालफीताशाही का शिकंजा नहीं है। ऐसे में विश्व बाजार में चीन को चुनौती देना बेहद मुश्किल हो रहा है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों में गिरावट आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से शुक्रवार दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 41 रिंगिट की गिरावट के साथ 3838 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.23 सेंट लुढ़ककर 47.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल- दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रह:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 9000-9100 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15824 रुपए, मूंगफली तेल 17582 रुपए, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए, सोया रिफाइंड 14871 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16190 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

# बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा उत्तर प्रदेश

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में शुक्रवार को एक नया इतिहास रचा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कानपुर में प्रदेश को 44,000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली तापीय विद्युत परियोजनाओं की सौगात दी।

इन परियोजनाओं से प्रदेश में न सिर्फ 24.89 प्रतिशत उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि इससे औद्योगिक, कृषि और सामाजिक विकास को नई ऊर्जा मिलेगी। इन परियोजनाओं से प्रदेश की उत्पादन क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि होगी, जो प्रदेश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में अहम योगदान देगा। उत्तर प्रदेश अब ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि उत्पादक राज्य के रूप में उभर रहा है। इन तापीय परियोजनाओं के शुभारंभ से प्रदेश को बड़े लाभ होंगे। सबसे महत्वपूर्ण लाभ बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को लेकर होगा। 2017 तक उत्तर प्रदेश की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 15,916 मेगावाट थी। योगी सरकार ने इसे बढ़ाकर 24,868 मेगावॉट तक पहुंचा दिया है और इस वर्ष के अंत तक यह क्षमता 27,184 मेगावॉट हो जाएगी। सभी नई परियोजनाओं में सुपरक्रिटिकल तकनीक का उपयोग किया गया है, जिससे कम कोयले में ज्यादा बिजली बनती है। इससे कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आई है और पर्यावरण संरक्षण को बल मिला है। इन परियोजनाओं से प्रदेश के राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। नई परियोजनाओं से उत्पादित बिजली का 75.11 प्रतिशत हिस्सा उत्तर प्रदेश में और 24.89 प्रतिशत असम को भेजा जाएगा। इससे प्रदेश को राजस्व प्राप्त होगा और ऊर्जा वितरण में संतुलन बनेगा। इसका लाभ हर वर्ग को मिलेगा। बिजली आपूर्ति की मजबूती से कृषि कार्यों, घरेलू उपभोक्ताओं और औद्योगिक इकाइयों को सीधा लाभ मिलेगा। सिंचाई सस्ती होगी, फैक्ट्रियों का उत्पादन बढ़ेगा और घरों में निर्बाध बिजली उपलब्ध होगी।

## जीआरडी कॉलेज के अन्तरया 2025

# जीआरडी कॉलेज का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव अन्तरया आज से होगा आयोजित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** राजधानी के प्रतिष्ठित मैनेजमेंट एवं इंजीनियरिंग कॉलेज गुरु राम दास इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी देहरादून का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव अन्तरया-2025, 31 मई एवं 1 जून को धूम धाम से आयोजित होगा।

वार्षिक उत्सव की पूर्व संध्या पर प्रेस से रूबरू होकर संस्थान से वाइस चेयरमैन इंदरजीत ने कहा कि वार्षिक उत्सव के दौरान जहां एक ओर सैकड़ों छात्र छात्राएं अपने नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स एवं मॉडल्स प्रदर्शित करेंगे वही शिक्षा, खेलकूद एवं सांस्कर्तिक कार्यकर्मो में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने वाले लगभग 600 छात्र-छात्राएं सम्मानित किए जाएंगे। वही फेमस बॉलीवुड सिंगर आकांक्षा शर्मा एवं डी. जे. हैरी अपनी लाइव परफॉरमेंस से युवा वर्ग थिरकने को मजबूर कर देंगे। उन्होंने सफल छात्रों से अपने अर्जित ज्ञान का उपयोग मानव कल्याण के लिए करने को प्रेरित किया।



■ उत्सव में छात्र-छात्राओं के तकनीकी मॉडल्स होंगे प्रदर्शित, मेधावी छात्र को सम्मान एवं बॉलीवुड सिंगर

वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए संस्थान के महा निदेशक डॉ. पंकज चौधरी ने कहा कि आज का युवा वर्ग उत्साह एवं मेधा से परिपूर्ण है और इस तरह के आयोजन उनके लिए सफलता की नई राहें खोलते हैं एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देते है! उन्होंने बताया कि संस्थान के छात्र-छात्राएं एक तरफ जहां विश्व. विद्यालय की मेरिट लिस्ट में इस वर्ष सबसे अधिक 5 मैडल प्राप्त किए वही देश-विदेश की नामी गिरामी सैकड़ों बहुराष्ट्रीय कम्पनीज की भी पहली पसंद बन रहे है। निजी क्षेत्र में बंपर सफलता के साथ-साथ जीआरडी के छात्र-छात्राएं अब सरक. ारी नौकरियों में भी झंडे गाड़ रहे है। इस वर्ष भी संस्थान के सिविल इंजी. नियरिंग के 26 छात्र-छात्राओं ने उत्तराखंड में बतौर सरकारी अभियंता की नियुक्ति पाकर जीआरडी का परचम लहरा दिया है!

सस्थान के पर्यासो को सरकार से भी निरंतर प्रोहत्सान मिल रहा है एवं शासन ने नवाचार एवं उद्योगों की आधुनिकतम आवस्यकताओ पर आधारित कई नए कोर्स इस वर्ष प्रारम्भ करने के लिए अनुमति दी है। दो दिवसीय वार्षिक उत्सव में शिक्षा एवं इंडस्ट्री के कई जाने माने विशेषज्ञ प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर सस्थान के वाईस चेयरमैन सरदार इंद. रजीत सिंह ओबेराय, सरदार प्रबजी ओबेराय, महा निदेशक डॉ. पंकज चौधरी, सभी शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहेंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ग्रेटर नोएडा में औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की बड़ी योजना

## मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क का मार्ग भी प्रशस्त

■ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'उद्यम प्रदेश' के विजन को साकार करने के लिए ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने शुरू की प्रक्रिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को 'वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था' बनाने की दिशा में तेज़ी से अग्रसर योगी सरकार ने ग्रेटर नोएडा में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एक विस्तृत भू-आवंटन योजना शुरू की है। मुख्यमंत्री योगी के विजन को मिशन मानते हुए ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने इकोटेक, उद्योग केन्द्र और उद्योग विहार सहित कई औद्योगिक सेक्टर्स में कुल चालीस औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया आरंभ की है। इस योजना के अंतर्गत चार सौ पचास से लेकर आठ हज़ार वर्ग मीटर क्षेत्रफल तक के औद्योगिक प्लॉट उपलब्ध कराए जाएंगे, जिनका आरक्षित मूल्य प्रति वर्ग मीटर अठाइस हज़ार छह सौ से तैंतीस हज़ार नौ सौ पचास रुपये के बीच निर्धारित किया गया है। भूखंडों का पोज़ेशन तीस दिन के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही, दादरी के समीप मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क की स्थापना हेतु बल्क लैंड अलॉटमेंट की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी ई योजना में आवेदन करने वाले इकाई-स्थापक कुल दो सौ बयालीस श्रेणियों के अंतर्गत औद्योगिक इकाइयां स्थापित कर सकेंगे। हालांकि, डिस्टिलरी, पेट्रो केमिकल्स और उर्वरकों जैसे सत्ताईस उद्योगों को योजना में सम्मिलित नहीं किया गया है, जबकि डाई, ब्लीचिंग समेत पांच उद्योगों को सीमित अनुमति दी जा सकती है। इन भूखंडों पर अगरबत्ती, हस्तशिल्प, इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पोनेंट्स जैसी विविध उत्पाद निर्माण इकाइयों की स्थापना की जा सकेगी। इसके लिए ब्रोशर डाउनलोड की सुविधा आरंभ हो चुकी है। आवेदन हेतु पंजीकरण की अंतिम तिथि सोलह जून, पंजीकरण शुल्क, ईएमडी और प्रोसे. सिंग फीस जमा करने की अंतिम तिथि अठारह जून, तथा अंतिम सबमिशन की तिथि बीस जून निर्धारित की गई है।

भूखंडों का आवंटन ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। प्रमुख सेक्टर्स जिनमें यह आवंटन किया जाएगा, वे हैं, इकोटेक-एक्स, इकोटेक -तीन, उद्योग केन्द्र एक्सटेंशन- एक, इकोटेक -एक एक्स टेंशन, इकोटेक-दो, उद्योग विहार एक्सटेंशन, इकोटेक-छह ब्लॉक बी तथा इकोटेक-एक्स। अधिक जानकारी के लिए ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण और निवेश मित्र पोर्टल देखा जा सकता है। उद्योगिकरण के साथ-साथ लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को बढ़ावा देने हेतु ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने दादरी के समीप मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) की स्थापना के लिए विशेष योजना प्रारंभ की है।

# भारतीय सेना ने चार दिन में नौ आतंकी ठिकानों और ग्यारह एयरबेस को किया ध्वस्त: एयर मार्शल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सैनिक विभाग के चेयरमैन, एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) अशोक कुमार गोयल ने कहा है कि भारतीय सेना की निर्णायक कार्रवाई ने एक बार फिर यह सि) कर दिया है कि भारत की रक्षा शक्ति पूर्णत: आत्मनिर्भर और सशक्त है।

उन्होंने बताया कि छह-सात मई की रात्रि से लेकर दस मई तक, कुल चार दिनों के भीतर भारतीय सेना ने पाकिस्तान में मौजूद नौ आतंकी ठिकानों को पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया। इस सैन्य अभियान के प्रतिशोध में पाकिस्तानी सेना ने तोपों, मोर्टारों, ड्रोन और मिसाइलों के साथ-साथ चीन द्वारा प्रदत्त फाइटर जेट्स से हमला किया, लेकिन भारतीय वायुसेना ने इसका करारा जवाब देते हुए पाकिस्तान के ग्यारह प्रमुख एयरबेस को भी ध्वस्त कर दिया। गोयल ने कहा कि भारतीय सेना हर विदेशी आक्रमण का माकूल जवाब देने में सक्षम है, जिसका प्रमाण 1965 और 1971 के युद्धों में अमे. रिका समर्थित पैटन टैंकों और सैबर जेट विमानों के विनाश में देखा गया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, देश पर किसी भी प्रकार के विदेशी आक्रमण या खतरे की स्थिति में भारत सरकार के साथ खड़ी है। साथ ही उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी द्वारा उठाए गए पांच महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भारत सरकार से तत्काल स्पष्टीकरण की मांग की।

राहुल गांधी की ओर से प्रमुख मांग की गई है कि प्रधानमंत्री संसद का विशेष अधिवेशन बुलाएं, जैसा कि 1962 में भारत-चीन युद्ध और 1965/71 में भारत-पाक युद्ध के समय आहूत हुआ था। दूसरा सवाल यह है कि वायुसेना के निर्धारित 42 स्क्वैड्रनों की संख्या को युद्ध स्तर पर पूरा करने के लिए सरकार क्या ठोस प्रयास कर रही है। तीसरा बिंदु यह है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को चार तथाकथित विद. ेशी आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष पर्यटकों की नृशंस हत्या की गई, किन्तु अब तक वे पकड़े क्यों नहीं गए हैं। चौथी आपत्ति प्रधानमंत्री द्वारा भारतीय वायुसेना के पायलट की वर्दी और राफेल विमान के चित्रों को राजनीतिक प्रचार में इस्तेमाल करने पर उठाई गई है। और अंतत: यह सवाल रखा गया है।

# साप्ताहिक परेड की एसपी ने ली सलामी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन मैदान में परेड का आयोजन किया गया। इस परेड की सलामी पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने ली। पुलिस अधीक्षक ने परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ -सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने को कहा।

वहीं नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन रखने हेतु निर्देशित किया गया। परेड निरीक्षण के उपरांत एसपी ने क्वार्टर गार्द, आर्मरी, स्टोर, कैन्टीन, परिवहन शाखा, यातायात कार्यालय, यूपी 112 पीआरवी, मेस, बैरक, यातायात कार्यालय, आवासीय परिसर आदि सभी शाखाओं का निरीक्षण किया। तत्पश्चात आदेश कक्ष में अर्दली रूम के दौरान संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। गार्द कमांडरों व विभिन्न शाखाओं के रजिस्टरों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

समस्त रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा आगामी जेटीसी/आरटीसी के परिपेक्ष्य में मूलभूत सुविधाओं/व्यवस्थापन हेतु बैरकों एवम् साफ सफाई आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन्स श्री अमन सिंह एवं प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवबालक वर्मा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बहराइच में सपा ने अपनी ताकत का किया प्रदर्शन

**बहराइच।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने बहराइच में भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर मोर्चा खोला। बैठक में राष्ट्रीय व जिला पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे, और माहौल ऐसा था जैसे 2027 का चुनाव अभी से ही शुरू हो गया हो। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में पार्टी के प्रदेश प्रभारी राजेश चंद्रा ने कहा कि जनता अब डबल इंजन सरकार की झूठी योजनाओं और खोखले वादों से थक चुकी है। भाजपा का चेहरा पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनेगी, यह केवल सपना नहीं, जनता का निर्णय है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सजग और सक्रिय रहने का आहन किया और कहा कि अब लड़ाई मैदान में उतरने का समय है। समाजवादी हर मोर्चे पर तैयार हैं और जनता के साथ मिलकर बदलाव लाएंगे। पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव ने भाजपा और स्थानीय विधायक की स्थिति को स्पष्ट रूप से खोलते हुए कहा कि जनता अब जान चुकी है कि विधायक ने अपने क्षेत्र का नहीं, बल्कि अपने स्वार्थ का विकास किया है। चहेते ठेकेदारों का गुलाम है और क्षेत्र नशे के कारोबार में लिप्त है। पयागपुर में अपराध औरभ्रष्टाचार का गठबंधन स्पष्ट रूप से दिख रहा है। उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष की बर्खास्तगी का मामला भी उठाया और कहा कि सरकार ने विकास को रोकने की साजिश रची, लेकिन न्यायपालिका ने सच का प्रकाशन किया। सबके अनुसार असली हालात सबके सामने हैं।

### अधिकारी के साथ मारपीट के सूत्र का लगाएं पता: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आईआरएस अधिकारी के साथ मारपीट की घटना को लेकर कहा कि यह पता लगाया जाना चाहिये कि मारपीट की घटना के तार किससे जुड़े हैं। श्री यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा कि भाजपा सरकार में अब तक पुलिस बनाम पुलिस हो रहा था, अब अधिकारी बनाम अधिकारी हो रहा है। लखनऊ में एक आईआरएस अधिकारी को बंधक बनाकर एक इनकम टैक्स अधिकारी द्वारा पीटे जाने का मामला सामने आया है। इसकी जांच हो और पता किया जाए कि एक आईपीएस अधिकारी के पति के साथ ऐसी घटना क्यों घटी और इसके सूत्र किस-किस से जुड़े हैं। गौरतलब है कि आयकर विभाग में आज आईआरएस अधिकारी गौरव गर्ग के साथ मारपीट की गयी। उन्हे सिविल अस्पताल ले जाया गया।

### नशेबाजी का विरोध कर रही महिला की हत्या

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश में पीलीभीत जिले के पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र में एक महिला की चाकू मार कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि मोहल्ला हबीबगंज गोटिया निवासी ऊषा देवी (45) कारगिल पेट्रोल पंप के पास स्थित बाग में अपनी बेटी सपना से मिलने जा रही थीं।

# मेकांग-गंगा देशों के 50 प्रतिनिधि करेंगे प्रदेश के बौद्ध स्थलों का भ्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग विदेश मंत्रालय के सहयोग से मेकांग-गंगा सहयोग (एमजीसी) कार्य योजना (2019-2024) के तहत दो से सात जून तक 'बोधि यात्रा[ नाम से एक फैम ट्रिप (फैमिलियराइजेशन ट्रिप) का आयोजन किया जा रहा है।

इस यात्रा में कम्बोडिया, लाओ पीडीआर, म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम जैसे पांच आसियान देशों के 50 प्रतिनिधि भाग लेंगे, जिनमें ट्रैवल एजेंट्स, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बौद्ध भिक्षु शामिल हैं। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश वह भूमि है जिसे भगवान बुद्ध ने अपनी कर्मस्थली चुना और मानव कल्याण के उपदेश दिए। उनका उपदेश सर्वकालिक है और आज की परिस्थितियों में अत्यधिक प्रासंगिक है। संसार में युद्ध के बादल मण्रा रहे हैं, ऐसी स्थिति में विश्वशांति का मार्ग भगवान बुद्ध दर्शन से ही प्राप्त होता है। पर्यटन विभाग इस पहल के जरिए न केवल बौद्ध विरासत को बघवा दे रहा है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटन सहयोग और सांस्कृतिक संबंधों को भी सशक्त बनाना चाहता है। उन्होंने कहा कि यह बोधि यात्रा विभिन्न देशों के मध्य सांस्कृतिक संबंधों को प्रगाप्ट करेगी। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के भगवान बुद्ध से जुप्ते पवित्र स्थलों को वैश्विक मंच प्रदान करेगी। श्री सिंह ने बताया कि 'बोधि यात्रा' में प्रत्येक देश से 10 प्रतिभागियों का चयन उनके संबंधित सरकार द्वारा किया गया है। यात्रा का समापन 07 जून को सारनाथ में होगा, जहां बिहार पर्यटन विभाग इन प्रतिनिधियों का स्वागत करेगा। बिहार के प्रमुख बौद्ध स्थलों की यात्रा की शुरुआत होगी। प्रदेश सरकार के सांस्कृतिक और पर्यटन संवर्धन प्रयासों के तहत अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल छह दिवसीय यात्रा के दौरान प्रदेश के प्रमुख बौद्ध स्थलों की यात्रा करेगा। इस यात्रा में प्रतिनिधि विश्व प्रसिद्ध छह बौद्ध स्थलों श्रावस्ती, कपिलवस्तु, कुशीनगर, सारनाथ, वाराणसी और लखनऊ सहित आगरा काभ्रमण करेंगे।

# भाजपा असल मुद्दों से भागती है, जनता का ध्यान भटकाने में माहिर है: लोकदल

**लखनऊ।** भारतीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया है कि भाजपा जनजीवन से जुड़े मुद्दों से चर्चा करने के बजाय जनता का ध्यान भटकाने की तरकीबों का इस्तेमाल करती है। उन्होंने कहा कि देशभर में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है, गरीब भूखों मर रहे हैं, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार पूंजीपतियों और कारपोरेट घरानों को बढ़ावा देने में व्यस्त है। सुनील सिंह ने कहा कि भाजपा के पास जनता को देने के लिए कोई ठोस नीति या समाधान नहीं है। उसने जनहित के सवालों से लगातार बचाव की रणनीति अपनाई है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भाजपा कभी किसानों को समर्थन मूल्य देने की बात नहीं करेगी, न ही बेरोजगारी और महंगाई पर कोई संवाद खोलेगी। वह केवल भारत-पाकिस्तान, हिंदू-मुस्लिम, जातीय तनाव, और 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' जैसे विषयों को उठाकर आमजन के मुद्दों से भटकाने का कार्य करती है। उन्होंने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वह भी सिर्फ बदलाव की बात करती है।

# काशी में मंदिर की वजह अहिल्याबाई होल्कर: बीएल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने धर्म-संस्कृति के पुनरुत्थान के लिए बहुत बड़ा योगदान दिया। काशी में यदि मंदिर है तो उसका एकमात्र कारण अहिल्याबाई होल्कर हैं। यदि वे नहीं होतीं तो काशी में मंदिर का यह रूप नहीं देख सकते थे।

डॉ- राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में आयोजित 'पुण्यश्लोक' पूज्य देवी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025 को संबोधित करते हुये श्री संतोष ने कहा कि मणिकर्णिका घाट के निर्माण में उनका बड़ा योगदान है। हरिद्वार, प्रयाग, अयोध्या में सरयू घाट का निर्माण अहिल्याबाई होल्कर ने किया। सोमनाथ, कांची, रामेश्वरम, भीमाशंकर, श्रीशैलम में इन्होंने धर्मशालाओं का निर्माण, पीने के पानी, भंडारा की व्यवस्था की। पुजा. रियों के पूजा की जो व्यवस्था की, वह आज भी चालू है। बीएल संतोष ने अहिल्याबाई होल्कर के आदर्श को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन, साधना, कृतित्व, समाज, किसानों, महिलाओं, आर्थिक व्यवहार, पड़ोसी राज्यों के साथ मिलकर भी बहुत पुण्य का कार्य किया। अहिल्या बाई होल्कर के जीवन की हर पंक्ति पुण्यश्लोक जैसी है। उनकी कहानी सुनते-सुनते बड़े-बड़े इतिहासकारों ने अहिल्याबाई होल्कर को रानी, लो. कमाता, लोकमंगल, प्रजावत्सला के बाद पुण्यश्लोक भी लिखा। संतोष ने कहा कि देश का दुर्भाग्य है कि हमने स्कूल-कॉलेज में अहिल्याबाई के बारे में नहीं पढ़ा। शासन करने वाले लोगों ने लंबे समय तक शिवाजी, महाराणा प्रताप, अहिल्याबाई होल्कर के बारे में पाठ्यक्रम में आने नहीं दिया। देश में 300 साल पहले जब महिला सशक्तिकरण का नाम ही नहीं था, तब एक रानी ने इतना बड़ा काम किया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर को आज मिजा. ेरम, मेघालय से लेकर कर्नाटक, अंडमान निकोबार, केरल तक लोग याद कर रहे हैं। मुरादाबाद, उत्तराखंड, कर्नाटक में उनकी प्रतिमा स्थापित हुई। अहिल्याबाई होल्कर ने जीवन में दुख सहते हुए भी प्रजा की सेवा की। भाजपा के संगठन महामंत्री ने कहा कि आठ वर्ष की आयु में उनका विवाह हुआ। अल्पायु में ही पति, ससुर, बेटे, बेटी, दामाद को खोने के बाद उन्होंने खुद को संभाला। उन्होंने कहा कि यदि अच्छे ढंग से राज्य को नहीं संभाला तो प्रदेश अनाथ हो जाएगा। फिर अपने आप को संभालते हुए नर्मदा तट पर महेश्वर को राजधानी बनाई। उन्होंने राज्य नहीं चलाया, बल्कि प्रशासन चलाया। उन्होने कहा कि होल्कर ने महिलाआ. े, किसानों, सिंचाई, व्यापार, आर्थिकी बढ़ाने और कारीगरों के लिए बहुत कार्य किया। हजारों कारीगरों को एकत्र कर माहेश्वरी ब्रांड क्रिएट किया और माहेश्वरी साड़ी को विश्व प्रसिद्ध किया। सिंचाई, सेना, पड़ोसी राज्यों के संबंध में उनके द्वारा किए गए कार्य अतुलनीय रहे। संतोष ने महाराष्ट्र सरकार के रेवेन्यू डिपार्टमेंट में (7 बार12) के सिस्टम के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जिनके पास जमीन नहीं थी, अहिल्याबाई होल्कर उन्हें अपने राज्य की जमीन देती थीं। रानी का नियम था कि इस पर 12 पेड़ लगाना ही चाहिए। इसका परीक्षण भी किया जाता था। पांच-छह साल में उस पेड़ से कुछ मिलना शुरू होता था। वे कहती थीं कि सात पेड़ की उत्पत्ति उस घर की है, लेकिन पांच से होने वाली उत्पत्ति टैक्स के कारण राज्य को देनी चाहिए। उनकी प्रथा न्याय से परिपूर्ण थी। श्री संतोष ने बताया कि इंदौर के पास उनके समय की सिंचाई व्यवस्था की चर्चा की। बोले कि हमारी सरकार यूपी में क्रॉप डायवर्टिफिकेशन की बात करती है, लेकिन अहिल्याबाई होल्कर ने 300 साल पहले इसकी बात की। उन्होंने किसानों की सुरक्षा, समृद्धि के लिए बहुत कार्य किया। ब्रिटिश वायसराय ने उनकी प्रशंसा की। वे पड़ोसी राज्यों के साथ अच्छे संबंध रखती थीं। संवाद के जरिए महिला कल्याण, विधवाओं के लिए उन्होंने अनेक प्रशंसनीय कार्य किया। अहिल्याबाई की साथी रेणुका देवी विधवा थी, लेकिन उन्होंने उनकी शादी कराई। विधवा महिला किसी को गोद ले सकतीं, संपत्ति को किसी को दे सकती हैं। उन्होंने टैक्स भी समान कर दिया। उन्होने कहा कि सप्तपुरी, चार धाम, द्वादश ज्योतिर्लिंग यानी इन 23 स्थानों पर अहिल्याबाई होल्कर ने अनेक कार्य किया। उन्होंने समाज का सहयोग लेते हुए बड़ा उदाहरण प्रस्तुत किया है। मोदी-योगी भी उसी विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। महिला सशक्तिकरण, महिला भागीदारी के साथ ही महिला नेतृत्व का भी विकास हो रहा है।

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की याद में कार्यक्रम आयोजित

■ खैराबाद और सीता. पुर नगर पालिका में हुए कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत नगर पालिका सम्मेलन सीतापुर के स्थानीय गेस्ट हाउस व खैराबाद के नगर पालिका परिसर में किया गया। दोनों नगर पालिका सम्मेलनों में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने की। सीतापुर नगर पालिका सम्मेलन में कार्यक्रम के संयोजक नगर अध्यक्ष पंकज पांडे रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला व नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी द्वारा



मां अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्पांजलि की गई। हमारी मातृशक्ति उनके द्वारा किए गए कार्यों को आत्मसात करके भारत को विश्व का सिरमौर बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगी। भाजपा सदैव ही महापुरुषों के सम्मान के साथ खड़ी है और उसका लक्ष्य है कि भारत का जन- जन अपने इतिहास को जाने और माता अहिल्याबाई होलकर के योगदान के विषय में सभी लोग व्यक्तिगत तौर से जाने। जिससे आने वाली पीढ़ी को राष्ट्र प्रेम की ऊर्जा प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी 21 मई से 31 मई तक माता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में निरंतर अभियान के तहत कार्यक्रम कर रही है और यह उनके सम्मान के साथ-साथ भारत का सम्मान भी है। सनातन का सम्मान भी माता ने सनातन के लिए बहुत सारे कार्य किए थे। जिसे प्रत्येक सनातन प्रेमी को जानना चाहिए। उन्होंने नगर पालिका सम्मेलन में उपस्थित लोगों से अभियान को सफल बनाने का आवाहन किया।

नगर पालिका सम्मेलन का आयोजन खैराबाद नगर पालिका प्रांगण में भी किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक एवं जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला उपस्थित रहे कार्यक्रम के आयोजन नगर पालि. का अध्यक्ष बेबी गुप्ता एवं उनके प्रति. निधि अभिषेक गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर पुण्य श्लोक माता अहिल्याबाई होलकर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता, मुनीन्द्र अवस्थी, संजय मिश्रा ,राजन गुप्ता, राहुल जायसवाल, जया सिंह, सागर गुप्ता , अशोक राठौर आदि भाजपा के कार्यकर्ता पदाधिकारी समर्थक उपस्थित रहे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के जरिए 'लैब टू लैंड' को साकार करने में अग्रणी बनेगी योगी सरकार

■ पचास लाख किसानों को जोड़ने का लक्ष्य, कृषि विज्ञान केंद्रों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने की पहल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** 'लैब टू लैंड' के बहुप्रतीक्षित संकल्प को ज़मीन पर उतारने की दिशा में योगी सरकार विकसित कृषि संकल्प अभियान के जरिए एक मिसाल कायम करने जा रही है। केंद्र सरकार की पहल पर मई से जून तक चलने वाले इस राष्ट्रीय अभियान का उद्देश्य देशभर के एक करोड़ पचास लाख किसानों तक आधुनिक ख्रषि तकनीकों और योजनाओं की पहुंच बनाना है।

इसमें उत्तर प्रदेश सरकार ने खुद के लिए पचास लाख किसानों को जोड़ने का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तय किया है, जो केंद्र के कुल लक्ष्य का एक तिहाई हिस्सा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने मई को लोकभवन, लखनऊ में स्वयं इस अभियान का उद्घाटन किया और कृषि विभाग के अधिकारियों, विशेषकर एक्सटेंशन कर्मियों को इसके सफल संचालन हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसानों को तकनीक, प्रशिक्षण और योजनाओं की जानकारी देना सरकार की प्राथमिकता है और यह अभियान उसकी दिशा में महत्वपूर्ण कड़ी है। दरअसल, खेती से जुड़ी शोध -प्रयोगशालाओं के निष्कर्ष सीधे खेतों तक पहुंचाना ही 'लैब टू लैंड' का उद्देश्य है, जिसके लिए एक्सटेंशन कार्यक्रमों को लगातार सशक्त किया जा रहा है।

किसान कल्याण केंद्रों, मिलियन फार्मर्स स्कूलों के अंतर्गत न्याय पंचायत स्तर पर चल रही किसान पाठशालाओं और ख्रषि उत्पादकता गोष्ठियों ने इस दिशा में पहले ही प्रभावशाली भूमिका निभाई है। अब इसी क्रम में यह अभियान गति देने जा रहा है। प्रदेश भर में स्थित ख्रषि विज्ञान केंद्र (केवीके) इस कार्यक्रम की रीढ़ हैं। योगी सरकार के कार्यकाल में इन केंद्रों की संख्या तक पहुंची है, जबकि पहले कई जिलों में ये थे ही नहीं। अब अगले चरण में इन्हें क्रमशः सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बदला जा रहा है। अभियान के अंतर्गत किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत तकनीकों, प्राख्रतिक खेती के लाभ, उन्नत बीजों के प्रयोग, बीज शोधन, मिटी स्वास्थ्य सुधार, सहफसली खेती, ड्रिप-स्प्रिंकलर सिंचाई, ड्रोन तकनीक और औद्यानिक फसलों की गुणवत्ता बढ़ाने जैसे विषयों पर जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा और फार्मर रजिस्ट्री जैसी योजनाओं के पंजीकरण व लाभों की जानकारी भी दी जाएगी। इस व्यापक अभियान में ख्रषि विभाग के साथ पशुपालन, उद्यान, मत्स्य, सिंचाई, सहकारिता सहित खेतीबाड़ी से जुड़े सभी विभागों के अलावा राज्य के ख्रषि विश्वविद्यालयों और केंद्र सरकार की संस्थाओं की भी भागीदारी सुनिश्चित की गई है। यह अपेक्षा की जा रही है कि यह पहल खरीफ सीजन में किसानों को तात्कालिक लाभ तो देगी ही, दीर्घकालिक रूप से राज्य की कृषि संरचना को भी सशक्त बनाएगी।

# नगर पालिका कर्मचारियों ने जाम लगाकर किया प्रदर्शन

## साथी कर्मचारी की मौत से पालिका कर्मी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के प्रधान डाकघर के करीब गुरुवार की देर रात नगर पालिका कर्मी अंकुल उम्र 38 वर्ष को एक कार ने टक्कर मार दी थी। इस हादसे में अंकुल गंभीर रूप से घायल हो। हादसे के बाद कार चालक कार समेत मौके से फरार हो गए।

इधर घायल अंकुल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शुक्रवार को जब शव सीतापुर पहुंचा, तब नाराज नगर पालिका कर्मचारियों ने शहर के लालबाग स्थित अटल चौक पर जेसीबी व अन्य वाहनों को लगाकर जाम लगा दिया। प्रदर्शनकारी इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि जिस कार ने अंकुल को टक्कर मारी है, उस कार पर विधायक का पास लगा था ।मौके पर शहर कोतवाल अनूप शुक्ला,



सीओ सिटी अमन सिंह पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों को समझाते हुए जाम को खत्म करा दिया है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ के केस दर्ज कर लिया है।

# चोरी की बाइकों के साथ युवक गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** कोतवाली महोली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर महोलीय कोतवाली क्षेत्र के चमखर रेलवे लाइन के निकट छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने महोलीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चमखर निवासी सूरज पुत्र संतोष कुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि सूरज शातिर वाहन चोर है। उसका हाल पता देहात कोतवाली क्षेत्र का ग्राम भगवानपुर है। पुलिस ने उसके पास से चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद की हैं। पुलिस का कहना है कि उसने बाइकों को महिला अस्पताल के करीब से चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पत्रकारिता दिवस पर काव्य गोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्व. विद्यालय में 'हिन्दी पत्रकारिता दिवस' पर साहित्यिक संस्था 'मधुरम' के संयुक्त तत्वाधान में भव्य काव्य संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से पधारे दो दर्जन से अधिक कवियों/कवियत्रियों, शायरों ने देश में लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ 'मीडिया' के सम्मान में एक से बढ़कर एक रचनाएं पेश करते हुए 'मीडिया' को सरकार एवं आमजनमानस के बीच का 'सेतु' करार दिया। इस अवसर पर संस्थान प्रबंधन की ओर से देश के विभिन्न हिस्सों से पधारे कवियो एवं

**■ श्री वेंक्टेश्वरा विवि में कार्यक्रम का आयोजन**

साहित्यकारों को शॉल, स्मृति चिन्ह, तुलसी माला, पटका एवं पगड़ी भेट करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डॉ.सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, मधुरम की अध्यक्षा एवं महाकवियत्री डॉ.मधु चतुर्वेदी, डॉ.चेतन आनन्द, रेडियो आरजे डॉ.नीरजा चतुर्वेदी, कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे आदि ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। महाकवयित्री डॉ.मधु चतुर्वेदी ने पढ़ा कि, 'न दुनिया को जीत पाये जो, सिकन्दर हो नहीं सकता। बिना अभ्यास के कोई धुरन्धर हो नहीं सकता। जरा सी बाढ़ आते ही, लगे जो तोड़ने सीमा, वो कोई ताल है उथला, समन्दर हो नहीं सकता।' विख्यात शायर गोविन्द गुलशन, हापुड़ से पधारे कवि डॉ.अनिल बाजयेयी, डॉ. नीरजा चतुर्वेदी ने भी रचनापाठ करें। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. पीयूष पाण्डेय, डीन ऐकेडमिक डॉ. राजेश सिंह, डॉ.आरएस शर्मा, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ.स्नेहलता गोस्वामी, डॉ.अंजलि भारद्वाज, डॉ. योगेश्वर सिंह, डॉ. अनिल जयसवाल, डॉ.आशुतोष, डॉ.एसएन साहू, डॉ.धीरज दुबे, डॉ.ओमप्रकाश गोसाई, डॉ.अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ.तेजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



■ गजरौला। श्री वेंक्टेश्वरा विवि में काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते विवि अधिकारी व अतिथिगण।

# ज्योतिबा फूले को भारत रत्न देने की मांग

## महात्मा ज्योतिबाफूले विचार मंच की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शुक्रवार को गांव नसीरपुर में महात्मा ज्योतिबा फुले विचार मंच की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में आधुनिक भारत में शिक्षा के अग्रदूत सामाजिक विषमता से लड़ने वाले देश की महिलाओं हेतु शिक्षा की ज्योति जलाने वाले दलित व पिछड़ों के मसीहा ज्योतिबा फुले व उनकी धर्मपत्नी सावित्रीबाई फुले के प्रति सरकार पर उपेक्षापूर्ण रवैये का आरोप लगाते हुए और रोष व्यक्त किया गया। जिला संयोजक राजपाल सैनी ने कहा कुछ सामा. जिक संगठनों द्वारा फूल दंपति पर बनी फिल्म के विरोध कौशिक मासिकता तथा कुछ संगठनों द्वारा प्रदेश की सड़कों पर कानून को धता बताकर नंगी तलवारों व हथियारों के प्रदर्शन पर कानून की हद में रहकर विरोध करने पर चेताया। बैठक में जगराम सैनी, पीयूष सैनी, चंद्रपाल सैनी, जगदीश सैनी, राज सैनी, रामचंद्र सैनी, कृपाल सैनी, कल्याण सैनी, रामगोपाल सैनी, सावित्री सैनी आदि मौजूद रहे।

# 'युवा जोड़ो-स्वाभिमान बचाओ' विचार गोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के धनौरा रोड स्थित एक वेंक्ट हॉल में भीम आर्मी द्वारा 'युवा जोड़ो- स्वाभाविक बचाओ' विचार गोष्ठी आयोजित की गई। प्रशान्त फौंदापुरिया ने कहा कि युवा इस देश का भविष्य है और उसको बहुजन महापुरुषों की विचारधारा फूले, शाहू, पेरियार,

**■ भीम आर्मी के तत्वाधान में हुआ कार्यक्रम**

अम्बेडकर की विचारधारा पर चलना बहुत ही जरूरी है। विकेश कुमार ने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि हमको अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना पड़ेगा। कहा कि पढ़ें लिखे नौजवानों को राजनीति में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। जिससे कि अयोग्य व्यक्ति योग्य व्यक्तियों पर राज न कर सकें। इसी बीच भीम आर्मी संस्थापक व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद की विचारधारा से प्रभावित होकर दर्जनों युवा साथियों ने भीम आर्मी का दामन थामा और समाज को जागरूक करने



का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सचिव व मुख्य मंडल प्रभारी पुष्पेन्द्र राणा, जिलाध्यक्ष एड मनोज कुमार , मुस्लिम भाईचारा मंडल संयोजक प्रशान्त सागर, जाटव भाईचारा मंडल संयोजक शेर सिंह बौद्ध, जिला उपाध्यक्ष डॉ.आई.खान, सुनील कुमार, शरीफ अख्तर, लीगल सैल जिलाध्यक्ष एड.योगेंद्र सिंह, जिला प्रभारी अजब सिंह, मौलाना इस्लाम, रिहान सैफी आदि मौजूद रहे।

## चार ट्यूबवैल से छह स्टार्टर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता उझारी।** चोरों ने चार ट्यूबवैल के ताले तोड़कर छह स्टार्टर चोरी कर लिये। घटना से किसानों में रोष है। जानकारी के अनुसार कस्बे के रहने वाले मुशाहिद पुत्र अनीस मजीद पुत्र मुनाजिर, आरिफ पुत्र याकूब, छोटे पुत्र हाजी गयास, उरमान पुत्र महबूब, अमीर पुत्र राहत सुबह जब अपने खेत पर पहुंचे तो ट्यूबवैल पर बनी कोठरी के ताले टूटे पड़े थे। अंदर जाकर देखा तो स्टार्टर गायब थे। कुछ ही देर में मामले की सूचना कस्बे में फैल गयी। रिपोर्ट दर्ज कराने को चौकी में तहरीर दे दी गयी है।

# मक्खी मिलने पर दो सौ लीटर दूध कराया नष्ट

## जिले भर में मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दूध में मक्खी पाये जाने पर खाद्यय विभाग की टीम ने कारोबारी को जमकर हड़काया। 200 लीटर दूध को मौके पर ही नष्ट कराया गया है। मैदा, छोला, पनीर आदि के नमूने लिये। विभाग की इस कार्रवाई से मिलावटखारों में हड़कम्प मच गया।

जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के निर्देश पर शुक्रवार को खाद्यय विभाग की टीम ने जिले भर में छापेमारी की। गजरौला तिगरी रोड स्थित पनीर निर्माण इकाई से नमूने लिये गये। दूध में मक्खी पाये जाने पर तथा सफाई व्यवस्था ठीक न मिलने पर कारोबारी को जमकर हड़काया तथा 200 लीटर दूध नष्ट कराया। मौहल्ला जवाहर भानपुर फाटक पर खालसा प्रोविजन स्टोर से मैदा और छोला के नमूने लिये गये। हाईवे पर जोया स्थित अब्दुल अजीम किराना दुकान से बेसन का नमूना लिया गया। सभी नमूनों को जांच के लिये प्रयोगशाला में भेज दिया गया। छापेमारी के दौरान 12 वाद दायर कराया गये है। उझारी स्थित अफजाल पनीर डेरी का नमूना मानक के अनुरूप नहीं मिला। इसके अलावा भी कई उत्पादों के नमूने मानक के अनुरूप नहीं मिले। उधर विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई से हड़कंम मचा रहा। दुकानदार दुकानें बंद कर फरार हो गये।



# महिलाओं को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर पालिका परिषद द्वारा रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में 'महिला सशक्तीकरण सम्मेलन' आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रामपुर के भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अभय गुप्ता ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवनवृत पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि अहिल्याबाई होल्कर भगवान शिव की परम उपासक थीं, उन्होंने देश के ज्योर्तिलिंगो का जीर्णोद्धार कराया, साथ ही जनसेवा और महिला सशक्तीकरण के लिये भी काम किया। उनका शासन न्यायप्रिय था, पूर्ववर्ती सरकारों ने होल्कर के योगदान को कभी नहीं सराहा, मगर जब से केन्द्र व प्रदेश

**■ नगर पालिका गजरौला ने आयोजित किया सम्मेलन**

में भाजपा की सरकार हैं, तब से अहिल्याबाई होल्कर को पूर्ण सम्मान दिया जाता है, क्योंकि वे सम्मान की पात्र हैं। मुख्य अतिथि अभय गुप्ता व पालिकाध्यक्ष राजेन्द्री उर्फ उमा ने महिलाओं को शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य, नगर स्वच्छता प्रेरक/ पूर्व विधायक हरपाल सिंह, मण्डलाध्यक्ष बीजेपी सुनील गुप्ता, उमा नागर, ऊषा शर्मा, दीपाली गंगवार, डॉ. राजीव शुक्ला, मनमोहन सैन, लेखाकार आदेश अग्रवाल, विपिन सागर, वन्दना अग्रवाल, अजय गोस्वामी, विरेन्द्र वर्मा, इरशाद खां, नदीम खान, रविन्द्र सिंह पाल मौजूद रहे।


■ गजरौला। श्री वेंक्टेश्वरा विवि में काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते विवि अधिकारी व अतिथिगण।

# किसान के घर से लाखों की चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दीवार फांदकर घर में घुसे चोरों ने 1.44 लाख की नकदी समेत सोने चांदी के जेवर पर हाथ साफ कर लिया। रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी गयी है।

चोरी की यह घटना नौगावां सादात क्षेत्र के गांव पृथ्वीपुर की है। यहां पर किसान अफसर खां का परिवार रहता है। गुरुवार रात वह परिवार के साथ घर के आंगन में सो रहे थे। किसी समय चोर दीवार फांद कर घर में घुस गए। यहां कमरे में रखी अलमारी में रखी 1.44 लाख रुपये, सोना-चांदी के जेवरात व अन्य सामान चोरी कर ले गए। शुक्रवार सुबह को स्वजन सोकर उठे तो घटना की जानकारी हुई। ग्रामीणों की भीड़ भी मौके पर जमा हो गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा जानकारी जुटाई। गृहस्वामी ने घटना की प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी है।

## एक नजर

### संवेदनशील स्थानों पर पैदल मार्च

**चिलकाना।** आगामी त्यौहार ईद उल अजहा को शांति पूर्ण रूप से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत सीओ सदर ने स्थानीय पुलिस टीम व आरआरएफ के जवानों के साथ नगर व संवेदनशील स्थानों पर पैदल मार्च किया। आगामी त्यौहार ईद उल जुहा ( बकरीद ) को शांतिपूर्वक संपन्न कराने व क्षेत्र में शांति व्यवस्था सुदृढ बनाये रखने के हेतु सीओ सदर मनोज कुमार यादव ने स्थानीय थाना पुलिस टीम एवं सुरक्षा बल के जवानों के साथ नगर के मुख्य बाजारो, गली मोहल्लों एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल मार्च किया। मार्च के दौरान सीओ ने क्षेत्र के लोगों से आगामी त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से आपस में मिलजुल कर मनाए जाने की अपील की।


### रानी अहिल्याबाई के जीवन से लें प्रेरणा

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** चेयरमैन जुबैर अहमद ने कहा कि रानी अहिल्याबाई ने अपना सारा जीवन लोगों को न्याय देने में लगा दिया। उनके द्वारा किये गये कार्य को कभी भुलाया नहीं जा सकता। नगर पंचायत कार्यालय में माता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें चेयरमैन जुबैर अहमद ने कहा कि हम सभी को अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के उत्थान के लिए कार्य करने चाहिए। इस मौके पर ईओ विपिन कुमार सेंगर, विजय प्रसाद शर्मा, सुधीर चौहान, जीत सिंह, अब्दुल कलाम, अंकित दयाल, सीमा चौधरी, मोहम्मद नसीम, दानिश, बब्बू अहमद आदि मौजूद रहे।

### अवैध रूप से चल रही मंडल अध्यक्ष लिखी गाड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा ने प्रभारी निरीक्षक को पत्र देकर कहा है कि एक मंडल अध्यक्ष लिखी हुई गाड़ी सवारियां भरकर चल रही है। पूर्व मंडल अध्यक्ष ने बताया कि गाड़ी के शीशे पर मंडल अध्यक्ष लिखा हुआ है। जो दिल्ली नंबर की गाड़ी है। उन्होंने कहा कि गाड़ी के शीशे पर मंडल अध्यक्ष अवैध रूप से लिखा हुआ है। यह किसी भाजपा नेता की गाड़ी नहीं है। इस समय हसनपुर क्षेत्र में अनेकों वाहन भाजपा के पदाधिकारी लिखी हुई चल रही है। उन्होंने कहा कि माफिया प्रशासन के डंडे से बचने के लिए सत्ता पक्ष के पदों का नाम वहां पर लिखवा लेते हैं। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष ने पूरे मामले की जांच कर इस मामले में आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### छात्राओं से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के एक डिग्री कॉलेज में छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुक. दमा दर्ज करते हुए चालान कर दिया है। बता दें कि नगर के एक डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि कुछ बाहरी युवक कॉलेज परिसर में आकर छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करते हैं। छात्राओं का यह भी कहना था कि कॉलेज प्रशासन को भी उन्होंने इस बारे में बताया मगर कॉलेज प्रशासन की ओर से कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। जिसके बाद वे पुलिस के पास पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जिस पर पुलिस ने आरोपी युवक विक्की भड़ाना के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए शुक्रवार को उसे गिरफ्तार करके चालान किया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने आरोपी की गिरफ्तारी करके चालान की पुष्टि की।

# दोस्तों के साथ नहाने गया किशोर गंगा में डूबा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** दोस्तों के साथ गंगा नहाने गया एक 16 वर्षीय किशोर गहरे पानी में डूब गया। समाचार लिखे जाने तक उसका कुछ पता नहीं चला था। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर उर्फ साहबपुर निवासी 16 वर्षीय अरुण पुत्र भोपाल अपने ही गांव के गजेन्द्र पुत्र ओमपाल व लखमिया थाना बछरायूं निवासी गौरव व सौरव पुत्र महेन्द्र के साथ शुक्रवार दोपहर नहाने के लिए तिगरीधाम गंगा गया था। वह बांध से गंगा में कूद गया और तैरता हुआ गहरे पानी में चला गया। कुछ देर पानी में हाथ-पांव मारने के बाद अरुण पानी में डूब गया। वहां खड़े अन्य लोगों ने उसे पानी में डूबता हुआ देख शोर मचा दिया। तिगरी से गोताखोर मौके पर पहुंचे व अरुण की तलाश शुरू की। सूचना पर परिजनों के अलावा पुलिस भी पहुंच गई। बताया जाता है कि बांध के पास पानी की गहराई काफी अधिक है। ऐसे में अरुण के गहरे पानी में जाने की आशंका है। वहीं अरूण के पानी में डूब जाने से परिजनों में दुख का माहौल है।

**■ समाचार लिखे जाने तक नहीं चल सका था पता**

**यह भी चर्चा की रील बनाने के लिये गंगा में लगाई छलांग**

गंगा घाट पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों का यह भी कहना था कि यह किशोर रील बनाने के लिये कहकर गंगा में कूदा था। संभवत: वह तैरना जानता था मगर पानी की बहाव और गहराई तेज होने के कारण वह संभल नहीं सका और लड़खड़ाकर पानी में डूब गया।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र कफीलुर्रहमान के गलत व्यवहार से क्षुब्ध होकर संबंध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके कृत्य का मैं जिम्मेदार नहीं हूं।

शकील अहमद पुत्र शफी अहमद
नि. मुहल्ला गजरौला बाईपास शेखूपुरा
हसनपुर अमरोहा

# रामकथा सुनने से होता है मानव का कल्याण

## काशी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगदगुरू रामानंदाचार्य महाराज का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** महामण्डलेश्वर स्वामी श्री श्री जलेश्वरानन्द गिरि जी महाराज के सानिध्य में नगर के नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में 28 मई से आयोजित हो रहे चतुर्थ श्री श्री शिव शक्ति महायज्ञ एवं श्री राम कथा कार्यक्रम में शुक्रवार को काशी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगदगुरू रामानंदाचार्य डॉ.रामकमलाचार्य वेदांती जी महाराज का कथा पंडाल में पहुंचने पर मुख्य संयोजक जिला सहकारी बैंक के निदेशक चौ.वेदपाल सिंह, सह संयोजक सतेन्द्र सिंह भोला, देवेन्द्र सिंह आदि ने स्वागत किया। दोपहर के दो बजे से ही कथा सुनने के लिये श्रोताओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। तीन बजे कथा का प्रारंभ हुआ। कथावाचक डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती जी महाराज ने श्रोताओं से कहा कि श्री राम कथा का श्रवण करने से मानव का कल्याण होता है, इसलिए रामकथा का श्रवण करते समय कथा पंडाल में पूर्ण भक्ति भावना के साथ उपस्थित हों, यदि हम कथा पंडाल में बैठकर भी अपने मन को नियंत्रित नहीं कर सके तो कथा के भावों को आत्मसात कैसे कर सकेंगे। कहा कि जब भी किसी कथा और धार्मिक अनुष्ठान में जाएं तो अपने मन को नियंत्रित करें और भक्ति भाव में ही अपने मन को लगाएं, तभी ऐसे कार्यक्रमों में जाने का मनोरथ प्राप्त होता है। जीवन में भले ही कितनी भी भागदौड़ और व्यस्तता हों लेकिन कुछ समय हमें प्रभु की भक्ति के लिये भी निकालना चाहिए। प्रथम दिन के कथा समापन के बाद सांय के सात बजे आरती की गई। ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी व भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौ. विरेन्द्र सिंह ने कथा का श्रवण किया और आरती में सम्मिलित हुए।

**■ संध्या में हुआ आरती का कार्यक्रम**


■ गजरौला। श्री रामकथा में प्रवचन देते काशी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगदगुरू महाराज, आरती करते भक्तगण।

# खराब ट्रांसफार्मर व ढीले तार बदले जायें

## बिजलीघर पर भाकियू भानू ने उठायी आवाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन भानु ने खराब ट्रांसफार्मर को बदलवाये जाने के साथ ही ढीले तारों को टाइट करवाये जाने की मांग की है।

शुक्रवार को रहरा क्षेत्र के बुरावली बिजली घर पर किसानों की समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने कहा कि बुरावली के शिव मंदिर पर मौजूद 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर खराब हो गया है। इसकी क्षमता बढ़ाकर 250 केवीए की जाये। उन्होंने कहा कि इलाके में जहां-जहां खराब ट्रांसफॉर्मर है उनको बदलवाया जाये। उन्होंने कहा कि मीटर रीडर को समय से बिल निकालने के लिए उपभोक्ताओं के घरों पर भेजा जाये। कहा कि जहां-जहां ढीले तार हैं उनको टाइट करवाया जाये। ढीले तारों के कारण खेतों में को ट्रैक्टर निकालना प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली से संबंधित जो भी समस्याएं हैं उनका जल्द समाधान किया जाये। धरना देने वालों में जिला अध्यक्ष बबीता धामा, गो. विंद सिंह चौहान, मोहम्मद जीशान, जमशेद चौधरी, साहिल, मोहम्मद आदिल, लोकेश चौहान, अजय पाल सिंह कटारिया, अमरपाल सिंह आदि मौजूद थे।



# ठेकेदार व चालक की मौत के मामले में पुलिस की जांच जारी

## परिजनों ने पुलिस को बताए हैं कुछ बिंदू जिन पर भी काम कर रही पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के मोहल्ला शुक्लपुरी निवासी ज्ञान भारती इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त शिक्षक अतरपाल सिंह के पुत्र देवऋषि व उनके चालक इंद्रपाल की मौत के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भले ही उनकी मृत्यु का कारण स्पष्ट न हुआ हो, लेकिन पुलिस की जांच जारी है। पुलिस ने शुक्रवार को भी परिजनों से बातचीत की, परिजनों ने कुछ और बातें भी पुलिस को बताई, जिन्हें ध्यान में रखते हुए पुलिस काम कर रही है। बता दें कि देवऋषि सिंचाई विभाग में एक बड़े ठेकेदार थे। बुधवार को घर से निकले थे लेकिन देर शाम तक घर नहीं आए तो परिजनों को चिंता हुई, उन्होंने अनेकों बार फोन किए मगर न तो देवऋषि और न ही उनके चालक का फोन रिसीव हो सका। गुरूवार को सुबह के समय जब ठेकेदार के भांजे विवेक मोहल्ला अवंतिकानगर स्थित ऑफिस पर पहुंचे तो उनके मामा ठेकेदार और चालक मृतावस्था में पड़े थे और उनके मुंह से झाग आ रहे थे। ऑफिस परिसर में स्कार्पियो व सेंट्रो कार में खड़ी थी, सेंट्रो स्टार्ट थी। परिसर में गैस की दुर्गंध फैली हुई थी। पीएम में मृत्यु की कारण स्पष्ट न हो पाने के कारण विसरा सुरक्षित रख लिया गया है। प्रथमद्रष्टया पुलिस दम घुटने से मौत का कारण मानकर चल रही है, लेकिन परिजनों से बातचीत करके सभी बिंदुओं पर पुलिस टीम काम कर रही है। पुलिस ने ठेकेदार के दूसरे चालक विशाल को परिजनों के संदेह के आधार पर हिरासत में ले रखा है। शुक्रवार को यह बात परिजनों ने बताई है कि कुछ दिन पूर्व एक शादी समारोह में ठेकेदार व विशाल के चाचा में विवाद भी हुआ था। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि सभी बिंदुओ पर गहनता से जांच चल रही है। वहीं शुक्रवार को भी ठेकेदार के घर पर शोक संवेदना देने वालों का तांता लगा रहा।

# दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद की सजा

## दिल्ली ले जाकर किया था बलात्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा।** दिल्ली ले जाकर किशोरी के साथ बलात्कार कर उसे गर्भवती करने वाले दोषी को न्यायालय ने उम्रकैद की सजा सुनाई। जबकि 25 हजार रूपये का जुर्माना भी ठोका है।

घटना तीन साल पहले मंडी धनौरा थानाक्षेत्र के गांव में हुई थी। यहां पर किसान का परिवार रहता है। 9 अक्टूबर 2021 की रात किसान की 14 वर्षीय बेटी को गांव का ही रहने वाला केशव बहला फुसलाकर दिल्ली ले गया था। अगले दिन परिवार के लोगों ने किशोरी को काफी तलाश किया लेकिन उसका पता नहीं चला। इस मामले में पुलिस ने आरोपी केशव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। इससे पहले भी केशव ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था। जिससे किशोरी करीब तीन महीने की गर्भवती हो गई थी। दिल्ली ले जाकर केशव ने किशोरी के साथ दो दिन तक दुष्कर्म किया। पुलिस ने चौथे दिन किशोरी को बरामद कर आरोपी केशव को गिरफ्तार कर लिया था। बाद में पुलिस ने किशोरी का मेडिकल कराया तो वह करीब तीन महीने की गर्भवती पाई गई। मामले में किशोरी के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी केशव के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं की बढ़ोतरी की गई थी। पुलिस ने केशव को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया था। फिलहाल वह जमानत पर जेल से बाहर था। इस मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट प्रथम हेमलता त्यागी की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अर्धभियोजक रजनलाल लौधी पैरवी कर रहे थे। शुक्रवार को न्यायालय ने मुकदमे में आखिरी सुनवाई थी और साक्ष्यों व सबूतों के आधार पर आरोपी केशव को दोषी करार दिया। साथ ही उसे उम्रकैद की सजा सुनाई और 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

# लेखपाल ने एक्सपोटर को बेची ग्राम समाज की भूमि

## शिकायत पर एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर जांच की



शाह टाइम्स ब्यूरो

**जोया।** लेखपाल ने चार बीघा ग्राम समाज की जमीन पर मोटी रकम लेकर एक्सपोटर का कब्जा करा दिया। इतना ही नहीं ट्यूबवैल के नहर की भूमि को भी भूमाफियाओं का कब्जा करा दिया। भाकियू नेता द्वारा आत्मदाह की चेतावनी पर एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच तथा दस दिन में कार्रवाई का भरोसा दिया है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव जिवाई से जुड़ा है। यहां चार बीघा ग्राम समाज की भूमि पर लेखपाल तेजपाल सिंह ने मोटी रकम लेकर एक्सपोटर को कब्जा दिला दिया। इतना ही नहीं उसने डिडौली में स्थित सरकारी ट्युबवैल की नाली को भी मोटी रकम लेकर प्रोपटी डीलरों को बेच दिया। भाकियू भानू के प्रदेश महासचिव सत्यपाल सिंह चौहान ने कई बार मामले की शिकायत अधिकारियों से की। जिस पर लेखपाल ने उन्हें झूंठे मामले में फंसाने की धमकी दी। उधर कार्रवाई न होने से खफा भाकियू नेता ने कलेक्ट्रेट में आत्मदाह की चेतावनी दी थी। जिससे अधिकारियों में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में एसडीएम भगत सिंह को मौके पर जांच के लिए भेजा गया। भाकियू भानू के प्रदेश महासचिव द्वारा लगाये आरोप की जांच की गयी। एसडीएम ने दस दिन में जांच रिपोर्ट डीएम को देने की बात कही।

# मैस्को फार्मेसी कॉलेज के अध्यक्ष पर मुकदमा

## फर्जी प्रमाण पत्र से बिल्डिंग बनाने में फंसे



शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा।** कूटरचित दस्तवेजों व तालाब की जमीन पर कब्जा कर स्कूल का निर्माण करने में मैस्को इंस्टीटयूट ऑफ फार्मेसी के अध्यक्ष कमाल फारूखी पर प्रशासन का शिंकजा कस गया है। ईओ की तहरीर पर उनकी खिलाफ शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

मामला धनौरा रोड स्थित मैस्को इंस्टीटयूट ऑफ फार्मेसी से जुड़ा है। नगर के मौहल्ला गशितयान निवासी सैयद अशहर तौसीफ पुत्र स्व. तौसीफ हसन ने जन सूचना के अधिकार के तहत प्राविधिक शिक्षा विभाग लखनऊ से नगर के मंडी धनौरा रोड स्थित मैस्को इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी की मान्यता से संबंधित अभिलेखों की सूची मांगी थी जो अध्यक्ष कमाल फारूखी द्वारा संस्था की मान्यता के लिये लगाये गये थे। विभाग द्वारा जारी की गई प्रमाणपत्रों की छाया प्रतिलिपि नगर पालिका परिषद अमरोहा द्वारा भू-स्वामित्व प्रमाण प्रत्र की छाया प्रतिलिपि नगर पालिका द्वारा 24 जनवरी 2018 को राशिदा बेगम मुस्लिम महाविद्यालय के संबंध में उक्त प्रमाण पत्र जारी किया गया है या नहीं।

### ईओ की तहरीर पर हुई रिपोर्ट दर्ज

जांच में सामने आया कि उक्त प्रमाणपत्र पालिका द्वारा जारी नहीं किया गया है। अपर जिलाधिकारी न्यायिक द्वारा 8 अगस्त वर्ष 2024 को मैस्को इंस्टीटयूट के विरूद्ध फजी व कूटरचित दस्तवेज बनाने तथा प्रस्तुत करने वाले के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश भी दिये गये है। उक्त प्रमाण पत्र अवैध रूप से लाभ पाने के लिये इसे फर्जी तरीके से बनाया गया है। आज इस मामले में ईओ डा. ब्रजेश कुमार की तहरीर पर मैस्को इंस्टीटयूट के अध्यक्ष कमाल फारूखी के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# सोते मिले इकौंदा चौकी इंचार्ज, एसपी ने किया सस्पेंड

## आधी रात चैकिंग को पहुंचे एसपी




शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा।** पुलिसकर्मियों की सतर्कता चेक करने निकले एसपी अमित कुमार आनंद को इकौंदा चौकी इंचार्ज आराम फरमाते मिले। पूरी चौकी में सन्नाटा पसरा हुआ था। यह देखकर एसपी भड़क गए और उन्होंने तुरंत चौकी इंचार्ज सुंदरलाल को सस्पेंड कर दिया।

जिले में चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर एसपी अमित कुमार आनंद रात दिन एक कर रहे हैं। बावजूद इसके पुलिसकर्मी लाप. रवाही बरतने से बाज नहीं आ रहे। तीन दिन पहले अधीनस्थों के साथ बैठक कर सख्त निर्देश दिए थे। पिछले दिनों नौगांवा व डिडौली व अन्य क्षेत्रों में हुई चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेकर बृहस्पतिवार की रात एसपी अमित कुमार आनंद आधी रात को सड़कों पर उतर आए। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पॉइंट रात्रि ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को चेक किया। साथ ही उन्हें मुस्तादी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। एसपी ने स्पष्ट कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी बनाए रखें। आधी रात के समय एसपी अचानक इकौंदा चौकी पर पहुंचे तो नजारा देखकर हैरत में पड़ गए। यहां पूरी चौकी पर सन्नाटा पसरा हुआ था। जबकि चौकी प्रभारी सुंदरलाल सो रहे थे। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने चौकी इंचार्ज को जगाया। एसपी को देखकर चौकी इंचार्ज हड़बड़ा गए। एसपी ने ड्यूटी के दौरान सोने का कारण पूछा तो चौकी इंचार्ज कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। लिहाजा एसपी ने दरोगा सुंदरलाल को तत्काल सस्पेंड कर दिया। इस दौरान एसपी ने स्पष्ट कहा कि ड्यूटी के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मनमानी करने वाले पुलिसकर्मियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# कोर्ट के आदेश पर मां-बेटों समेत पांच पर रिपोर्ट

## डीजे की आवाज कम कराने पर की थी मारपीट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा।** तेज आवाज में बज रहे डीजे का विरोध करने पर दबंगों ने घर में घुसकर परिवार पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। कोर्ट के आदेश पर मां-बेटे समेत पांच के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कराया गया है।

मारपीट की ये घटना नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के जब्दा गांव में हुई थी। यहां पर किसान वेदपाल सिंह का परिवार रहता है। एक अप्रैल को गांव के रहने वाले सोनू के घर डीजे बज रहा था। इस दौरान वेदपाल के परि. जनों ने डीजे की आवाज धीमी करने के लिए कहा था। बस इसी बात को लेकर सोनू, अपनी माता आज्ञादेवी और रिश्तेदार संजय, लोकेश, पिंकी के साथ घर में घुस आया और लाठी डंडे व धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना में वेदपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। तभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित वेदपाल सिंह के परिजनों ने नौगांवा सादात थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की तो कोई सुनवाई नहीं हुई। लिहाजा उन्होंने न्यायालय की शरण ली। सीओ अवधभान भदोरिया ने बताया कि मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर सोनू, आज्ञावती, संजय, लोकेश और पिंकी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### 17 दरोगाओं के कार्यक्षेत्र बदले

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** एसपी अमित कुमार आनंद ने शुक्रवार को 17 दरोगा के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है उन्होंने बताया कि पुलिस लाइन में तैनात महिला दरोगा महिमा चौधरी को इकौंदा चौकी प्रभारी बनाया है। जबकि पुलिस लाइन से चांदवीर सिंह प्रभारी चौकी मलेशिया, प्रभारी चौकी वॉच एंड वार्ड अमित कुमार को धनौरा कस्बा चौकी प्रभारी बनाया है। इसके अलावा पुलिस लाइन से विजेंद्र सिंह को हसनपुर, अनूप कुमार त्रिवेदी और राकेश कुमार सिंह को डिडौली, महिला दरोगा कृष्णा देवी को गजरौला, राजीव पाठक को अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महिला दरोगा अंजना चौधरी को रजबपुर, भारतवीर सिंह को महिला थाना अमरोहा, महिला दरोगा नेहा नेहरा को डिडौली, इंद्रजीत सिंह को अमरोहा देहात थाना, सुभाष चौहान को सैदनगली, परशुराम को रहरा थाना, सोनू कुमार को हसनपुर, महेशपाल सिंह को बछरायूं और महिला दरोगा अनीता शर्मा डिडौली से पुलिस लाइन भेजा है।

### साप्ताहिक बाजार में जेबकतरे की धुनाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** देहात क्षेत्र के गांव कोठी खिदमतपुर के साप्ताहिक बाजार के दौरान एक जेबकतरे को रंगे हाथ पकड़कर जमकर धुनाई की। बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। बृहस्पतिवार को कोठी खिदमतपुर में साप्ताहिक बाजार लगता है। दोपहर के समय एक युवक ने एक ग्रामीण की जेब पर हाथ साफ कर दिया। इसी दौरान एक अन्य ग्रामीण ने उसे जेब काटते हुए देख लिया। उसने शोर मचा दिया। शोर पर अन्य ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। उसकी जमकर पिटाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस उसे अपने साथ ले गई। पुलिस उससे पूछताछ में जुटी है

### राष्ट्रसेवा के लिए हर समय रहें तैयार

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** छात्र छात्राओं को देशभक्ति व अनुशासन का महत्व बताया गया। साथ ही उन्हें लक्ष्य सामने रख पढ़ाई करने की सीख दी गयी। कैलसा स्थित घनश्यामदास टंडन सरस्वती विद्या मन्दिर में लेफ्टिनेंट सुनील कुमार द्वारा बच्चों को देशभक्ति, अनुशासन व कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित किया गया। उन्होने कहा कि यदि लक्ष्य सामने है तो उसे आसानी से हासिल किया जा सकता है। आत्म विश्वास व देशसेवा की भावना हर समय मन में रहनी चाहिए। उन्होने एनडीए तथा एसएसबी के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। साथ ही कहा कि बच्चों को अपने अंदर छिपी प्रतिभा की पहचान करनी चाहिए। वह समाज के लिए प्रेरणा बनकर हर समय आगे आयें। आप सभी को एक रोलमाडल के रूप में देखा जाता है। अपने अंदर छिपी प्रतिभाओं को उजागर करने में किसी तरह का संकोच न करें। उन्होने कहा कि कक्षाओं से लेकर वर्दी में राष्ट्र की सेवा करना आपके मन में हर समय जागृत रहना चाहिए।



# बाइकों की भिड़ंत में वृद्ध की मौत, युवक घायल

## पुलिस ने शव पीएम को भेजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रहरा।** बाइकों की भिड़ंत में वृद्ध की मौत हो गयी। जबकि युवक को गंभीर हालत में हायर सैंटर रैफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार गजरौला के मौहल्ला मायापुरी निवासी कांतीनाथ पुत्र हुकम सिंह किसी काम से बाइक लेकर रहरा की ओर जा रहे थे। जब वह गांव हाकमपुर स्थित पैट्रोल पम्प के पास पहुंचे तो सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से टक्कर हो गयी। जिसमें कांतीनाथ व दूसरी बाइक पर सवार रियाज निवासी मोहल्ला सराय तरीन जिला संभल घायल हो गये। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने कांतीनाथ (65) को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरी बाइक पर सवार रियाज पुत्र अनवर को गंभीर हालत में हायर सैंटर रैफर किया गया है। बताया जाता है कि रियाज अपनी ससुराल थाना क्षेत्र के गांव पतेई खादर आ रहा था। उधर वृद्ध की मौत की सूचना पर घर में को. हराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# युवक की हत्या में नामजदों को गिरफ्तार करें

## सीओ कार्यालय पर किया प्रदर्शन



शाह टाइम्स संवाददाता

**हसनपुर।** पीट पीटकर युवक की हत्या किये जाने के मामले में नामजद आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किये जाने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलामपुर के ग्रामीण भारी संख्या में एकत्र होकर पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंच गये। यहां उन्होंने प्रदर्शन कर युवक की पीट पीट कर हत्या के मामले में दर्ज मुकदमे में अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जल्द से जल्द जेल भिजवाया जाने की मांग की।परिजनों ने बताया कि 11 मई को गांव के ही बृजपाल, विशेष, काले, विरमू, अनुज तथा वीरेश ने उनके बेटे अमरीश की खेत पर जाते समय पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। जिसमें 6 लोगों को नाम दर्ज किया गया था। जिसमें पुलिस ने अनुज तथा वीरेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था लेकिन पुलिस ने अभी तक अन्य आरो. पियों को गिरफ्तार नहीं किया है। जबकि आरोपी लगातार मृतक के बड़े भाई को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए सीओ दीप कुमार पंत को ज्ञापन सौंप दिया। इसके साथ ही उन्होंने नामजद आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। परिजनों का कहना है कि अगर जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो वह आंदोलन करने को विवश होंगे। इस दौरान भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष मोनू कुमार सागर, राजू खैवान, चंद्रा, चंद्रवती, सर्वेश, प्रेमवतो, शांति, कुंती, इंदिरा, राजबाला, पार्वती, मलखान, इंद्राज, जोगेंदर, जितेंद्र, खेमचंद, प्रेमपाल, राजू, बसंता, राकेश, अनिल, संजय, टेकचंद, प्रेम, बदलू, ओमवीर, लाला, श्योराज आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



# किसानों के मसीहा थे चरण सिंहः अभिनय

## पुण्यतिथि पर काव्यांजलि कार्यक्रम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा।** युवा लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनय चौधरी ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधामंत्री चौधरी चरण सिंह ने किसानों के हित में जो काम किये उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। पटवारी व्यवस्था का अंत कर लेखपालों की भर्ती भी उन्हीं की देन है।

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर काव्यांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बोलते युवा लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनय चौधरी ने कहा कि आज किसान को उनकी फसलों का जो हक मिल रहा है वह चौधरी चरण सिंह की देन है। उन्होंने कहा कि मध्य गंगा नहर परियोजना उनकी पहली और जनता की मांग पर बनाई गई है। उन्होंने कहा कि चौधरी साहेब ने हमेशा किसानों की आवाज को प्रमुखता से उठाया। वह किसानों का दर्द समझते थे तथा उनकी समस्याओं को दूर करने के लिये हमेशा प्रयासरत रहते थे। उन्होंने अपनी जीवन काम में कभी किसानों का उत्पीड़न नहीं होंने दिया। अब यही काम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी कर रहे है। कवियों ने भी उन्हें स्मरण किया। इस मौके पर डा. हरिओम पंवार, कविता तिवारी, मोहित शौर्य, विकास त्यागी, राहुल शर्मा, डा. अंजू आदि शामिल रहीं।

# चलती ई-रिक्शा से महिला ने लगाई छलांग

## गलत दिशा में ले जाने पर घबराकर उठाया कदम

शाह टाइम्स संवाददाता

**हसनपुर।** अधिवक्ता की पत्नी को ई रिक्शा चालक डरा धमककर गलत दिशा में ले गया। चलती ई रिक्शा से कूद कर महिला चोटिल हो गई। पुलिस को तहरीर दे दी गई है।

नगर के कायस्थान निवासी अधिवक्ता मयंक सक्सेना पुत्र अनिल कुमार की पत्नी बीते दिन नगर के सुनील कुमार इंटरनेशनल स्कूल से बच्चों का परीक्षा फल लेने के लिए जा रही थी। इस दौरान स्कूल तक ई रिक्शा तय करके वह उसमें बैठ गई। महिला का कहना है कि ई रिक्शा चालक स्कूल ना ले जाकर के उसे गजरौला हसनपुर मार्ग पर स्थित दीपपुर गेट की ओर को ले जाने लगा। उसने उधर को ले जाने का कारण पूछा तो आरोपी चालक ने ई रिक्शा की गति और बढ़ा दी जिससे वह घबरा गई। महिला ने अपने आप को घिरता हुआ देखकर चलती हुई ई रिक्शा से छलांग लगा दी। जिससे वह बुरी तरह से चोटिल हो गई। उसके बाद ई रिक्शा चालक महिला को गंदी-गंदी गालियां देते हुए धमकाने लगा। महिला के शोर मचाने पर ई रिक्शा चालक वहां से फरार हो गया।महिला ने अपने पति को पूरा वाकया बताया तो कुछ ही देर में कई वकील कोतवाली पहुंच गये। वकीलों ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी दिखाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रदेश में बहू-बेटियां पूरी तरह सुरक्षितः सैनी

## राज्य पिछड़ा आयोग सदस्य का स्वागत



शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडी धनौरा।** शुक्रवार को भजपा नेता निवर्तमान पालिकाध्यक्ष राजेश सैनी के प्रतिष्ठान पर राज्य पिछड़ा आयोग सदस्य प्रमोद सैनी का जोरदार स्वागत हुआ। राजेश सैनी के पुत्र ललित सैनी ने पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट किया।

राज्य पिछड़ा आयोग सदस्य प्रमोद सैनी ने कहा दूसरी सरकारों में पूरे प्रदेश में जहां भय का माहौल था आज वहीं योगी सरकार आने के बाद कानून का राज है। किसी भी व्यक्ति की समस्याओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता। सरकार की खूबियों का बखान करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में अपराधी या तो प्रदेश छोड़ कर चले गए हैं या जेल में हैं। घर की बहू बेटियां बिना भय के कहीं भी आ जा सकती हैं। प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास व सबके विश्वास के मूल मंत्र पर काम करते हुए हर वर्ग के लिए काम कर रही है। बिना भेदभाव लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर ललित सैनी (लवी) ,विनेश सैनी, रामकिशोर सैनी, ओमप्रकाश सैनी , रोमित सागर, डा. सत्यदेव सैनी, सौरभ सैनी (मंडल अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा धनौरा, संजीव सैनी, अमित रुद्रा, रजत कुमार, ऋतिक कुमार, सतवीर कुमार, नरेश यादव , जयंत सैनी, गर्वित सैनी आदि उपस्थित रहे।

# गलत जांच रिपोर्ट देने पर एसडीएम खफा

## कानूनगो व लेखपाल से मांगा स्पष्टीकरण

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडी धनौरा।** सहकारी गन्ना विकास समिति मलेशिया की भूमि को कब्जा मुक्त कराने के मामले में राजस्व निरीक्षक और लेखपाल ने एसडीएम को सच्चाई से जुदा गलत जांच रिपोर्ट सौंप दी जिसपर एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए राज. ेश निरीक्षक और लेखपाल का स्पष्टीकरण तलब किया है जवाब संतोषजनक न होने पर कार्यवाही की चेतावनी दी हैं।

अमरोहा मार्ग पर सहकारी गन्ना विकास समिति मलेशिया की भूमि पर कब्जे की शिकायत के चलते एसडीएम चंद्रकांता ने राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को जांच के निर्देश दिए थे। राजस्व निरीक्षक और लेखपाल ने सत्यता को छुपाते हुए एसडीएम के समक्ष मनमर्जी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी जिस पर एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए राजस्व निरीक्षक मनोज कुमार गौतम और लेखपाल दिनेश सिंह का स्पष्टीकरण तलब किया है। तीन दिन के भीतर संतोषजनक जवाब न मिलने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है

# एसडीएम ने दो ओयो होटल किए सील

## कार्रवाई से मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नहटौर के धामपुर मार्ग पर गांव कश्मीरी पेट्रोल पंप के पास आमने सामने दो रेस्टोरेंट पर एसडीएम धामपुर रितु रानी ने छापेमार कार्रवाई करते हुए सील लगा दी। दोनों रेस्टोरेंट ओयो होटल के रूप में संचालित थे। दोनों होटल में कई जोड़े भी मिले, उन्हें पुलिस ने हिदायत देकर छोड़ दिया गया।

जानकारी के अनुसार नहटौर क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे ओयो होटलों की शिकायत लगातार मिलने के तहत शुक्रवार को उप जिलाधिकारी धामपुर रितु रानी, नायब तहसीलदार विजय कुमार, थाना अध्यक्ष नहटौर धीरज नागर पुलिस फोर्स के साथ नहटौर धामपुर मार्ग पर गांव कश्मीरी पेट्रोल पंप के पास दो रेस्टोरेंट पर छापेमार कार्रवाई की। दोनों रेस्टोरेंट ओयो होटल के रूप में संचालित थे। छापा मार कार्रवाई के दौरान दोनों होटल में कई जोड़े मिले, जिस पर पुलिस ने चेतावनी देकर छोड़ दिया। साथ ही उप जिलाधिकारी धामपुर द्वारा संचालकों से लाइसेंस व नक्शा मांगने पर न मिलने पर उन्होंने दोनों होटल को सील करने के निर्देश दिए। इसी दौरान दोनों होटल पर सील की कार्रवाई की गई तथा दोनों होटल सील कर दिए।

साथ ही इस दौरान संचालक मौके से भूमिगत हो गए तथा मौके पर कर्मचारी मिले तथा की कार्रवाई से हड़कम मच गया।

थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर उक्त मामले को उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर यह अभियान चलाया गया। उपजिला अधिकारी धामपुर रितु रानी ने बताया कि अभियान के दौरान दोनों संचालकों पर नक्शा व लाइसेंस न मिलने पर दोनों होटल को सील कर दिया गया है।

## अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर कार्यक्रम

**अफजलगढ़।** पालिका परिसर में महान वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर की जन्म शताब्दी के वर्ष के अवसर पर भाजपा की जिला महामंत्री रश्मि रावल ने अहिल्याबाई होलकर के बारे में विस्तार से बताया।

नगर पालिकामें भाजपा की जिला महामंत्री रश्मि रावल ने अहिल्याबाई होल्कर जन्मतिथि शताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के तहत उनके द्वारा किए गए लोक कल्याणकारी कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की। महान वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर ने अपने समय में मंदिरों का निर्माण कराया तथा उनका मरम्मत आदि कराई उन्होंने जगह-जगह घाट बनवाए तथा घाटो का निर्माण किया। उन्होंने समाज के लिए कई जनकल्याणकारी कार्यक्रम किए गए। भाजपा अल्पसंख्यक के जिला अध्यक्ष सरदार मलकीत सिंह ने भी अहिल्याबाई होल्कर के द्वारा किए गए कार्यों की बारे में लोगों को बताया। इस मौके पर खेल सिंह राजपूत, जयप्रकाश बंजारा, मुकेश शर्मा, भीम सिंह रावत, कलवा कुरैशी और उमेश अग्रवाल सहित अनेक सभासद मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष के लिए जल्द बनेंगी रणनीति: चंद्रहास

## संघर्ष से मिले सुखद परिणाम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बिजनौर की जिला अध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत की अध्यक्षता एवं जिला मंत्री सुभाष चंद्र यादव के संचालन में जिला कार्यालय पर बैठक आयोजित हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली का आंदोलन पुरानी पेंशन बहाली तक राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में जारी रहेगा। पुरानी पेंशन देश के शिक्षकों एवं कर्मचारी के भविष्य की आर्थिक समाज सुरक्षा का सवाल है, जिसे सरकार को समझना होगा। शिक्षकों एवं कर्मचारियों के संघर्ष को नजरंदाज करना सरकार का उचित कदम नहीं है। मंडल अध्यक्ष रजनीश कुमार ने कहा कि पुरानी पेंशन वाली के आंदोलन को लेकर देश का शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद है। डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन की जिला अध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने कहा कि अटेवा पुरानी पेंशन बहाली के लिए ईमानदारी से संघर्षरत है और यह संघर्ष एक दिन सुखद परिणाम देने का कार्य करेगा। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामनाथ सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बुढ़ापे का सहारा है और नई पेंशन केवल शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ धोखा है।

इस अवसर पर गौरव गौड़, कुलवीर चौधरी, भूपेंद्र चौधरी, ज्ञानेंद्र चौधरी, मुज्जफर इस्लाम, सुभाष चंद्र, अमित कुमार, बिजेंद्र कुमार, पुनीत गहलोत आदि ने संबोधित किया।

# नगीना में आरएएफ व पुलिस ने संयुक्त रूप से किया फ्लैग मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर में रैपिड एक्शन फोर्स की बटालियन के जवान सुरक्षा व्यवस्था दृढ़ करने के उद्देश्य से पहुंचे। उन्होंने थाना नगीना कोतवाली पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया।

ईद और अन्य त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने नगर में फ्लैग मार्च निकाला। यह मार्च नगर के मुख्य बाजारों, रास्तों और संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरा। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी और आरएएफ की बटालियन के कमांडेंट के मार्गदर्शन में मार्च निकाला गया। सहायक कमांडेंट और प्रभारी निरीक्षक तेजपाल सिंह ने इसका नेतृत्व किया। उन्होंने नागरिकों से संवाद स्थापित किया। आरएएफ जवानों ने अनुशासित संचालन से यह संदेश दिया कि वे किसी भी आपात स्थिति से निपटने को तैयार हैं।

अधिकारियों के अनुसार यह अभ्यास आगामी त्योहारों और संवेदनशील अवसरों को देखते हुए किया गया। सुरक्षा बलों ने लोगों से अफवाहों से बचने और शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

आरएएफ और स्थानीय पुलिस की मौजूदगी से लोगों में सुरक्षा का भाव जागा। यह पहल कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक कदम साबित हुई। इससे प्रशासन और आम लोगों के बीच विश्वास भी बढ़ा।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारम्भ

## कृषि अनुसंधान केंद्र पर कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रदेश में कृषि संकल्प अभियान शुरू करने की घोषणा के बाद नगीना स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें किसानों को बताया गया कि इसका उद्देश्य कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना और किसानों को सहायता प्रदान करना है।

कृषि अनुसंधान केंद्र नगीना पर तैनात वैज्ञानिक डॉ. केके सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान का प्राथमिक लक्ष्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में शिक्षित करना है। इसका उद्देश्य सरकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है जो किसानों को लाभ पहुंचा सकती हैं। अभियान का उद्देश्य किसानों को फसल चयन और संतुलित उर्वरक अनुप्रयोग के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के बारे में मार्गदर्शन करना भी है।

उन्होंने बताया कि यह अभियान अगले 15 दिनों तक चलेगा। इस दौरान वैज्ञानिक दल आधुनिक कृषि पद्धतियों पर चर्चा करने के लिए किसानों से सीधे जुड़ेंगे। इसके लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक और जनपद प्रशासन, कृषि विभाग कार्यान्वयन के लिए सहयोग करेंगी।

उन्होंने जानकारी दी कि अभियान के दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। इनमें सब्जी अनुसंधान, जलवायु-अनुकूल फसल किस्में, जल संरक्षण तकनीक और एकीकृत कीट प्रबंधन रणनीतियाँ शामिल हैं। किसानों को पोषण उद्यान अपनाने और जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने के बारे में मार्गदर्शन मिलेगा। टीम -1 में डॉ. केके सिंह, डॉ. सिवांगी, डॉ. सुशील कुमार एवं कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी रहेंगे जबकि टीम - 2 में डॉ. शकुंतला गुप्ता, डॉ. पिंटू कुमार, डॉ. नेमीचंद एवं कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी रहेंगे। इसी प्रकार टीम-3 में डॉ. प्रतिमा गुप्ता, डॉ. भूपेंद्र कुमार, डॉ. सिद्धार्थ शाह एवं कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी हैं। बृहस्पतिवार को कोतवाली ब्लॉक के महमूदपुर भावता, करोंदा चौधर, कालाखेड़ी, पुरैनी, जमालपुर बांगर, सैदपुरी महिचंद, मौजमपुर हरवंश, महेश्वरी जट, खुर्रमपुर, खड़क गाँवों में कार्यक्रम चलाया गया, जिसमें कृषि विभाग बिजनौर से उप निदेशक कृषि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अंकिता भंडारी कांड में अपराधियों की सजा नाकाफी

## फांसी की सजा देने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने अंकिता भंडारी कांड में अभियुक्तों को दी गई उम्र कैद की सजा को नाकाफी बताते हुए कहा कि सारा राज्य यह सोच रहा था कि इस कांड में लिप्त भाजपा नेताओं को फांसी की सजा मिलेगी परंतु जिस तरह से उन्हें आजीवन कारावास देकर छोड़ दिया गया। उससे लोगों में असंतोष और बढ़ गया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मामले को लेकर उच्च अदालत में आगे जाएगे और बड़ी अदालत में अंकिता के परिवार के साथ अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए पूरी ताकत के साथ खड़े होंगे। यह जो जघन्य अपराध हुआ है, उससे उत्तराखंड का सिर सारी दुनिया के सामने झुक गया है और जिस तरह से एक राजनीतिक दल के लोगों का चेहरा बहुत ही गैर जिम्मेदाराना ढंग से सामने आया। उसके बाद भी आज के फैसले के बाद जिस तरह से भाजपाइयों ने मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए जगह-जगह पोस्टर चिपकाए हैं उससे साफ जाहिर होता है की भाजपाई बेशर्मी से इस कानूनी फैसले पर भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा लगता नहीं की सरक. ारी दल के लोग अंकिता भंडारी के परिवार के लोगों के आंसू पोछना चाहते हैं बल्कि उनकी खुशी इसमें है की भाजपाई इस मामले में फांसी के फंदे पर झूलने से बच गए और एक तरह से जिस असली सजा के वह हकदार थे। उस सजा से वह बच गए। कानून के इस फैसले पैर दुख जताया और कहा कि इस पर और बडी पैरवी की जाएगी और अपराधियों अभियुक्तों को फांसी की सजा दिलाए जाने तक यह संघर्ष जारी रखा जाएगा।

# 'एक पौधा मां के नाम' का शुभारंभ

## नगर पालिका ने शुरू किया अभियान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** अहिल्याबाई होल्कर जयंती अभियान के तहत नगर पालिका प्रशासन ने झील पार्क में एक पौधा मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत चेयरपर्सन पति मोहम्मद जैद रशीद व अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने संयुक्त रूप से दो पौधे रोपे।

जानकारी के अनुसार डूडा विभाग ने अमृत योजना एक पौधा मां के नाम योजना के तहत नगर पालिका परिषद के अंतर्गत इस योजना को क्रियान्वयन करने के लिए डेढ़ सौ पौधे झील पार्क में रोपे जाने की योजना बनाई है। शुक्रवार को झील पार्क पर चेयरपर्सन पति मोहम्मद जैद रशीद व अधिशासी अधिकारी ओम गिरी, पालिका सभासद पोंटिंग, पालिका कर्मचारियों ने अहिल्याबाई होल्कर अभियान के तहत पौधे रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया, जिस पर झील पार्क में दो पौधे रोपे गए। इस योजना के बारे में अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने बताया कि इस योजना का शुभारंभ अहिल्याबाई होल्कर जयंती शताब्दी के अवसर पर इसका शुभारंभ दो पौधे शुक्रवार को रोप कर किया गया है। शेष 148 पौधे माह जून में झील पार्क में रोपे जाएंगे। इन पौधों की देखभाल के लिए करीब आधा दर्जन वृक्ष मित्र बनाकर उन्हें पौधे सोंपे जाएंगे। उन्होंने बताया इस योजना के तहत वृक्षों की देखभाल महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाना है, वृक्ष मित्र बनाई गई है। साथ ही यह कार्य अगले दो वर्ष तक महिलाएं पौधों की देखभाल करेंगी। पौधे लगाने व उनकी देखभाल के लिए प्रत्येक महिला को 1800 रुपए का मानदेय दिया जाएगा। साथ ही इसमें संगीता, लक्ष्मी, अनु, पूनम, रश्मि को वृक्ष मित्र बनाया गया है तथा उन्होंने पौधे लगाने के लिए किट भी दी गई है। इस अवसर पर कपिल कुमार, विशेष उपाध्याय, हर्ष जैन, विशेष शर्मा, सलीम अहमद, गजेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## डा. अंकित सैनी की पुस्तक का विमोचन



**बिजनौर।** कृष्णा फार्मेसी कालेज के प्राचार्य डा. अंकित कुमार सैनी के द्वारा फार्मेसी विभाग में अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए इस वर्ष में एक और खुशी का अध्याय जोड़ते हुए एक नई पुस्तक को लाया गया है। इस पुस्तक का विमोचन कृष्णा ग्रुप ऑफ कालेजेस के संस्थापक एवं निदेशक राजीव कुमार, चेयरमेन मनोज कुमार एवं कॉलेज निदेशक पवन कुमार के द्वारा किया गया। चेयरमेन मनोज कुमार ने पुस्तक का विमोचन करते हुए डा. अंकित सैनी के परिश्रम की सरहाना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्य पढ़ाई करते छात्र में नई क्रांति लाते है, जिससे छात्रों का मनोबल तो बढ़ता ही है एवं भविष्य में नई सोच एवं नई चेतना को जन्म मिलता है। पुस्तक फॉर्मेसी विभाग के विषय टेक्स्ट बुक ऑफ़ एडवांस्ड फॉर्माकोग्नॉसी पर लिखी गई है। इस पुस्तक के माध्यम से छात्र मास्टर इन फार्मेसी में फॉर्माकोग्नॉसी के क्षेत्र एक नया आयाम प्राप्त कर डा.अंकित कुमार सैनी के कठिन परिश्रम एवं लगातार की जा रही शोध को बहुत ही सुन्दर ढंग से इसमें उतरा गया है। डा. दशरथ सिंह, सीमा त्यागी, मोहम्मद खालिद, दीपिका पाल, दीपक कुमार, तारिक़ सिद्दीकी, मेघा गुप्ता, पूजा उपाध्यय, शेर सिंह, सरिता, पियूष कुमार, रजिस्ट्रार हिमांशु शर्मा आदि ने डा. अंकित सैनी को इस महान कार्य के लिए शुभकामनायें दी।

## एक नजर

### दो कारों की भिड़ंत में पांच घायल



**अफजलगढ़।** दो कारों की भिड़ंत में एक महिला सहित दो लोग घायल हो गए। दोनों को निजी नर्सिंग होम में भर्ती बताया गया। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घायल महिला को हायर सेंटर रैफर कर दिया। आज दोपहर भूतपुरी तिराहे थाना क्षेत्र के गांव मुरलीवाला निवासी हरेन्द्र सिंह पुत्र कुलवंत सिंह अपनी कार से भूतपुरी आया था कि वापसी में तिराहे पर कार मोड़ते समय उसकी कार से देहरादून से रामपुर जा रहे। देहरादून निवासी काबुल इस्लाम की कार से भिंड़त हो गई। कार में बैठी काबुल इस्लाम की मां शबाना (60 वर्ष) व दूसरी कार में हरेन्द्र (40 वर्ष) घायल हो गए। जिन्हें भूतपुरी स्थित एक निजी चिकित्सक में भर्ती कराया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल महिला को हायर सेंटर रैफर कर दिया गया।

### नहर किनारे मिले वृद्ध की मौत




**नहटौर।** हल्दौर क्षेत्र के गांव शफीपुर नंगली निवासी 60 वर्षीय प्रतीम सिंह पुत्र सौढल सिंह नहटौर क्षेत्र के गांव किशनपुर भोगन के पास नहर के रास्ते पर एक खेत के किनारे पड़ा मिला। बताया जाता है कि वह किसी किसी काम से हल्दौर मार्ग पर गांव किशनपुर भोगन के अड्डे पर आया था। वहां से वह अपने गांव जा रहा था। गुरूवार की सायं करीब सात बजे कुछ लोगों ने उसे वहां पड़ा हुआ देखा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस उसे अस्पताल लाई। चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### शहीदी दिवस पर शरबत पिलाया



**बिजनौर।** गंज रोड स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा झंडापुर संधू फार्म में आज पांचवी पातशाही श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर ठंडा शर्बत राहगीरों को पिलाकर मनाया गया। गुरुदेव सिंह प्रधान, दर्शन सिंह सेकेट्री तथा गुरुप्रीत सिंह, सुखराज सिंह, कुलविंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, बलदेव सिंह, हरजिंदर सिंह, सोनू सिंह, बब्बू सिंह आदि ने सेवा निभाई।

# समर कैम्प में छात्र छात्राओं ने किया योगा एवं व्यायाम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** संविलियन विद्यालय आसफाबाद चमन में ग्रीष्म कालीन अवकाश के दौरान समर कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने योगा एवं व्यायाम किया तथा भाषा व गणित सम्बंधी खेल खेलें।

विद्यालय के सहायक अध्यापक सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि संविलियन विद्यालय आसफाबाद चमन में ग्रीष्म कालीन अवकाश के दौरान संचालित समर कैम्प में छात्र छात्राओं द्वारा योगा एवं व्यायाम किया गया तथा उसके तत्पश्चात किचन गार्डन से सम्बंधित गतिविधियां आयोजित की गयी।

समर कैम्प के आयोजित करने से बच्चों मे उत्साह व नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। बच्चों ने भाषा व गणित सम्बंधी खेलों व क्रिया कलापों में भी रुचि ली। इस मौके पर गौतम, पंकज, हरीश कुमार, अनिल कुमार, अनिकेत, सलमान, अंशिका आदि छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिय

# आंगनबाड़ी केंद्रों में ग्रीष्मकालीन अवकाश

## डीएम के आदेश से खुशी की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** आंगनबाड़ी केंद्रों में भी जिलाधिकारी द्वारा ग्रीष्म कालीन अवकाश घोषित करने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं में खुशी की लहर दौड़ गई। अब आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को भी उ.प्र. बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचा. लित विद्यालयों/ मान्यता प्राप्त बेसिक विद्यालयों में 20 मई से 20 जून 2025 तक घोषित ग्रीष्मकालीन अवकाश का लाभ मिलेगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी शीतल वर्मा ने बताया कि उन्हें जिलाधिकारी से आदेश प्राप्त हुआ कि उ.प्र. बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित विद्यालयों/ मान्यता प्राप्त बेसिक विद्यालयों में 20 मई से 20 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चों का भीषण गर्मी एवं लू से बचाव होगा। यदि उ.प्र. बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित विद्यालयों/ मान्यता प्राप्त बेसिक विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि बढ़ती है तो यह अवधि जनपद में संचालित समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भी लागू रहेगी। समस्त आंगनबाडी कार्यकत्री एवं मिनी आंगनबाडी कार्यकत्री अपने केन्द्र पर उपस्थित रहते हुए पोषण ट्रेकर ऐप पर नियमित रूप से कार्य करेंगी तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं के द्वारा लाभार्थियों का पोषण ट्रेकर ऐप पर आधार सत्यापन, ड्राई राशन वितरण, वजन, मेजरिंग तत्काल प्रभाव से प्रभावी हो गया है। आदेश, शिखा चौहान, मनोज, अनीता देवी, सुमन देवी, गीता देवी, शमा परवीन, ज्ञानवती आदि कार्यकत्रियों व सहायिकाओं ने आदेश का स्वागत किया है और खुशी का इजहार किया।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर रूहेलखंड यूनिवर्सिटी में हुआ पत्रकारों का सम्मान



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर रूहेलखंड यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को एक भव्य पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के कई वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया गया। भारत समाचार के जिला संवाददाता दीपक शर्मा को राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

समारोह के दौरान वक्ताओं ने हिंदी पत्रकारिता के महत्व और इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर विस्तार से प्रकाश डाला। राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं, और उनकी भूमिका समाज को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेयर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि आज के समय में पत्रकारिता एक चुनौतीपूर्ण कार्य बन गया है। उन्होंने कहा कि पत्रकार अपनी जान जोखिम में डालकर सच्चाई सामने लाते हैं। आज का युग पत्रकारों के सम्मान का है, और समाज को उनके योगदान को समझते हुए उन्हें उचित सम्मान देना चाहिए। उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (उपजा) के अध्यक्ष पवन सक्सेना ने सभी पत्रकारों से एकजुट रहने का आह्वान किया, और कहा कि पत्रकारों की एकता ही उनकी ताकत है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को संगठित होकर अपने हितों की रक्षा करनी चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार दीपक शर्मा ने कहा कि राष्ट्रहित में पत्रकारिता का बड़ा योगदान होता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता न सिर्फ जनता की आवाज बनती है, बल्कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में सरकार और समाज के बीच सेतु का कार्य भी करती है। आज के दौर में निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे सच्चाई और निष्ठा के साथ पत्रकारिता करें, ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकार, छात्र और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह का समापन पत्रकारों को शुभकामनाओं और सम्मान के साथ हुआ।

# महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरकार कर रही काम: सांसद

- ग्राम्य विकास विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण गोष्ठी का किया गया आयोजन
- लखपति दीदी योजना साकार होने के बाद अब करोड़पति दीदी योजना की दिशा में किया जाएगा कार्य: डीएम



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार की गरिमामयी उपस्थिति में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा शुक्रवार को महिला सशक्तिकरण गोष्ठी का आयोजन जीआईसी ऑडिटोरियम में किया गया।

इस अवसर पर सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने अपने सम्बोधन में कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर ने विषम परिस्थितियों में समाज के लिए कार्य करते हुए अपना स्थान बनाया, और ऐसी महान महिलाओं को समाज में वह सम्मान नहीं मिल पाया। वह एक सामान्य परिवार से थी, उनसे प्रेरणा लेते हुए सरकार द्वारा महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। महिलाओं को राजनैतिक क्षेत्र में 33 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया है। गांव समृद्धिशाली बनेगा तो सारा देश समृद्धिशाली बनेगा। सरकार अपनी योजनाओं का लाभ भी महिलाओं के नाम से दे रही है जो महिलाएं अच्छा कार्य कर रही हैं उनका हौसला बढ़ाने का कार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक पौधा मां के नाम अवश्य लगाएं।

महापौर ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर की पुण्यात्मा से कुछ सीखकर जाएं, और अपने परिवार के बुजुर्ग सदस्यों के सम्मान की नसीहत दी। जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह व बहोरन लाल मौर्य ने भी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 31 मई को उनकी 300वीं जयंती शताब्दी पूरे श्रद्धाभाव के साथ मनाई जा रही है। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

इस अवसर पर डीएम अविनाश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाएं महिलाओं को सशक्त बना रही हैं। केन्द्र व राज्य सरकार के स्तर की संचालित योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सशक्त उद्यमी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक व आर्थिक रूप से महिलाओं को समृद्ध किया जा रहा है। हम विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गए हैं।

इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत लाभार्थी महिला सीमा सिंह, प्रियंका देवी, गुंजन शुक्ला, सत्यवती को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजनान्तर्गत नीतू वर्मा व ज्ञान देवी को स्वीकृत धनराशि के चेक प्रदान किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत लाभार्थी महिला हलीमन, शमशुल जहां, नाजरा, नीलम, गुड़िया को आवास की चाबी प्रदान की गयी। मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत लाभार्थी महिला राधा देवी, राजकुमारी, रुकसाना, ममता, जशोदा देवी को स्वीकृत पत्र प्रदान किए गए।

मनरेगा योजनान्तर्गत महिला मेठ नीतू देवी, आरती देवी व ग्राम रोजगार सेवक मीनू गंगवार, पुष्पा गंगवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उद्योग विभाग में विभिन्न योजनान्तर्गत लवली श्रीवास्तव, रजनी, अनीता कुमारी, अर्पिता सिंह भदोरिया को स्वीकृत धनराशि के चेक प्रदान किए गए। मत्स्य विभाग की लघु सर्कुलेटरी सिस्टम योजनान्तर्गत संध्या को डमी चेक प्रदान किया गया।

# खंडहर में रंग रलियां मना रहे युवक और महिला को पकड़कर पुलिस को सौंपा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** कस्बे के एक निजी अस्पताल में अपने प्रेमी रिश्ते के भांजे के साथ एक महिला किसी मरीज को देखने आई थी, जो अस्पताल के निकट पड़े एक खंडहर में रंग रलियां मनाने पहुंच गई, अस्पताल के कर्मी ने दोनों को रंग रलियां मनाते हुए रंगे हाथ पकड़कर पुलिस के सुपर्द कर दिया।

थाना हाफिजगंज क्षेत्र के एक गांव की तलाक शुदा महिला अपने रिश्ते के भांजे के साथ कस्बे के एक निजी अस्पताल में किसी मरीज को देखने आई थी। बताया जाता है कि दोनों अस्पताल के निकट एक खंडहर में रंग रलियां मनाने लगे, इसी दौरान अस्पताल के कर्मी का उधर से गुजर हुआ तो वहां से खट पट की आवाज सुनाई दी, जिसपर उसने अंदर जाकर देखा तो दोनों वहां रंग रलियां मना रहे थे।

उसने इसकी सूचना अस्पताल के चिकित्सकों को दी, जिसपर उन्होंने डायल 112 पुलिस को फोन कर इसकी सूचना दी, जिसपर पहुंची पुलिस के हवाले दोनों को कर दिया गया। पुलिस को महिला को उसके परिजनों के सुपर्द कर दिया, जबकि युवक को हिरासत में ले लिया गया।

## रात दस बजे के बाद डीजे प्रतिबंधित रखने के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला व्यापार बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में व्यापारियों द्वारा अवगत कराया गया कि जुलूसों व शोभायात्रा में भारी आवाजों में डीजे बजाते हैं, उनके लिए सख्त नियम बनाए जाएं, जिसपर डीएम ने निर्देश दिए कि डीजे निर्धारित मानक के अनुसार ही बजाया जाए, और रात्रि 10 बजे के बाद डीजे प्रतिबंधित रहें। बैठक में अवगत कराया गया कि 09 स्थानों पर ई-रिक्शा प्रतिबंधित हैं, एवं 10 स्थानों को एकल मार्ग के रूप में चयनित किया गया है। बैठक में उपायुक्त राज्यकर, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, व्यापारी बंधुगण आदि उपस्थित रहे।

# महिला सशक्तिकरण सम्मान समारोह का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर नगर पालिका बहेड़ी में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुधीर गुप्ता एमएलसी पीलीभीत शाहजहांपुर, श्रुति गंगवार और रश्मि जायसवाल चेयरमैन बहेड़ी ने महिलाओं और छात्राओं को सम्मानित किया, और नारी शक्तियों के बारे में बताया

सुधीर गुप्ता ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को सम्मान दिया है, और हर क्षेत्र में महिलाओं को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि राजनीति हो या फिर कोई और क्षेत्र, महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

नगर पालिका बहेड़ी में जो लड़कियां पढ़ाई में अच्छे नंबर लाई हैं, उनको सम्मानित किया गया। नेट में क्वालिफाई करने वाली नगर की बेटी को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रुति गंगवार और रश्मि जायसवाल चेयरमैन बहेड़ी भी उपस्थित थीं।

रश्मि जायसवाल ने कहा कि नारी शक्ति का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें सम्मान देना हमारा दायित्व है। इस अवसर पर नगर की महिलाओं और छात्राओं ने भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए।

स्वाति कुमार ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए हमें एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें सम्मान देना हमारा दायित्व है। इस अवसर पर नगर की महिलाओं और छात्राओं ने एकजुट होकर महिला सशक्तिकरण के लिए अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर मिशन स्कूल एमजीएम सहित स्कूलों की छात्राओं को सम्मानित किया गया। सभी मुख्य अतिथियों ने नगर की छात्रा नाजरीन को नैट में क्वालिफाई करने पर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर की महिलाओं और छात्राओं ने एकजुट होकर महिला सशक्तिकरण के लिए अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर बहेड़ी के पत्रकारों और सभासदों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ईओ शशि प्रभा, इंस्पेक्टर अहमद हसन, चेयरमैन पति बॉबी जायसवाल, नगर अध्यक्ष सुनील रस्तोगी, मोहन सिंह, आशेराम गंगवार, लाल सिंह, रमेश ठाकुर, ओम प्रकाश, परविंदर, हसन जाफरी, वाजिद अंसारी, इरफान अंसारी, ताहिर पप्पू, मो0 रिजवान, युनुस अनमता, हसन जाफरी, राकेश मिश्रा, जलीस आजाद, नसीम अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### क्रिकेट-योग में छात्र-छात्राओं ने हासिल की दक्षता

शाह टाइम्स संवाददाता

**देवरनियां।** मिशन ग्लोबल एकेडमी सिंधौरा (रिछा) में पांच दिवसीय समर कैंप का समारोह पूर्वक समापन आज शुक्रवार को हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय के संरक्षक आरके



सक्सेना एवं सीएचसी रिछा के डेंटल सर्जन डा. अजीत प्रज्ञ के कर कमलों द्वारा किया गया। छात्रा काजल और उसके ग्रुप द्वारा नृत्य की सुन्दर प्रस्तुतियां दी गई। इस समर कैंप के विषय में बताते हुए विद्यालय के प्रबंधक जितेंद्र कुमार सक्सेना ने बताया कि पांच दिवसों में छात्र-छात्राओं ने क्रिकेट, योग, मेडिटेशन, आर्ट एंड क्राफ्ट आदि में दक्षता हासिल की। इस अवसर पर बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। जिनमें आमना नईम, जेद, अनिबिया रहमान, अलीम जहांगीर अंसारी, इरम जहांगीर अंसारी, यंमक गंगवार आदि प्रमुख रहे।

इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक आरके सक्सेना ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को भविष्य में भी कठिन परिश्रम करके अपने विद्यालय और माता-पिता का नाम रोशन करने का आह्वान किया, तथा अपने जीवन का लक्ष्य मानवता की सेवा बनाने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य बीके कश्यप ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर समर कैंप का संचालन कर रहे क्रिकेट कोच सौरभ पूनिया, राफिया मुख्तार, शाजिया नाज और सिदरा खान को भी सम्मानित किया गया। अंत में विद्यालय के निदेशक अमित देओल एवं विद्यालय के उप प्रधानाचार्य मोबिन मलिक ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अभिभावकों में मोहम्मद नईम, जियाउर्रहमान, जहांगीर अंसारी, मुजीब अहमद, डॉक्टर मानसी तथा रामेंद्र पाठक, आशुतोष वर्मा आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### रानी अहिल्याबाई होलकर त्रिशताबदी वर्ष पर किया गया याद

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** रानी अहिल्यावाई होलकर की त्रिशताब्दी पर शुक्रवार को नगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय कम्युनिटी हाल सभागार में मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा वृज क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश्वर पटेल ने उन्हें याद करते हुए रानी अहिल्याबाई होलकर को महिला शशक्तिकरण का



जन्म दाता बताया। कार्यक्रम में विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने इस दौरान रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर विस्तार से जानकारी देते हुए उनसे प्रेरणा लेने का आवाहन किया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता राठौर, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार ने रानी अहिल्याबाई होलकर के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें एक महान शासक बताया। कहा कि उन्होंने साढ़े तीन सौ से अधिक मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। आयोजन में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नीरेंद्र सिंह राठौर, भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री डा. मीनाक्षी गंगवार, सभासद रामप्रकाश गंगवार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद दिवाकर, नत्थू लाल आर्य, मनोज दिवाकर, विमला शुक्ला, केशव गुप्ता, आशीष गुप्ता, राजीव कुमार, गणेश प्रसाद सहित भाजपा मंडल अध्यक्षों ने भाग लिया।

# मुनादी कराने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटा रहे हैं दुकानदार

- फड़ और ठेले वालों से अवैध वसूली करके जाम लगवाते हैं दुकानदार



शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** नगर पालिका परिषद फरीदपुर द्वारा पूर्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान की मुनादी करवाने के बाद पालिका क्षेत्र में गुरुवार दोपहर अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया गया। अभियान के तहत गुरुवार को नगर पालिका के आसपास अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत तो की गई, लेकिन नगर के बीसलपुर रोड एवं स्टेशन रोड सहित अन्य मार्गों पर दुकानदारों द्वारा किए गए भीषण अवैध अतिक्रमण पर पालिका के अभियान का कोई खास असर नहीं दिखाई दिया। दुकानदार दुकान के बाहर रोड के किनारे तक सामान रखकर अतिक्रमण करते हुए दिखाई दिए। पालिका द्वारा कार्यवाही से बेखौफ अतिक्रमणकारियों ने अभियान चलाने के तुरंत बाद ही नगर के सभी मार्गों पर रोड किनारे तक अतिक्रमण करते हुए जमकर अतिक्रमण हटाओ अभियान की धज्जियां उड़ाईं। पालिका का प्रशासन अब फड़ और ठेलों को लगवाने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है।

फरीदपुर के मुख्य बाजार मेन रोड सहित स्टेशन एवं बीसलपुर रोड पर दुकानदारों द्वारा रोड किनारे तक दुकान की सामग्री लगाकर अतिक्रमण एक लंबे अरसे से होता आ रहा है। जाम की मुख्य वजह दुकानों के आगे लगने वाले फल एवं ठेला एवं अवैध टेंपो स्टैंड प्रमुख रूप से हैं। दरअसल किसी ठेले अथवा फड़ वाले की हिम्मत नहीं कि वह किसी दुकान के आगे अपना फड़ अथवा ठेला लगा सके, इसके लिए दुकानदार खुद फड़ एवं ठेला धारकों से प्रतिमाह के हिसाब से अवैध वसूली करके अपनी दुकान के आगे फड़ एवं ठेला लगवाते हैं। जिसके चलते रोड पर भीषण जाम की स्थिति पैदा होने लगती है।

भीषण जाम एवं आए दिन बाजारों से छीना झपटी के मामले आने के बाद समाजसेवी संस्था नर सेवा नारायण सेवा सहित कई समाजसेवी संस्थाओं ने अतिक्रमण करवाने वाले जिम्मेदार दुकानदारों पर कार्यवाही की मांग करते हुए ठेला, फड़ एवं टेंपो स्टैंड के लिए पालिका द्वारा समुचित स्थान निर्धारित कर संचालित कराये जाने की व्यवस्था करने की मांग की थी। लेकिन नगर पालिका परिषद फरीदपुर प्रतिवर्ष अतिक्रमण हटाओ अभियान के नाम पर खाना पूरी करके अभियान को कागजों में सफलतापूर्वक दर्ज कर देती है। इसी के अंतर्गत गुरुवार की दोपहर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुरजीत सिंह की टीम ने नगर पालिका से थाना गेट तक अतिक्रमण हटाओ अभियान का आगाज कर कुछ देर में अभियान बंद कर दिया। नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू होने के बाद भी अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद रहे, और वह बेखौफ होकर शुक्रवार को नगर के सभी मार्गों पर अपनी दुकानों के आगे फल एवं ठेला लगवाने सहित अपनी दुकानों का सामान रोड पर रखकर अतिक्रमण करते नजर आए।

> दुकान के आगे फड़ एवं ठेला लगा पाए जाने पर दुकानदार के खिलाफ नोटिस देकर कार्रवाई की जाएगी, गुरुवार को फूड टावर दुकानदार को इस संबंध में नोटिस दिया गया है, अतिक्रमण हटाओ अभियान नगर में अतिक्रमण मुक्त होने तक जारी रहेगा। फड़ एवं ठेलों के लिए नगर पालिका द्वारा निर्धारित स्थान पर लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं।
> **शैलेंद्र कुमार मिश्रा, ईओ नगर पालिका फरीदपुर**

# डीएम ने किसानों को सहायता राशि के चेक वितरण किए



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** शुक्रवार को डीएम अविनाश सिंह ने मुख्यमंत्री खेत-खलिहान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना के अंतर्गत अग्निकांड से प्रभावित किसानों को सहायता राशि के चेक कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में वितरण किया।

उत्तर प्रदेश के अधिसूचित मण्डी क्षेत्रों में स्थित खलिहानों में मड़ाई हेतु रखी फसल, उपज, अवशेष अंश एवं खड़ी फसल की अग्नि दुर्घटना से हुई क्षति हेतु वित्तीय सहायता, मण्डी परिषद द्वारा मण्डी समितियों के माध्यम से मुख्यमंत्री खेत-खलिहान अग्निकाण्ड दुर्घटना सहायता योजना संचालित है।

उक्त योजनान्तर्गत एक हेक्टेयर अर्थात 2.5 एकड़ तक क्षतिग्रस्त होने की दशा में 30,000 रुपए, एक हेक्टेयर से 2 हेक्टेयर अर्थात् 2.5 एकड़ से 5 एकड़ तक क्षतिग्रस्त होने की दशा में 40,000 रुपए तथा 02 हेक्टेयर या 05 एकड़ से अधिक क्षतिग्रस्त होने की दशा में 50,000 रुपए प्रदान किए जाते हैं। किसी एक स्थान में घटित अग्निकाण्ड दुर्घटना में सामूहिक क्षति की धनराशि दो लाख रुपए की सहायता दी जाती है।

उक्त के योजनान्तर्गत आज डीएम द्वारा कृषक बन्धु कृष्ण बाबू, वीरपाल, राम प्रसाद, अमर सिंह, रामऔतार, विजय पाल, हेम सिंह, यशपाल सिंह, संजीव कुमार गुप्ता, जयप्रकाश, हर प्रसाद, मो0 अली अंसारी व जायरा बेगम सहित कुल 13 कृषकों को स्वीकृत धनराशि के चेक प्रदान किए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देश दीपक सिंह, मण्डी सचिव सहित कृषक बन्धुगण उपस्थित रहे।

### भाई की बुरी नीयत से बचने के लिए बहन ने बदला धर्म

शाह टाइम्स ब्यूरो



**बरेली।** फुफेरा भाई अपने से निकाह करने का दबाव बना रहा था, जिससे परेशान होकर उत्तराखंड के काशीपुर निवासी महक ने धर्म परिवर्तन कर बरेली के युवक ऋषि राय से विवाह कर लिया। आचार्य केके शंखधार ने हिंदू रीति-रिवाज से महक और ऋषि का विवाह कराया।

काशीपुर निवासी महक ने बताया कि उसकी मुलाकात तीन साल पहले बरेली के बाकरगंज में ऋषि से हुई थी। वह उन दिनों अपने माता-पिता के साथ यहीं रहती थीं। पड़ोसी मोहल्ला कुंवरपुर तलैया निवासी ऋषि राय से महक की मुलाकात के बाद बातचीत बढ़ी और प्रेम हो गया।

> ऋषि से शादी कर बन गई महक, बोली-सनातन में आस्था

पिता की मौत के बाद मां ने दूसरी शादी की तो सौतेला पिता महक पर गलत नजर रखने लगा। उसके बाद महक उत्तराखंड के काशीपुर में अपनी ननिहाल में चली गई। महक और ऋषि एक-दूसरे से शादी करना चाहते थे, लेकिन दोनों के परिवारवाले इसके लिए तैयार नहीं थे।

महक ने आचार्य केके शंखधार को बताया कि उसका फुफेरा भाई उसपर गलत नजर रखता था। उसने दबाव बनाया कि महक से उसका निकाह हो जाए, लेकिन महक को यह पसंद नहीं था। घरवाले उसकी बात सुनने को तैयार नहीं थे। तब महक ने ऋषि को पूरी बात बताई और फिर उसके साथ जाने को घर छोड़ दिया। दोनों बरेली आए और अगस्त्य मुनि आश्रम में आचार्य केके शंखधार से मिले। आचार्य ने दोनों की उम्र आदि का प्रमाण देखने के बाद पहले महक का शुद्धिकरण कराया, फिर दोनों ने सात फेरे ले लिए और हिंदू रीति रिवाज से शादी कर ली। दोनों के विवाद के वीडियो भी सामने आए हैं।

महक ने बताया कि मुस्लिम धर्म में हिजाब, बहुविवाह और हलाला जैसे नियम हैं जो उसे पसंद नहीं हैं। इसलिए उसकी आस्था हिंदू धर्म में हो गई। महक का कहना है कि उसने स्वेच्छा से हिंदू धर्म अपनाया है क्योंकि उसे यहां सम्मान और सुरक्षा की भावना मिली। महक ने बताया कि वह ऋषि से बहुत प्यार करती है और उसके साथ सुरक्षित महसूस करती है। उसने कहा कि ऋषि और वह एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकते। अगर किसी ने उन्हें अलग करने की कोशिश की तो वह दोनों जान दे देंगे।

# डीएम ने की राष्ट्रीय पेंशन की समीक्षा



- राष्ट्रीय पेंशन योजनान्तर्गत समस्त लाभार्थियों का शेष सत्यापन सघनता के साथ चार कार्य दिवस में कराने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को राष्ट्रीय पेंशन (पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन) की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों व खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनान्तर्गत समस्त लाभार्थियों का शेष सत्यापन सघनता के साथ चार कार्य दिवस में कराना सुनिश्चित करें, साथ ही लाभार्थियों की पात्र, अपात्र की सुस्पष्ट आख्या अंकित करते हुए आख्या प्रेषित करें।

उन्होंने अपात्र लाभार्थियों के प्रकरण के संबंध में उपजिलाधिकारी आंवला को निर्देश दिए कि प्रकरण की जांच यथाशीघ्र करना सुनिश्चित करें, जिससे दोषियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जा सके।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (नगर) सौरभ दुबे, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधाशु शेखर, जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिक राणा, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी चमन सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी रामनगर, बिथरी चैनपुर, फतेहगंज पश्चिमी, बहेड़ी, नवाबगंज एवं भदपुरा, एडीओ समाज कल्याण मीरगंज उपस्थित रहे।

# .....जनसेवा केंद्र में फर्जीवाड़ा.....

# बरेली में 10वीं पास चला रहा था फर्जी आधार कार्ड बनाने का रैकेट, दो आरोपी दबोचे




शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** पुलिस ने फर्जी दस्तावेज बनाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। भोजीपुरा में दो युवक पिछले एक साल से फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड, मूल निवास प्रमाणपत्र, जाति-आय प्रमाण पत्र और मार्कशीट बना रहे थे। पुलिस ने शुक्रवार को अजहरी जनसेवा केंद्र एवं आधार कार्ड केंद्र पर छापा मारा तो फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। मौके से बड़ी संख्या में दस्तावेज बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

भोजीपुरा थाना क्षेत्र के पचदौरा दोहरिया में मोहम्मद फहीम उर्फ गुड्डू और जियाउल मुस्तफा अजहरी जनसेवा केंद्र एवं आधार कार्ड केंद्र चला रहे थे। पुलिस को सूचना मिली कि इस जनसेवा केंद्र पर फर्जी दस्तावेज बनाए जा रहे हैं। इस पर थाना पुलिस ने छापा मारा। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस को मौके से एक लैपटॉप, एक पीवीसी कार्ड मशीन, एक मॉनिटर, एक सीपीयू, दो प्रिंटर स्कैनर, एक कैमरा, एक वेब कैमरा, कैमरा स्टैंड, एक बड़ी फिंगर प्रिंट मशीन, दो छोटे थंब स्कैनर, दो कैमरा सीपी, तीन मोबाइल फोन, 20 जाली जन्म प्रमाण पत्र, 15 फर्जी निवास प्रमाण पत्र, पांच फर्जी आय प्रमाण पत्र, 15 फर्जी स्टांप पेपर, एक बिहार बोर्ड कक्षा 10 की जाली मार्कशीट, यूपी बोर्ड की कक्षा 10 की जाली मार्कशीट, 20 जाली आधार कार्ड, दो पैन कार्ड, 44 ब्लैक प्लास्टिक आधार कार्ड, एक जाली वोटर आईडी आदि दस्तावेज बरामद हुए हैं।

### पहले बैंक में आधार बनाने का काम करता था आरोपी

एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि मोहम्मद फहीम 2012 से 2019 तक और 2023 से 2024 तक बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में आधार कार्ड बनाने का काम करता था। जहां इसे 10,500 रुपए सैलरी मिलती थी। इसके बाद एक नये आधार कार्ड पर 18 रुपये और अपडेट पर 13 रुपये कमीशन मिलने लगा। लेकिन यह लोग आधार कार्ड बनाने के सौ रुपये मांगने लगे थे, जिसकी किसी ने यूआईडीएआई (यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया) में शिकायत कर दी, जिसपर उसे हटा दिया गया था।

### जनसेवा केंद्र की आड़ में करने लगे फर्जीवाड़ा

नौकरी जाने के बाद फहीम ने जनसेवा केंद्र खोल लिया। जहां उसने जियाउल मुस्तफा को भी साथ रख लिया। फिर दोनों मिलकर जाली दस्तावेज बनाने का काम करने लगे। इससे ये लोग हर महीने लाखों रुपये कमाते थे। जियाउल मुस्तफा ने इंटर के बाद नीट की तैयारी की थी। पिछले छह महीने से वह जनसेवा केंद्र चला रहा था, जबकि मोहम्मद फहीम हाईस्कूल पास है।

# शाहबाद में पेन डायरी देकर पत्रकारों ने मनाया पत्रकारिता दिवस

## मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए एसडीएम शाहाबाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकारों के संगठन पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन ने पेन और डायरी देकर पत्रकारिता दिवस मनाया।

शुक्रवार को शाहबाद स्थित एमजे एकेडमी में पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य इकट्ठा हुए और हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर संगठन की ओर से संगठन के सदस्यों/ पत्रकारों को पेन डायरी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसडीएम शाहबाद हिमांशु उपाध्याय व तहसीलदार शाहबाद राकेश कुमार चंद्रा मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शामिल हुए।




इस दौरान एसडीएम शाहाबाद हिमांशु उपाध्याय ने पत्रकार और पत्रकारिता पर विस्तार से चर्चा की और पत्रकारिता के इतिहास को दोहराते हुए बताया कि भारत की आजादी में पत्रकार और अखबार का बहुत बड़ा योगदान था। संगठन पर चर्चा करते हुए एसडीएम ने कहा कि संगठन में बहुत ताकत होती है।

पत्रकार को भारत का चौथा स्तंभ कहा जाता है। तहसीलदार शाहबाद राकेश कुमार चन्द्रा ने अपने संबोधन ने कहा कि भारत में पहला समाचार पत्र बंगाल गजट प्रकाशित हुआ जो की अंग्रेजी में छपता था वही हिंदी पत्रकारिता का पहला अखबार उदंड मार्तंड था। इस मौके पर दैनिक जागरण के तहसील प्रभारी अखिलेश रस्तोगी पत्रकार वेद प्रकाश विद्यार्थी का संगठन शामिल होने पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनकर स्वागत किया। वहीं संगठन में वापसी होने पर सुहैल खान, विशाल जोशी और सुमित कुमार का संगठन के पदाधिकारियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष आफताब पर महासचिव सिफत मियां, सुहेल खान , सखावत अली व एहसान खाँ ने विस्तार से अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन महासचिव सिफत मियां ने किया।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष शराफत हुसैन, उपाध्यक्ष राजीव भटनागर, कोषाध्यक्ष मुस्तफा अली, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, कनिष्ठ उपाध्यक्ष आकाश शंकर, विधिक सलाहकार अभिषेक शर्मा, संयुक्त सचिव विशाल जोशी, सचिव शावेज छोटे, सचिव वीरेंद्र मौर्य, वेद प्रकाश विद्यार्थी, फहीम आतिश, जहीर खां, तकरीर अहमद, धर्मेंद्र सागर, इरफान मलिक, फैजान खा, शान खां, सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# नेशनल प्रेस क्लब न केक काटकर मनाया हिंदी पत्रकारिता दिवस




**( मो. फारूख अंसारी )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** पत्रकारिता दिवस के मौके पर नेशनल प्रेस क्लब मसवासी द्वारा शाहरुख मोबाइल हब पर केक काटकर हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया गया इस मौके पर सभी ने पत्रकार एकता पर जोर दिया तथा एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर नेशनल प्रेस क्लब के अध्यक्ष शकील मलिक ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है तथा सभी पत्रकार बंधु निर्भीकता एवं निडरता के साथ अपनी मर्यादा एवं गरिमा में रहकर कार्य करें तथा एक जुट रहे। पत्रकार विषम परिस्थिति में भी अपने कार्य पर अडिग रहता है समाज के वंचित शोषित वर्ग कमजोर तथा लाचारों की आवाज को शासन प्रशासन तक पहुंचाता है।

इस मौके पर नेशनल प्रेस क्लब के अध्यक्ष शकील मलिक, संरक्षक डॉव कोतवाल सिंह वर्मा, उपाध्यक्ष फारूक अंसारी ,कोषाध्यक्ष संजीव वर्मा, शाहरुख अंसारी, खालिद मोहम्मद मोहम्मद कासिम, राहुल मौर्य, रूप किशोर मोर्य, फैज मलिक आदि पत्रकार शामिल रहे।

# सड़क चौड़ीकरण से भयभीत लोग एसडीएम से मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** बीते दिनों पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा सड़क चौड़ीकरण के मध्य नजर दुकानदारों को नोटिस दिए गए थे वहीं राजस्व टीम के साथ मिलकर निशान देही भी की गई थी।

निशांत दही के बाद जद में आने वाले दुकानदारों में खलबली मच गई।

कार्रवाई के लिए सप्ताह भर का टाइम देकर रिक्शा द्वारा अनाउंसमेंट भी कराया गया। साथ में आने वाले दुकानदार अपनी बात को उत्तर प्रदेश के सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ तक पहुंचाने के लिए शहर विधायक आकाश सक्सेना हनी से मिले और अपनी समस्या उनके सामने रखी। वहीं शुक्रवार को दुकानदार व्यापारी संगठन के साथ एसडीएम शाहबाद हिमांशु उपाध्याय से मिले और शिकायत पत्र सौंपते हुए बताया कि पीडब्ल्यूडी के पुराने रिकॉर्ड में इस सड़क का नाम जीरो प्वाइंट (सिंचाई विभाग का डाक बंगला) से शाहबाद सिरौली ग्रामीण मानकों की सड़क है जिसमें व्यापारियों द्वारा आग्रह किया गया है कि जब हमारी दुकान एवं मकान पीडब्ल्यूडी के पुराने मानकों के अंतर्गत हैं तो नया मानक बिलारी भमोरा मार्ग बिना मुआवजा के किस मानक के अंतर्गत बनाया जा रहा है।

इस पर एसडीएम शाहबाद हिमांशु उपाध्याय ने मौके पर जाकर निरीक्षण कर समस्या से आला अधिकारियों को अवगत कराने की बात कही।

इस दौरान व्यापारी संगठन से मुकेश कुमार गुप्ता गोरेखा राजू गुप्ता वेद प्रकाश चंद्रवंशी आदि मौजूद रहे।

# समस्या के समाधान के लिए निरीक्षण को पहुंचे एसडीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** रामपुर चौराहे से लेकर चंदौसी चौराहे व बिलारी चौराहा तक पीडब्लूडी विभाग के द्वारा निशान देवी कर लाल निशान लगाए गए वही रिक्शा के द्वारा सप्ताह भर में अतिक्रमण को तोड़ने का भी टाइम दिया गया।

निशांन देही के बाद जद में कई दुकान और मकान आने से दुकानदार और मकान मालिक भयभीत है वहीं समस्या के समाधान के लिए शहर विधायक आकाश सक्सेना हनी से भी लोग मिले शुक्रवार को पीडब्लूडी की जड़ में आने वाले सभी दुकानदार और मकान मालिक व्यापारी संगठन के साथ एसडीएम शाहाबाद हिमांशु उपाध्याय से मिले इस पर हिमांशु उपाध्याय ने मौके पर जाकर निरीक्षण कर समस्या के समाधान के लिए आला अधिकारियों को अवगत कराने की बात कही।



उसके बाद एसडीएम शाहाबाद हिमांशु उपाध्याय निरीक्षण के लिए मौके पर पहुंचे जहां पर ढकिया चौराहे से लेकर चंदौसी चौराहे तक पीडब्लूडी की जद में आने वाले दुकानदार व मकान मालिक एसडीम को मौजूद मिले। जिन्होंने एक-एक कर अपने दुकान पर मकान का एसडीएम को निरीक्षण कराया।

इस दौरान प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश महामंत्री सुरेश बाबू गुप्ता, नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्र गुप्ता, महामंत्री गोरे खान, लक्ष्मी नारायण, वेद प्रकाश चंद्रवंशी, शिशुपाल सिंह, नेकपाल सिंह, डॉक्टर रामजी पांडेय, प्रमोद सिंह, पवन सिंह, असलम खान, बुंदू खान एडवोकेट तालिब मलिक सहित दुकान व मकान मालिक मौजूद रहे।

## एक नजर

### नोडल अधिकारी ने की आकांक्षात्मक विकास खण्ड सैदनगर के विकास कार्यों की समीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी, निदेशक पंचायतीराज अमित कुमार सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में आकांक्षात्मक विकास खण्ड सैदनगर में अब तक की गई प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में नोडल अधिकारी ने इंडिकेटर वार कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के इंडिकेटर की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सीएम फेलो यूनिसेफ के डाटा से सर्वे करते हुए वास्तविक जानकारी प्राप्त करें।

जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि विकासखंड सईद नगर में राजकीय इंटर कॉलेज में स्वीकृत पदों के सापेक्ष काफी कम पद भरे होने के कारण विकासखंड का इंटरमीडिएट का रिजल्ट प्रभावित होता है। नोडल अधिकारी ने निर्देश दिए कि इस संबंध में शासन को अवगत करायें। आईसीडीएस विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कह कि गर्भवती महिलाओं के लिए नियमित रूप से पुष्टाहार वितरण कराकर उपभोग भी सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सीएम फेलो को निर्देश दिए कि वह विभागों को सुझाव प्रस्तुत करें, जिससे कि योजनाओं का और अधिक प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जा सके। निदेशक ने पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने ग्राम धमौरा में निर्मित ग्रामीण मॉल की प्रशंसा की और निर्देश दिए कि जनपद में इस प्रकार के और माल स्थापित किए जायें। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि जनपद के ग्रामों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का कार्य प्रारंभ कराया गया है, जिसमें ग्राम के ही व्यक्ति को कूड़ा कलेक्शन में लगाया गया है, जिससे ग्राम के व्यक्ति को रोजगार प्राप्त हो रहा है। साथ ही गांव में नियमित रूप से साफ सफाई भी हो रही है। उन्होंने बताया कि इस कार्य से ग्राम पंचायत को आमदनी भी प्राप्त हो रही है। नोडल अधिकारी ने पंचायतीराज विभाग द्वारा किये जा कार्यों की प्रशंसा की। बैठक में संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय युवा क्रांति मोर्चा ने डीएम-एसपी को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय युवा क्रान्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नलिन सिंह ने साथियों सहित जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से भेंट की। सब ने पुष्प गुच्छ दे कर उन का स्वागत किया और जनपद में किये जा रहे अच्छे कार्यों के लिए दोनों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर नलिन सिंह ने कहा कि जिस जनपद के अधिकारी कर्मशील होते हैं, वह जनपद निश्चित रूप से उन्नति करता है। जिस ढंग से आज की तिथि में काम हो रहे हैं, वह वास्तव में प्रशंसनीय है।

इस अवसर पर संगठन के प्रांतीय प्रवक्ता एडवोकेट क्रान्ति शेखर सारंग, प्रांतीय विधिक सलाहकार एडवोकेट मोहित सिंह, मिलक नगर उपाध्यक्ष गुरुदर्शन सिंह, नगर सचिव रविंदर सिंह, शुभम पांडेय एवं भाजयुमो के जिलाध्यक्ष ऋषभ ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# रेडिको ने क्लरख खजुरिया ग्राम से पुनः आरंभ की जल संरक्षण की मुहिम

## स्वयं के खर्च से लगाए जाएंगे 35 इंजेक्शन वेल स आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा की जाएगी कार्य की निगरानी

**( इमरान हुसैन )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रेडिको खेतान लिमिटेड की भूजल शक्ति परियोजना के अंतर्गत आज चमरौआ विकास खंड के कलरख गाँव में इंजेक्शन वेल का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रेडिको खेतान लिमिटेड के इंजीनियरिंग एवं प्रोजेक्ट हेड विकास सक्सेना द्वारा नारियल फोड़कर किया गया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए सक्सेना ने कहा कि रेडिको खेतान लिमिटेड की भूजल शक्ति परियोजना सरकार की नीतियों के अनुरूप संचालित की जा रही है। यह परियोजना रामपुर वासियों के लिए जल संरक्षण के क्षेत्र में एक वरदान साबित होगी। रेडिको खेतान का यह तृतीय जल संरक्षण कार्यक्रम है। रेडिको खेतान ने सबसे पहले 2016 से 2019 तक एवं द्वितीय चरण में 2022 से 2024 तक एवं अब तृतीय चरण का शुभारंभ हुआ है स रेडिको खेतान चमरौआ ब्लॉक में हमेशा से जल संरक्षण के प्रति जागरूक रही है एवं ब्लॉक को डार्क जोन से बाहर लाने में किए गए



उपाय कारगर रहे हैं स जिला प्रशासन से रेडिको खेतान एवं आर्ट ऑफ लिविंग ने सामूहिक प्रार्थना पत्र देकर अनुमति प्राप्त कर ली है। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए रेडिको खेतान लिमिटेड के सीएसआर प्रबंधक हिमांशु सिंह ने बताया कि रेडिको खेतान अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत रामपुर जनपद में कौशल विकास, स्वास्थ्य सेवाएं और बालिका शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के प्रोजेक्ट मैनेजर आदित्यनाथ चौबे, चन्दन, शुभम, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने परियोजना के प्रति खुशी और आभार प्रकट करते हुए इसे एक मूलभूत और समयोचित पहल बताया।

# राणा शुगर मिल के सामने इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप का हुआ शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** इंडियन ऑयल द्वारा लकी ड्रा में विजेता ने पेट्रोल पंप का किया शुभारंभ। शाहबाद के ग्राम चकरपुर कदीम निवासी रेनू वाला सिंह आनंद ने इंडियन ऑयल की तरफ से लकी ड्रा में भाग लिया था। जिसमें वह विजेता हुई। और पेट्रोल पंप विजेता बनी। जिसके बाद समस्त औपचारिकता पूर्ण करने के बाद शुक्रवार को मुख्य अतिथि के रूप में आए शाहबाद से डॉक्टर विजयपाल ने फीता काटकर पेट्रोल पंप का उद्घाटन किया। सभी सम्मानित लोगों का पेट्रोल पंप पर भोजन कराया गया। पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल भरवाने आए पहले व्यक्ति को सुरक्षा की दृष्टि से पेट्रोल पंप मालिक के पति डॉ आनंदपाल ने हेलमेट देकर सम्मानित किया। और दो पहिया वाहन चालक से निवेदन किया कि बिना हेलमेट दो पहिया वाहन ना चलाएं। इस मौके पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री सुरेंद्र सिंह सागर,रमेश यादव पूर्व प्रधान,वर्तमान प्रधान पति शिव चरण,प्रेमपाल सिंह मौर्य,एहसान मलिक,रघुनाथ सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# खरीफ फसलों का बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जनपद में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए उप कृषि निदेशक द्वारा कृषि भवन मुख्यालय से फसल बीमा की जागरूकता हेतु प्रचार वाहन रवाना किया गया।

उन्होंने बताया कि खरीफ फसलों का बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। उन्होंने कृषकों से अपील की है कि अधिक से अधिक फसलों का बीमा करायें, ताकि व्यक्तिगत आधार पर स्थानीय आपदा में खड़ी फसलों को ओलावृष्टि, जलभराव (धान को छोड़कर), भू-स्खलन, बादल फटना, बेमौसम/चकवाती वर्षा, आकाशीय बिजली से उत्पन्न आग व फसल कटाई उपरान्त अगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाई हेतु रखी गयी फसल को ओलावृष्टि, बेमौसम बारिश से क्षति, फसल कटाई के आधार पर फसलों में हुयी क्षति के उपरान्त कृषक द्वारा 72 घण्टे के अन्दर टोल फ्री नम्बर- 14447 सूचना देना अनिवार्य है।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि असफल बुआई की स्थिति, एवं वास्तविक उपज में गारण्टीड/थ्रेशोल्ड उपज की तुलना में कमी होने की स्थिति में फसलों में हुई क्षति की फसल क्षति की प्रतिपूर्ति इफ्को टोक्यो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड के माध्यम से चिन्हित कृषकों को जायेगी। अधिक जानकारी के लिए जिला कृषि अधिकारी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में अथवा सुमित सक्सैना के दूरभाष 8077089323 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# झूले की रस्सी टूटने से 10 साल की मासूम घायल, रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** घर पर लगे झूले पर झूलते समय रस्सी टूटने से 10 साल की मासूम घायल हो गई। जानकारी के अनुसार थाना पटवाई क्षेत्र के कमालपुर निवासी नंनुकी की 10 वर्षीय बच्ची वंदना घर पर लगे झूले पर झूल रही थी कि अचानक रस्सी टूट गई। रस्सी टूटने से बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, पिता नंनुकी आनन-फानन घायल मासूम वंदना को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने घायल वंदना को प्राथमिक उपचार दिया और हालात को नाजुक देखते हुए बच्ची को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

शाह टाइम्स

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

हमने अपने पुत्र नय्यूम व उसकी पत्नी गुलफशा को गलत आचरण व गलत संगत में पड़ जाने को लेकर अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में हमसे व हमारे परिवार से इन दोनों का कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा अपने कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**इकरार पुत्र अस्माइल व सलमा पत्नी इकरार निवासी ग्राम सिल बड़ा गांव केवलपुर तहसील मिलक जिला रामपुर।**

# मिलक के दुकानदारों ने दुकानें तोड़े जाने को लेकर धरना-प्रदर्शन कर डीएम से मांगी इच्छा मृत्यु





( इकरार हुसैन )

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** नगर के दुक.ानदारों ने शुक्रवार को अपनी दुकाने बंद कर सामूहिक धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी से इच्छा मृत्यु मांगी है। पीडब्लूडी द्वारा नगर के मैन रोड़ पर चालीस दुकानों और बिलासपुर रोड पर 32 दुकानों को नोटिस जारी कर लाल निशान लगाने से व्यापारियों और दुकानदारो में दहशत का माहौल है।

दुकानदारों का कहना है कि दुकान टूटने के बाद वह वेरोजगार हो जाएंगे और सड़कों पर आ जाएंगे। वह इन दुकानों पर अपने दादा परदादा के बक्त से रह रहे है दुकान टूटने से वह और उनके परिवार सड़कों पर आ जाएंगे उनके परिवार पर आर्थिक संकट आ जाएगा। दो दिन पूर्व पीडब्लूडी की जेई ओवामा रहमानी, तहसील और पालिका की टीम के साथ नगर के नेशनल हाईवे -24 पर तीन बत्ती चौरहा से तहसील तक लगभग 40 दुकानों की निशान देही करते हुए तीन दिन में अतिक्रमण अपने आप हटाने का आदेश देते हुए नोटिस जारी किया था। वहीं इससे पूर्व बिलासपुर रोड की 32 दुकानों को एक हफ्ते का नोटिस दिया गया था जिसका समय भी शनिवार को पूरा हो रहा है और जालिफ नगला से नवदिया चौराहा तक नाप तोल कर अतिक्रमण हटाने को कहा नोटिस मिलने के बाद दुकानदारों में हड़कम्प मच गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से नाराज व्यापारियों और दुकानदारों ने शुक्रवार को तीन बत्ती चौराहे के सामने सामूहिक रूप से धरना प्रदर्शन किया।

इसमें नगर के समस्त व्यापारियों और दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकानों को बंद रखा धरना प्रदर्शन के माध्यम से दुकानदारों ने कहा है कि बरसों से वह जिस दुकान पर रह रहे हैं अगर उसे प्रशासन ने तोड़ दिया सुबह अपना और अपने परिवार का पालन पोषण कैसे कर पाएंगे। व्यापारियों ने धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी रामपुर से अच्छा मृत्यु की मांग की है। उधर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए पूरी तैयारी कर रखी है।

## व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल लखनऊ में जिले के प्रभारी मंत्री से मिला

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** नगर के व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल लखनऊ में जिला के प्रभारी मंत्री से मिला सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर के व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को दोपहर जिले के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर से मिला और उनसे मिलक में दुकानों को लेकर प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई से अवगत कराया।

दुकानदारों का कहना है कि 30 से 40 वर्षों से वह इन दुकानों पर काविज है पॉइंट में से कई दुकान है तो नगर पालिका द्वारा आवंटित की गई थी जिसका किराया भी नगर पालिका वसूलती है।

मिलक में बाईपास निकालने से ज्यादा ट्रैफिक की समस्या भी अंदर से नहीं होती है।

प्रभारी मंत्री ने सभी व्यापारियों और दुकानदारों को आश्वासन दिया की सभी बिंदुओं को देखकर ही कोई कार्रवाई की जाएगी।

प्रतिनिधि मंडल में स्थानीय जनप्रति.निधि और भाजपा के नेता भी शामिल थे।

## नगर में बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई करे प्रशासन : शंखधार

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आद.ेश शंखधार ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर बिना किसी भेदभाव के कार्यवाही करने का आग्रह किया है। जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने कहा कि नगर मिलक में नेशनल हाईवे के किनारे कुछ दुकानें नगर पालिका परिषद मिलक द्वारा कई दशकों पूर्व बनाकर दुकानदारों को आवंटित की गई हैं तथा उन दुकानों में दुकानदारों द्वारा अपना व्यापार किया जा रहा है और समय पर नगर पालिका परिषद मिलक को किराया भी दिया जा रहा है।

लेकिन 28 मई को पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से लगभग चालीस दुकानदारों को नोटिस देकर मात्र तीन दिनों का समय दिया गया है तथा तीन दिन बीत जाने के बाद दुकानों को बल पूर्वक हटाए जाने की बात कही गई है।

जिससे व्यापारी वर्ग निराश व परेशान है। हमारी मांग है कि जिन दुकानदारों को नगर पालिका परिषद मिलक द्वारा दुकानों का आवंटन किया गया है तथा समयानुसार किराया भी वसूला गया है अगर उन दुकानदारों की दुकानें प्रशासन द्वारा खघली कराई जाती या ध्वस्त कराई जाती हैं तो उन सभी दुकानदारों को नगर पालिका परिषद मिलक द्वारा किसी अन्य स्थान पर दुकानें उपलब्ध कराई जानी चाहिए क्योंकि नगर पालिका परिषद मिलक द्वारा निरंतर दुकानदारों से किराया वसूल किया गया है तथा दुकानें आवंटित करते समय भी कुछ धनराशि जमा कराई गई थी इसलिए नगर पालिका परिषद मिलक का दायित्व बनता है कि वह उन सभी दुकानदारों को दुकान उपलब्ध कराए जिनसे कि किराया बसूल किया गया है।

आगे कहा कि जिलाधिकारी द्वारा जनहित में लिए गए प्रत्येक निर्णय का हम हृदय से स्वागत एवं सम्मान करते हैं एवं पूरी तरह से प्रशासन के साथ हैं तथा इसमें हमें एक आग्रह भी करना है कि क्योरार बाई पास से रौरा कलां बाई पास तक बिना किसी भेदभाव के, बिना किसी जाति धर्म के तथा बिना किसी के दबाव में आए सभी के साथ एक समान कार्यवाही अमल में लाई जाए, जिससे कि रोड चौड़ीकरण की कार्यवाही को सर्व प्रथम क्योरार बाई पास से प्रारम्भ करते हुए रौरा कलां बाई तक होना चाहिए। जिससे कि कोई भी व्यक्ति प्रशासन की कार्यवाही पर सवालिया निशान न लगा सके और पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य हो।

# दो माह का वेतन दिए जाने की मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों ने नगर पंचायत कार्यालय पर किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** दड़ियाल नगर के सफाई कर्मचारियों का दो महीने से वेतन नहीं मिला है। वेतन न मिलने के कारण सफाई कर्मचारी परेशान हाल है। सफाई कर्मचारियों ने नगर पंचायत कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर बाबू के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर वेतन दिए जाने की मांग की।




गुरुवार को माह अप्रैल व मई दो माह के वेतन के भुगतान को लेकर उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष रावत वाल्मीकि के नेतृत्व में सफाई कर्मचारी नगर पंचायत कार्यालय पर एकत्र हुए। नगर पंचायत कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन वरिष्ठ लिपिक कृष्णा बाबू को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि नगर के सफाई कर्मचारियो के दो माह का वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। रावत वाल्मीकि ने कहा कि नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी के न होने का बहाना बनाकर सफाई कर्मचारीयों को दो माह से वेतन नहीं दिया जा रहा है। जिससे सफाई कर्मचारियो के परिवारो को पालन पोषण करने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है । सफाई कर्मचारियों के बच्चों की समय से स्कूल की फीस आदि भी जमा नहीं हो पा रही है।

सफाई कर्मचारियों की आर्थिक तंगी हो रही है । अगर जल्द सफाई कर्मचारीयों को दो माह के वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो सफाई कर्मचारी नगर की सफाई व्यवस्था ठप करने को बाध्य होंगे धरना प्रदर्शन में उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के सचिव राकेश वाल्मीकि, सोनू वाल्मीकि, रवि वाल्मीकि, उमेश वाल्मीकि,अमित, अंकित,सुनील , अशोक ,राजीव, बबीता,सपना,शीतल ,मन्तोष, रीना ,ममता ,सीमा ,मनीषा, अनीता ,रीता ,सुनीता आदि मौजूद रही।

## तेज आंधी से वाछित हुई लाइट को बिजली विभाग ने 24 घण्टे में किया ठीक



( सुहैल मियॉ )

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** गुरुवार को दोपहर के समय आयी तेज आंधी व बारिश के कारण मुंशी गंज मार्ग पर आधा दर्जन बिजली के खम्भे गिर गए जो जजर हालत में थे खम्भे गिरने से टांडा बिजली घर से स्वार आ रही सप्लाई वांछित हो गई।

स्वार की बिजली की लाइन के पास हजारों पेड़ खड़े है।पेड़ गिरने से भी लाइट में फाल्ट हो जाता है। आंधी में हुए फाल्ट और खम्भों को सही करने के लिये बिजली विभाग के जेई के साथ ही समस्त स्टाफ सप्लाई सही कराने में लगा है। काफी मशक्कत के बाद शुक्रवार को लाइट सही हो पाई है।

## एक नजर

### नगर पंचायत नरपत नगर में अहिल्याबाई की मनाई गई जयंती



शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** शुक्रवारअहिल्याबाई की 300 वी जयंती नगर पंचायत कार्यालय में मनाई गई ,नगर से औरतों ने ज्यादा संख्या में हिस्सा लिया । इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रिओं को प्रस्तुति पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज कुमार चौहान, जिला उपाध्यक्ष सिंचाई बंदू रामपुर,चेयरमैन खालिद अली, डॉली रंधावा, अधिशासी अधिकारी आशुतोष कुमार,एडवोकेट मोहम्मद आसिफ , गुरुत्वश सिंह ,मुकुट लाल ,समस्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियाँ, समस्त सभासदगण सैलेंद्र कुमार ,अरमान अली, लियाकत अली, जिलानी, रियासत अली, अकरम अली, सिराज अली, जाफर अली, इमरान अंसारी, भूरा, नफीस अहमद, जुल्फेकार अली, शमशाद अहमद, कैसर अली, सलीम, इस्लाम आदि लोग मौजूद रहे।

### 4 नफर वारंटी को किया गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 4 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर गुरुवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार मलिक के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए वारंटी अरूण सैनी पुत्र दीनदयाल निवासी चक स्वार, ब्रजकिशोर पुत्र लाखन सिंह निवासी रहमतगंज, फारुख पुत्र मो अहमद, नईम पुत्र मोहम्मद अहमद निवासी गण अगलगा स्वार को उसके मसकन से गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम मेंउ.नि. लईक अहमद, सुग्रीव सिंह,पुनीत कुमार,हे.का.,संदीप कुमार, राजन कुमार, दुर्जन सिंह, जोगेंद्र सिंह,कमलजीत, अर्पित कुमार आदि मौजूद रहे।

### सड़क चौड़ीकरण से भयभीत लोग एसडीएम से मिले

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** बीते दिनों पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा सड़क चौड़ीकरण के मध्य नजर दुकानदारों को नोटिस दिए गए थे वहीं राजस्व टीम के साथ मिलकर निशान देही भी की गई थी। निशांत दही के बाद जद में आने वाले दुकानदारों में खलबली मच गई। कार्रवाई के लिए सप्ताह भर का टाइम देकर रिक्शा द्वारा अनाउंसमेंट भी कराया गया। साथ में आने वाले दुकानदार अपनी बात को उत्तर प्रदेश के सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ तक पहुंचाने के लिए शहर विधायक आकाश सक्सेना हनी से मिले और अपनी समस्या उनके सामने रखी। वहीं शुक्रवार को दुकानदार व्यापारी संगठन के साथ एसडीएम शाहबाद हिमांशु उपाध्याय से मिले और शिकायत पत्र सौंपते हुए बताया कि पीडब्ल्यूडी के पुराने रिकॉर्ड में इस सड़क का नाम जीरो प्वाइंट (सिंचाई विभाग का डाक बंगला) से शाहबाद सिरौली ग्रामीण मानकों की सड़क है जिसमें व्यापारियों द्वारा आग्रह किया गया है कि जब हमारी दुकान एवं मकान पीडब्ल्यूडी के पुराने मानकों के अंतर्गत हैं तो नया मानक बिलारी भमोरा मार्ग बिना मुआवजा के किस मानक के अंतर्गत बनाया जा रहा है। इस पर एसडीएम शाहबाद हिमांशु उपाध्याय ने मौके पर जाकर निरीक्षण कर समस्या से आला अधिकारियों को अवगत कराने की बात कही। इस दौरान व्यापारी संगठन से मुकेश कुमार गुप्ता गोरेखा राजू गुप्ता वेद प्रकाश चंद्रवंशी आदि मौजूद रहे।

## सहकारी समिति में पेडों को नुकसान

**छुटमलपुर।** क्षेत्र के कमालपुर गांव में बीती रात आए तेज आंधी-तूफान ने सहकारी समिति के परिसर में लगे यूकेलिप्टस के पेड़ों को भारी नुकसान पहुंचाया। इन पेड़ों के टूटने से स्थानीय ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीण सुनील सैनी ने बताया कि इन पेड़ों से लंबे समय से खतरा बना हुआ है। सुनील सैनी ने उप जिला अधिकारी को कई बार इस समस्या से अवगत कराया है। उन्होंने बताया कि डेढ़ महीने पहले भी उन्होंने एसडीएम को आवेदन देकर इन पेड़ों को कटवाने की मांग की थी। इसके अलावा, वह पहले भी तीन बार इस संबंध में आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सुनील सैनी ने चिंता जताते हुए कहा, ष्इन पेड़ों से किसी भी समय बड़ा नुकसान हो सकता है। रात के तूफान में पेड़ टूटकर हमारे मकान की छत पर गिर गए, जिससे हमारी जान को खतरा है। प्रशासन से अनुरोध है कि इन पेड़ों को जल्द से जल्द कटवाने की व्यवस्था की जाए।ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके। इस मामले में प्रशासन की ओर से अभी तक आधिकारिक बयान नहीं आया है।

## संवेदनशील स्थानों पर पैदल मार्च

**चिलकाना।** आगामी त्यौहार ईद उल अजहा को शांति पूर्ण रूप से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत सीओ सदर ने स्थानीय पुलिस टीम व आरआरएफ के जवानों के साथ नगर व संवेदनशील स्थानों पर पैदल मार्च किया। आगामी त्यौहार ईद उल जुहा ( बकरीद ) को शांतिपूर्वक संपन्न कराने व क्षेत्र में शांति व्यवस्था सुदृढ बनाये रखने के हेतु सीओ सदर मनोज कुमार यादव ने स्थानीय थाना पुलिस टीम एवं सुरक्षा बल के जवानों के साथ नगर के मुख्य बाजारो, गली मोहल्लों एवं संवे.दनशील स्थानों पर पैदल मार्च किया।

# बिजली विभाग के खिलाफ नगरवासियों ने किया प्रदर्शन

( सुहैल मियॉ )

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** बिजली की समस्या को लेकर नगर के लोगों ने स्वार उपकरण इकाई कार्यलय पर समाज सेवी परवेज अख्तर एडवोकेट की अध्यक्षता में प्रदर्शन किया और बिजली विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में बिजली व्यवस्था चमराकर रह गई है। बिजली की आँख मिचौली के चलते क्षेत्रवासियों का बुरा हाल है। शेड्यूल से बिजली नही मिल पाती उनका आरोप है कि जेई आसिफ कामरुज्जमा का भी व्यवहार जनता के प्रति ठीक नही है।आंधी के कारण बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।जिससे नगर सहित दर्जनों गांवों में बिजली की समस्या बनी है। प्रदर्शन करने वालो ने मांग की है कि बिजली शेड्यूल के हिसाब से दी जान चाहिये और बिजली की कटौती रोकी जाए।उधर एसडीओ सर्वेश सिंह ने बताया है कि बिजली सुधारने के लगातार प्रयास किये जा रहे है।इस दौरान प्रदर्शन करने वालो में परवेज अख्तर, इरशाद अंसारी, मो राशिद वारसी,जसीम, अंसार, मोहम्मद जीशान, भूदेव, रिंकू, योगेश,रजत,विकास, शाहनिब, गुलाम मोइनुद्दीन आदि मौजूद रहे।



## तेज आंधी में ढहा राजमिस्त्री का मकान आवास के लिए अधिकारियों के काट रहा चक्कर

( मो.फारूख अंसारी )

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** तेज हवा और बारिश में बिजार खाता में राजमिस्त्री का कच्चा घर ढह गया जिसमें परिवार बाल बाल बच गया। ग्रामीण ने ग्राम पंचायत पर अपेक्षा बरतने आरोप लगाया है और कार्रवाई की मांग की है।



गुरुवार को मसवासी क्षेत्र में भयंकर आंधी और बारिश हुई थी जिसमें बिजार खाता निवासी राजमिस्त्री राहत अली का कच्चा घर भर भरा कर गिर गया जिससे डबलबेड समेत अन्य घरेलू सामान भी दबाकर नष्ट हो गया था गनीमत रही की कच्चे घर से परिवार पहले ही खतरा भाप कर पड़ोस के मकान में जाकर बैठ गया था।

कच्चा घर ढह जाने से राजमिस्त्री के सर पर छत का संकट गहरा गया है ग्रामीण ने आवास बनवाने के लिए ग्राम पंचायत में आवेदन किया था लेकिन आवेदन पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है जिससे राजमिस्त्री परिवार में आक्रोश बना हुआ है उसने तहसील अधिकारियों से सर्वे कर मुआवजे की मांग की है।

## सिख समाज ने गुरुद्वारा के सामने लगाया शर्बत का लंगर



( सोनू अवस्थी )

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/खानम।** गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर सिख समाज के लोगो ने मिलक खानम गुरुद्वारा के सामने चने और मीठे शरबत का लंगर लगाया और आने जाने वाले लोगो को लंगर चखाया।इस दौरान सिख समुदाय के लोगो ने सुबह से गुरुद्वारा के सामने चने व शरबत का स्टाल लगा कर आने जाने वाले लोगों की प्यास बुझाई इस दौरान गुरुद्वारा के बाबा गुरदेव सिंह जी के साथ ही पूर्व प्रधान गुरबाज सिंह बग्गा, सुरेंद्र प्रधान, शेरा पलविंदर सिंह, संदीप सिंह प्रधान अवतार सिंह मनजीत सिंह पूरन सिंह आदि मौजूद रहे।




● एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप ●

# अविनाश साबले ने रचा इतिहास

## 36 साल बाद 3000 मीटर स्टीपलचेज में गोल्ड दिलाया, 18 साल की पूजा ने भी जीता सोना

**दक्षिण कोरिया, वार्ता।** भारतीय एथलीट अविनाश साबले ने एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में मेंस 3000 मीटर स्टीपलचेज इवेंट में गोल्ड जीतकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने 8. 20.92 सेकंड का समय निकालकर 36 सालों बाद भारत को इस इवेंट में गोल्ड मेडल दिलाया।

वहीं, 18 साल की पूजा ने भी गोल्ड मेडल हासिल किया। उन्होंने 1.89 मीटर की छलांग लगाई। साउथ कोरिया के गुमी में जारी इस प्रतियोगिता में अविनाश से पहले भारत ने पिछली बार 1989 में इस इवेंट में गोल्ड जीता था, तब दीना राम ने ये कारनामा किया था। वहीं 1975 में हरबेल सिंह स्टीपलचेज में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। इसके अलावा, पूजा से पहले बाबी एलायसियस ने 2000 में गोल्ड जीता था। साबले ने कहा, मुझे गोल्ड मेडल जीतने का पूरा भरोसा था, क्योंकि मैं इस क्षेत्र में बेस्ट था। ज्योति याराजी ने 100 मीटर के हर्डल रेस को महज 12.96 सेकंड में पूरा करके गोल्ड मेडल जीता। ज्योति का पिछला रिकॉर्ड 12.99 सेकंड का था। भारत 26वें एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अब तक अलग-अलग काम्पटीशन में 14 मेडल जीत चुका है। पाइंट्स टेबल में देश दूसरे पायदान पर हैं। भारत ने 5 गोल्ड, 6 सिल्वर और 3 ब्रान्ज जीते हैं। इससे पहले 2023 सीजन में भी भारत ने 4x400 मीटर मिक्स्ड रिले में गोल्ड मेडल जीता था। नेशनल रिकॉर्ड होल्डर गुलवीर सिंह ने 10,000 मीटर में गोल्ड जीता। यह इस एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का पहला गोल्ड था। पूजा ने महिलाओं की 1500 मीटर में 4 मिनट 10 सेकेंड का समय लेकर एक और सिल्वर मेडल जीता। वहीं दिल्ली की लिली दास इस रेस में चौथे स्थान पर रही। चीन की ली चुनहुई ने स्वर्ण पदक जीता।



## आईपीएल के फाइनल में बड़ी भूमिका निभाएंगे कोहली-डिविलियर्स

**मुल्लांपुर, वार्ता।** आईपीएल 2025 में रायल चौलेंजर्स बेंगलुरु के फाइनल में पहुंचने से एबी डिविलियर्स बेहद खुश हैं। उन्होंने विराट कोहली और इस टीम की जमकर तारीफ की है। आरसीबी ने पंजाब किंग्स को क्वालिफायर एक में हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज डिविलियर्स का मानना है कि टीम मैन कोहली फाइनल में बड़ी भूमिका निभाते हुए आरसीबी को दुनिया की सबसे बड़ी टी-20 लीग में अपना पहला खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे। मौजूदा सत्र में टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल कोहली इस एकतरफा मैच में बल्ले से महज 12 रन का योगदान ही दे सके। आरसीबी के उनके पूर्व साथी डिविलियर्स को हालांकि भरोसा है कि यह भारतीय सुपरस्टार तीन जून को अहमदाबाद में होने वाले खिताबी मुक. ाबले में धमाल मचाएगा। डिविलियर्स ने कहा, श्इस मैच से पहले जब वह बस से उतरे थे तब मैंने उन्हें स्क्रीन पर देखा था। उस समय उनका बाडी लैंग्वेज सकारात्मक दिख रहा था। यह कुछ ऐसा है जिसके हम आदी हो गए हैं। वह इस मैच में रन नहीं बना पाए, लेकिन फिर भी हमने उन्हें अंत तक बल्लेबाजों के साथ जश्न मनाते हुए देखा। उन्होंने कहा कि वह पूरी तरह से टीम के लिए समर्पित खिलाड़ी है। उनके खेल में एकाग्रता दिख रही थी। जाहिर है काम अभी पूरा नहीं हुआ है और मैं उसे खेलते हुए देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि वह फाइनल में दमदार प्रदर्शन करेगा। आरसीबी 2008 में आठ फ्रेंचाइजी के साथ आईपीएल की शुरुआत से इसमें खेलने वाली टीमों में से एक है। यह टीम अतीत में तीन मौकों पर फाइनल में पहुंचने के बावजूद कभी खिताब नहीं जीत पाई। डिविलियर्स ने कहा कि मुझे लगता है कि इस टीम के पास 2011 खिताब जीतने का एक बहुत अच्छा मौका था। हर कोई 2016 सत्र के बारे में बात करता है, लेकिन चलो अतीत को भूल जाते हैं। आरसीबी अब कहां है? एक और फाइनल में (2025)। यह जितना आप सोचते हैं उससे कहीं अधिक करीब है।

### खेल विशेष

## आरसीए ने जिला क्रिकेट संघ को असम्बद्ध घोषित किया

**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) ने अनुशासनहीनता के आरोप में जिला क्रिकेट संघ बीकानेर (डीसीए) को राजस्थान क्रिकेट संघ से असम्बद्ध घोषित कर दिया है। आरसीए के संयोजक जयदीप बिहाणी ने शुक्रवार को बताया कि डीसीए, बीकानेर के खिलाफ चुनाव और वित्तीय अनियमितता की शिकायतें थीं। इस मामले में आरसीए ने राजस्थान क्रीड़ा अधि. नियम के तहत डीसीए, बीकानेर से जानकारी मांगी गई थी, लेकिन डीसीए बीकानेर ने इस पर किसी तरह का जवाब नहीं दिया। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में डीसीए बीकानेर को कई पत्र भेजे गए, लेकिन उसने असहयोगात्मक रवैया अपनाते हुए किसी पत्र का जवाब नहीं दिया। साथ ही डीसीए ने आरसीए की तदर्थ समिति की शक्तियों को मानने से ही इन्कार कर दिया, जबकि तदर्थ समिति को राजस्थान क्रीड़ा अधिनियम के तहत किसी भी प्रकार की जांच के लिये शक्तियां प्राप्त हैं। श्री बिहाणी ने बताया कि गत 10 मई को डीसीए बीकानेर को पत्र भेजकर सात दिन में जवाब देने को कहा गया, जिसकी अनदेखी करने पर 19 और 27 मई को फिर पत्र भेजकर चेतावनी दी गयी। अटठाइस मई तक जवाब नहीं मिला, तो 29 मई को डीसीए बीक. ानेर को आरसीए से असम्बद्ध करने का निर्णय किया गया और इस सम्बन्ध में डीसीए बीकानेर के रतनसिंह शेखावत को पत्र प्रेषित किया गया है। उन्होंने बताया कि डीसीए, बीकानेर को आरसीए से असम्बद्ध करके इस मामले को लोकपाल, राजस्थान क्रिकेट संघ को प्रेषित किया गया है।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम चिली से हारी

**अर्जेंटीना, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को शुक्रवार को 2-2 से बराबरी के बाद चिली के खिलाफ शूटआउट में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। यहां खेले गए चार देशों के टूर्नामेंट के चौथे मुकाबले में भारत के लिए सुखवीर कौर ने (35वें) और कनिका सिवाच ने (47वें) मिनट में गोल किए। वहीं चिली की ओर से जैसिंटा सोलारी ने (27वें) और कैप्टन लॉरा मुलर ने (42वें) मिनट में गोल किए। चिली ने दूसरे क्वार्टर में जैसिंटा सोलारी के 27वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर द्वारा किए गए गोल से बढ़त बनाई। इसके बाद तीसरे क्वार्टर में भारत की सुखवीर कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। चिली ने 42वें मिनट में कप्तान लौरा मुलर के मैदानी गोल से फिर बढ़त हासिल की लेकिन भारत ने चौथे क्वार्टर की शुरुआत जोरदार तरीके से की और कनिका सिवाच ने 47वें मिनट में गोलकर स्कोर 2-2 से बराबरी पर ला दिया। नियमित समय पर स्कोर 2-2 से बराबर रहने पर मैच शूटआउट हुआ। जहां चिली ने 3-1 से जीत दर्ज की। चिली के लिए जोसेफिना कॉन्स्टैंजा गुटिरेज़, इसाबेल लियोनोर मेसेन और त्रिनिदाद एंटोनिया बैरियोस ने गोल किए, जबकि शूटआउट में भारत के लिए सोनम एकमात्र स्कोरर रहीं।

## पुणे, कोलकाता, जयपुर ने अपने-अपने मुकाबले जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** ड्रीम यूटीटी जूनियर्स टेबल टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दिन पुणे जगुआर, कोलकाता थंडरब्लेड्स और जयपुर पैट्रियट्स ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की है। जगुआर के अथर्व नवरंग ने लड़कों के एकल मुकाबले में प्रतीक तुलसानी के खिलाफ पहला मैच 2-1 (11-8, 11-10, 9-11) से जीतकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद यू मुंबा ने मिश्रित युगल मुकाबला में 2-1 से जीत दर्ज करके वापसी की। प्रतीक और अनन्या मुरलीधरन की जोड़ी ने अथर्व और तुष्टि सूद (11-6, 8-10, 11-6) को हराया। लड़कियों के एकल वर्ग के रोमांचक मुकाबले में जगुआर की तुष्टि ने अनन्या के खिलाफ एक रोमांचक मैच में 2-1 (11-10, 7-11, 11-10) से जीत हासिल की और अपनी टीम को नाटकीय जीत दिलाई। दूसरे मुकाबले में, कोलकाता ने अहमदाबाद एसजी पर 5-4 से जीत दर्ज की। कोल. काता के रित्विक गुप्ता ने लड़कों के एकल वर्ग के मुकाबले में अभिक कश्यप को 3-0 (11-9, 11-6, 11-3) से हराया। मिश्रित युगल मुकाबले में अहमदाबाद विजयी हुआ, जब अभिक और मौबोनी ने रित्विक और स्वरा के खिलाफ 2-1 (11-7, 11-6, 10-11) से जीत हासिल की। लड़कियों के एकल वर्ग में मौबोनी ने स्वरा को 2-1 (11-9, 8-11, 11-5) से हराया। दिन के तीसरे मुकाबले में जयपुर ने दबंग दिल्ली को 6-3 से हराया। लड़कों के एकल मुकाबले में पैट्रियट्स के त्रिशाल को आकाश के खिलाफ 1-2 (9-11, 11-9, 7-11) से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन जयपुर की टीम ने मिश्रित युगल मैच में 2-1 (11-4, 11-9, 8-11) की जीत के साथ शानदार वापसी की।

## इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू करेंगे अर्शदीप: रिकी पोंटिंग



■ चयनकर्ताओं ने बाएं हाथ के गेंदबाज अर्शदीप सिंह को शामिल करके सही फैसला लिया

नई दिल्ली, वार्ता। भारतीय टीम को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करना है। इस महत्वपूर्ण सीरीज के लिए तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को भी टीम में जगह दी गई है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और आईपीएल में पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग का मानना है कि अर्शदीप इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में डेब्यू करने में सफल रहेंगे। अर्शदीप को पहली बार टेस्ट टीम में जगह दी गई है। अब तक वह भारत के लिए सीमित ओवर प्रारूप में ही खेलते दिखे हैं और माना जा रहा है कि अर्शदीप को इंग्लैंड के खिलाफ प्लेइंग-11 में शामिल होने का मौका मिलेगा। पंजाब किंग्स में अर्शदीप के प्रदर्शन को करीब से देखने के बाद पोंटिंग को लगता है कि चयनकर्ताओं ने जसप्रीत बुम. राह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा के तेज गेंदबाजी आक्रमण में बाएं हाथ के इस गेंदबाज को शामिल करके सही फैसला लिया है। पोंटिंग ने कहा, मुझे लगता है कि अर्शदीप खेलेगा। वह इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज में खेलेगा। मुझे लगता है कि बुमराह और सिराज से साथ इंग्लैंड में बाएं हाथ के विकल्प का होना शानदार होगा। इंग्लैंड की परिस्थितियों को देखें तो अर्शदीप जिस तरह से गेंदबाजी करते हैं, वह किसी भी अन्य गेंदबाज की तरह ही सीम को बेहतर तरीके इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने उसे टीम में चुना है। मुझे लगता है कि वह इंग्लैंड पहला टेस्ट खेल सकता है और वह किसी को निराश नहीं करेगा।

## पीएम ने की वैभव सूर्यवंशी की हौसलाअफजाई

**पटना, वार्ता।** बिहार दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भारत के युवा स्टार क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी से मुलाकात कर उनकी हौसलाअफजाई की। पटना के जय प्रकाश नारायण हवाई अढे पर हुई इस मुलाकात के दौरान वैभव के साथ के माता-पिता भी थे। श्री मोदी ने स्वयं वैभव तथा उनके परिवार के साथ मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की हैं। श्री मोदी ने वैभव और उनके परिवार के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि पटना हवाई अढे पर युवा क्रिकेट सनसनी वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से मुलाकात हुई। उनके क्रिकेट कौशल की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है।

## डी गुकेश ने कारूआना को हराया



**नोर्वे, वार्ता।** विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज के 'ओपन' वर्ग में अमेरिका के ग्रैंड मास्टर फैबियानो कारूआना के खिलाफ रोमांचक आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत दर्ज की। वहीं अर्जुन एरिगैसी को मैग्नस कार्लसन से हार का सामना करना पड़ा। चौथे चक्र में गुकेश ने चार घंटे से अधिक समय तक चले रोमांचक मुकाबले में अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के फैबियानो कारूआना को हराया। गुकेश के शानदार रक्षात्मक प्रदर्शन के आगे कारूआना अपनी बढ़त को नहीं भुना पाये। इसके बाद गुकेश ने 'आर्मागेडन' में मुकाबला आसानी से जीत लिया। कार्लसन आठ अंकों के साथ शीर्ष पर है। गुकेश और एरिगैसी 4-5 अंकों के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। महिला वर्ग में भारत की आर- वैशाली ने 'आर्मागेडन' टाई-ब्रेक में यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक को हराया। विश्व चैंपियन वेनजुन जू ने कोनेरू हम्पी को हराया। भारत की शीर्ष महिला खिलाड़ी हम्पी तालिका में मुजीचुक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

■ अर्जन एरिगैसी को मैग्नस कार्लसन से हार का सामना करना पड़ा

## सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में



**सिंगापुर, वार्ता।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने शुक्रवार को मलेशिया की गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की जोड़ी को हराकर सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2025 में पुरुष युगल के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। यहां 39 मिनट तक चले पुरुष युगल मुकाबले में सात्विक और चिराग की जोड़ी दुनिया की नम्बर वन मलेशियाई जोड़ी गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन को सीधे सेटों में 21-17, 21-15 से हराया। गेम की शुरुआत से ही दोनों जोड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और एक समय स्कोर 7-7 से बराबरी पर था। इसके बाद सात्विक-चिराग ने कुछ बेहतरीन शॉट लगाते हुए मैच पर अपनी पकड़ बनानी शुरु की अब स्कोर 12-8 से अपने पक्ष में कर लिया। इस बीच मलेशियाई जोड़ी ने भी कुछ अंक बटोरे और स्कोर के अंतर को कम करते हुए इसे 16-15 कर दिया। इसके बाद भारतीय जोधी ने बिना कोई गलती किए पहले गेम को 21-17 से जीत लिया। दूसरे गेम की शुरुआत में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली और स्कोर 5-5 से बराबरी पर चल रहा था। सात्विक और चिराग फिर अच्छे खेला प्रदर्शन करते हुए मिड गेम ब्रेक तक 11-7 की अहम बढ़त बनाई इसके बाद सात्विक और चिराग शेट्टी ने इस गेम को 21-15 से जीतकर मैच जीत लिया। सात्विक और चिराग का सेमीफाइनल में मुकाबला दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक से होगा।

■ भारतीय जोड़ी ने बिना कोई गलती किए पहले गेम को 21-17 से जीत लिया

## मुंबई ने गुजरात को 229 रनों का लक्ष्य दिया

■ प्रसिद्ध, किशोर को दो-दो विकेट, हिटमैन ने सर्वाधिक 81 रनों की पारी खेली



**मुल्लांपुर, वार्ता।** मुंबई इंडियंस आईपीएल 2025 के एलिमिनेटर मैच में रोहित शर्मा की अर्धशतकीय पारी के दम पर मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस के सामने 229 रन का लक्ष्य रखा है। न्यू चंडीगढ़ में खेले जा रहे एलिमिनेटर मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 228 रन बनाए। उनके लिए हिटमैन ने सर्वाधिक 81 रनों की पारी खेली। वहीं, गुजरात के लिए प्रसिद्ध कृष्णा और साई किशोर ने दो-दो विकेट झटके, जबकि मोहम्मद सिराज को एक सफलता मिली। रो. हित शर्मा और जानी बेयरस्टो की सलामी जोड़ी ने मुंबई को तेज शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी हुई। साई किशोर ने इस मैच में डेब्यू करने वाले बेयरस्टो को गेराल्ड कोएत्जी के हाथों कैच कराया। वह 22 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के की मदद से 47 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रों. हत को सूर्यकुमार यादव का साथ मिला। दोनों ने 34 गेंदों में 59 रन जोड़े। इस दौरान सूर्यकुमार ने 20 गेंदों का सामना किया और 33 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस मैच में रोहित शर्मा ने 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके अलावा उन्होंने आईपीएल में 300 छक्के भी पूरे कर लिए। वह आईपीएल में 300 छक्के का आंकड़ा छूने वाले पहले सक्रिय खिलाड़ी बन गए। अब उनके नाम 302' छक्के दर्ज हो गए हैं। आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम दर्ज है। हिटमैन ने तिलक वर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 22 गेंदों में 43 रन जोड़े। पूर्व कप्तान 50 गेंदों में नौ चौके और चार छक्के की मदद से 81 रन बनाने में कामयाब हुए। वहीं, तिलक 11 गेंदों में 25 और नमन धीर नौ रन बनाकर आउट हुए। हार्दिक पांडडा नौ गेंदों में तीन छक्के की मदद से 22 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि सैंटनर बिना खाता खोले नाबाद रहे। नमन धीर नौ रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने राशिद खान के हाथों कैच आउट कराया। अब हार्दिक का साथ देने मिचेल सेंटनर आए हैं। तिलक वर्मा 11 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें मोहम्मद सिराज ने कुसल मेंडिस के हाथों कैच आउट कराया। अब हार्दिक पांडडा का साथ देने नमन धीर आए हैं। रोहित शर्मा 81 रन बनाकर आउट हो गए।

## इंग्लैंड ने विंडीज को रिकॉर्ड 238 रनों से हराया

■ जेमी ओवर्टन और साकिब महमूद ने तीन-तीन विकेट लिए

**बर्मिंघम, वार्ता।** जेकब बेथेल (82), बेन डकेट (60), कप्तान हैरी ब्रूक (57) और जो रूट (60) की अर्द्धशतकीय पारियों के बाद जेमी ओवर्टन और साकिब महमूद (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को रिकार्ड 238 से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है।

इंग्लैंड की पुरुष एकदिवसीय में रनों के लिहाज से यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है। मैच में 82 रनों की पारी खेलने वाले इंग्लैंड के जैकब बेथेल को 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। एजबेस्टन स्टेडियम में गुरुवार रात खेले मुक. ाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए जेमी स्मिथ और बेन डकेट सलामी जोड़ी ने अच्छु शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़े। सातवें ओवर में अल्जारी जोसेफ ने जेमी स्मिथ (37) को आउट कर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद इंग्लैंड का जो भी बल्लेबाज क्रीज पर उतरा उसने तेजी के साथ रन बटोरे।

बेथेल ने 82 रन की पारी खेली और एक विकेट भी लिया। बेन डकेट (60), जो रूट (57), कप्तान हैरी ब्रूक (58) ने शानदार अर्द्धशतकीय पारियां खेली। इंग्लैंड की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 400 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। विंडीज की ओर से जायडेन सील्स ने सबसे ज्यादा चार विकेट चटकाए।

# इज़रायल की सहमति

गाजा में अस्थाई युद्ध विराम को लेकर अमेरिका की कोशिशें रंग लाती दिखाई दे रही हैं। अमेरिका का कहना है कि इजरायल ने गाजा में 60 दिन के युद्ध विराम प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने भी इस बात की पुष्टि कर दी है। अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हमास को युद्ध विराम का प्रस्ताव सौंपा है, जिसका इजरायल ने समर्थन किया है। बड़ी बात यह है कि हमास को भेजे जाने से पहले इजरायल ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए। न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार जोकि एक इजरायली अधिकारी और अमेरिकी सूत्र से इस बात की पुष्टि की है कि नए प्रस्ताव के अनुसार 60 दिवसीय युद्ध विराम तो शामिल है ही, इसमें दस जीवित बंधकों और 18 मृत बंधकों को रिहा करने की बात भी कही गई है। हमास की तरफ से इस पर अभी कोई प्रतिक्रिया खुलकर नहीं आई है। इतना जरूर कहा गया है कि हमास के नेतृत्व को मध्यस्थों के माध्यम से विटकॉफ से गाजा में युद्ध विराम का नया प्रस्ताव मिला है और वह इसका अध्ययन कर रहा है। हमास ने यह भी कहा कि उसकी पूरी कोशिश है कि उनके लोगों के हितों की पूर्ति हो, उनको राहत मिले और गाजा पट्टी पर स्थाई युद्ध विराम हो। अमेरिका पिछले कुछ दिनों से इस बात के भी प्रयास कर रहा है कि इजरायल और हमास के बीच अस्थाई सीजफायर कराया जा सके। उस पर सऊदी अरब और कतर जैसे मित्र देशों का दबाव भी पड़ रहा था। कुछ दिन पूर्व जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कतर और सऊदी के दौरे पर आए थे। तब से इस संबंध में बातें हो रही हैं। पहले जो डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रस्ताव इजरायल के सामने रखा था उस पर इजरायल नानुकुर कर रहा था। जबकि हमास तैयार हो गया था। अब कहा जा रहा है कि इजरायल ने अमेरिकी प्रस्ताव पर हमास को सौंपने से पूर्व ही हस्ताक्षर कर दिए, तो जाहिर है नया प्रस्ताव इजरायल के अनुकूल हो सकता है और उसमें कुछ ऐसी शर्तें हो सकती हैं जो हमास को पसंद न आएं। अभी ठीक से तो नहीं कहा जा सकता कि यह सीजफायर कब लागू होगा, होगा भी या नहीं, लेकिन हां यह तो कहा ही जा सकता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सीजफायर को लेकर पहले से कहीं ज्यादा गंभीर दिखाई दे रहे हैं और वह इजरायल पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते भी दिखाई दे रहे हैं। अगर अमेरिकी राष्ट्रपति ऐसा कर पाने में सफल रहे, तो निश्चित रूप से यह उनके लिए भी बड़ी उपलब्धि साबित हो सकता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि इस समय गाजा के हालात बेहद खराब हैं। 60 हजार से अधिक लोग इस युद्ध में अपनी जान गवा चुके हैं और यह जान बराबर जा रही हैं। कोई दिन नहीं होता, जब वहां से बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने की खबरें नहीं आती। दुख की बात यह है कि इन मरने वालों में अधिकतर बच्चे व महिलाएं होती हैं। इजरायल ने तमाम तरह की राहत के रास्ते बंद रखे हैं। जिससे लाखों लोग भूख से मरने की कगार पर पहुंच गए हैं।

## आज पूरे देश में गर्व की भावना



आतंकियों और भारतीय सांसदों की तुलना शर्मनाक कृत्य है, जो सांसद विदेशों में भारत का पक्ष रखने गए हैं, वे घूमने नहीं गए, वे भारत के आत्मबल और आतंकवाद-विरोधी नीति को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से प्रस्तुत करने गए हैं, राहुल गांधी, जयराम रमेश और रेवंत रेड्डी जैसे कुछ नेताओं के बयानों ने न केवल भारतीय सेना के मनोबल को चोट पहुंचाने का प्रयास किया, बल्कि बार-बार देश के सामान्य नागरिकों के आत्मविश्वास को भी कमजोर करने की चेष्टा की है, भारत अब आतंकवाद के खिलफ निर्णायक कार्रवाई करने में सक्षम है और उसमें संकोच नहीं करता, आज पूरे देश में गर्व की भावना है, हर नागरिक भारत की सेना को सलाम कर रहा है, ज लोगों के भीतर देशभक्ति की भावना चरम पर है, पर कुछ राजनीतिक दल, विशेषकर कांग्रेस पार्टी, ऐसी स्थिति में भी राजनीति करने से नहीं चूकी।

**-संबित पात्रा, प्रवक्ता एवं सांसद, भाजपा**

# चिकित्सा जगत की असाधारण खोज
# यूनिवर्सल एंटीवेनम



**एंटीवेनम विकसित करने वाले टिम फराइडे अपनी टीम के साथ**




विश्व में सांपों के काटने से होने वाली मृत्यु और विकलांगता एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, विशेष रूप से एशिया और अफ्रीका जैसे विकासशील देशों में। सांपों के विष के प्रभाव को कम करने के लिए एंटीवेनम यानि विषरोधी सीरम का उपयोग किया जाता है, लेकिन पारंपरिक एंटीवेनम के निर्माण और प्रभावशीलता से संबंधित कई सीमाएं हैं। इन सीमाओं को देखते हुए वैज्ञानिकों ने एक नया और क्रांतिकारी तरीका विकसित किया है। एक सार्वभौमिक एंटीवेनम, जिसे एक हाइपर-इम्यून व्यक्ति के एंटीबॉडीज से तैयार किया गया है। यह विधि न केवल अधिक प्रभावी है, बल्कि कई प्रकार के सांपों के विष पर भी काम कर सकती है, जिससे यह एक यूनिवर्सल एंटीवेनम के रूप में उभर रहा है।

पारंपरिक एंटीवेनम आमतौर पर घोड़े या भैंस जैसे जानवरों को विष देकर उनके शरीर में उत्पन्न हुए एंटीबॉडीज से तैयार किया जाता है। इसके कई नकारात्मक पहलू हैं जैसे एलर्जिक रिएक्शन, सीमित प्रभावशीलता, भंडारण की समस्याएं और क्षेत्रीय विषों के अनुसार भिन्न-भिन्न एंटीवेनम की आवश्यकता। इसके अतिरिक्त, इन एंटीवेनम का उत्पादन महंगा और समय-साध्य होता है, चूंकि अलग-अलग सांपों का विष संरचना में काफी भिन्न होता है, इसलिए कोई एक एंटीवेनम सभी पर असर नहीं करता। इसलिए वैज्ञानिक समुदाय के सामने यह चुनौती रही है कि एक ऐसा उपचार तैयार किया जाए जो विश्व स्तर पर विभिन्न सांपों के विषों पर प्रभावी हो।

इसी चुनौती का समाधान एक असाधारण खोज के रूप में सामने आया, जब एक हाइपर-इम्यून व्यक्ति की प्रतिरक्षा प्रणाली से प्राप्त एंटीबॉडीज का उपयोग कर एक नया प्रकार का एंटीवेनम विकसित किया गया। यह व्यक्ति दुनियाभर के विभिन्न विषैले सांपों के विष के प्रति बार-बार प्रतिरक्षित किया गया था और उसके शरीर में एक अत्यंत शक्तिशाली और विविध प्रतिपिंड प्रतिक्रिया विकसित हो चुकी थी। वैज्ञानिकों ने इस व्यक्ति के रक्त से प्राप्त B कोशिकाओं B-cells को प्रयोगशाला में विश्लेषण किया और उनमें से ऐसे एंटीबॉडीज की पहचान की जो विभिन्न सांपों के विषों को निष्क्रिय करने में सक्षम थे। इन चयनित एंटीबॉडीज को बायोटेक्नोलॉजी की सहायता से कृत्रिम रूप से बड़ी मात्रा में उत्पादित किया गया। इन्हें मानव एंटीबॉडीज में परिवर्तित करके एक ऐसी थेरेपी बनाई गई जो शरीर में विष के विभिन्न घटकों को लक्षित कर उन्हें निष्क्रिय कर सकती है।

यह एंटीवेनम न केवल प्रभावी था, बल्कि सुरक्षित भी था, क्योंकि यह मानव एंटीबॉडीज से बना था और इसके कारण पारंपरिक एंटीवेनम की तरह एलर्जिक प्रतिक्रियाओं की संभावना भी बहुत कम थी। इस शोध का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह था कि इन एंटीबॉडीज की संरचना इस प्रकार डिजाइन की गई कि वे विष के केवल एक ही नहीं बल्कि कई विषाक्त अणुओं से जुड़ सकें। सांपों के विष में कई प्रकार के प्रोटीन और एंजाइम होते हैं जैसे फॉस्फोलाइपेस, मेटालोप्रोटीज और न्यूरोटॉक्सिन्स, जो विभिन्न प्रकार से शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं। यह यूनिवर्सल एंटीवेनम इन सभी प्रकार के विषाक्त तत्वों को लक्षित कर उन्हें निष्क्रिय करने में सक्षम है। इसकी तुलना में पारंपरिक एंटीवेनम आमतौर पर कुछ विशेष विष प्रोटीनों पर ही असर करता है।

इस तकनीक की विशेषता यह भी है कि यह एक ऐसे प्लेटफॉर्म का निर्माण करती है जिसमें भविष्य में अन्य जानलेवा विषों जैसे मकड़ी, बिच्छू या समुद्री जीवों के विष के विरुद्ध भी समान प्रकार की थेरेपी विकसित की जा सकती है। इस खोज ने विषरोधी चिकित्सा के क्षेत्र में एक नई दिशा स्थापित की है, जहां अब जानवरों पर निर्भर हुए बिना मानव-केन्द्रित, सुरक्षित और अधिक प्रभावी उपचार उपलब्ध हो सकता है। वैज्ञानिकों ने इस नए एंटीवेनम का परीक्षण प्री-क्लीनिकल स्तर पर चूहों और अन्य जानवरों पर किया और देखा गया कि यह विभिन्न प्रकार के विषों जैसे भारत के करैत, रसेल वाइपर, कोबरा और अफ्रीका के ब्लैक मम्बा आदि पर प्रभावी था। जहां पारंपरिक एंटीवेनम केवल कुछ विशेष सांपों के लिए ही उपयुक्त होते हैं, यह यूनिवर्सल एंटीवेनम कई भिन्न प्रकार के विषों पर भी सफलतापूर्वक कार्य करता है। इसके कारण न केवल मरीज की जान बचाने की संभावना बढ़ जाती है, बल्कि स्थानीय अस्पतालों और ग्रामीण क्षेत्रों में एंटीवेनम की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी आसान हो जाता है, क्योंकि अब अलग-अलग प्रकार के विषों के लिए अलग-अलग सीरम रखने की आवश्यकता नहीं होगी। इस शोध की सफलता के पीछे अत्याधुनिक तकनीकों का भी विशेष योगदान रहा है। वैज्ञानिकों ने क्रायो-इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी और प्रोटीन इंजीनियरिंग की सहायता से विष के अणुओं की संरचना का बारीकी से अध्ययन किया, जिससे यह समझने में मदद मिली कि कौन से एंटीबॉडीज किस प्रकार से विष प्रोटीन से जुड़ते हैं और उसे निष्क्रिय करते हैं। इसके आधार पर उन्होंने ब्रॉडली न्यूट्रलाइजिंग एंटीबॉडीज का चयन किया और उन्हें जेनेटिक रूप से तैयार किया, जिससे उनकी स्थिरता, शक्ति और कार्यक्षमता को और बढ़ाया जा सका। एक और महत्वपूर्ण सामाजिक पहलू यह है कि यूनिवर्सल एंटीवेनम का निर्माण सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बहुत बड़ी आर्थिक और नैतिक उपलब्धि भी है। हर वर्ष दुनिया भर में हर साल लगभग 1.38 करोड़ लोगों को सांप काटते हैं, जिनमें से लगभग 1 लाख से अधिक मौतें होती हैं और कई लाख लोग स्थाई विकलांगता का शिकार होते हैं। इनमें से अधिकांश घटनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में होती हैं जहां चिकित्सा सुविधाएं सीमित होती हैं और समय पर प्रभावी एंटीवेनम न मिलने से स्थिति गंभीर हो जाती है। एक सार्वभौमिक एंटीवेनम की उपलब्धता इन समस्याओं का समाधान कर सकती है। इस प्रोजेक्ट की सफलता का एक बड़ा कारण यह भी रहा कि इसमें बहु-देशीय सहयोग और विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों की सहभागिता रही। अमेरिका, भारत, अफ्रीका और यूरोप के विषविज्ञानी, इम्यूनोलॉजिस्ट और जैवप्रौद्योगिकी विशेषज्ञों ने मिलकर इस परियोजना को अंजाम दिया।

इस तरह के वैश्विक सहयोग से न केवल अनुसंधान में तीव्रता आई, बल्कि विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के सांपों के विष पर कार्य करने का अवसर भी मिला, जिससे यह एंटीवेनम वास्तव में यूनिवर्सल बन पाया। अब जब यह एंटीवेनम क्लिनिकल ट्रायल्स की ओर बढ़ रहा है, वैज्ञानिकों और चिकित्सा संगठनों को यह सुनिश्चित करना होगा कि यह इलाज आम जनता तक सुलभ मूल्य पर पहुंच सके। यदि यह केवल महंगे निजी अस्पतालों तक सीमित रह गया, तो इसका वास्तविक लाभ नहीं मिल पाएगा। इसके लिए सरकारों, NGO और वैश्विक स्वास्थ्य संस्थानों को मिलकर रणनीति बनानी होगी ताकि इस जीवनरक्षक उपचार को गरीब और दूरदराज के क्षेत्रों में भी सुलभ बनाया जा सके। इस खोज ने न केवल सांप के विष के इलाज में एक क्रांति लाई है, बल्कि यह भी दिखाया है कि यदि विज्ञान और तकनीक को मानव कल्याण की दिशा में उपयोग किया जाए, तो असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। एक अकेले हाइपर-इम्यून व्यक्ति के शरीर में मौजूद एंटीबॉडीज ने लाखों जानें बचाने की संभावनाओं को जन्म दिया है। यह एक ऐसा उदाहरण है जो दिखाता है कि मानव शरीर और विज्ञान की सामूहिक शक्ति मिलकर कितने बड़े परिवर्तन ला सकती है। भविष्य में, जैसे-जैसे इस तकनीक को और परिष्कृत किया जाएगा, यह संभव है कि न केवल सांपों के विष का बल्कि अन्य प्रकार के टॉक्सिन्स और जैविक हथियारों के विरुद्ध भी ऐसे एंटीबॉडीज विकसित किए जा सकें। एक ऐसा युग आने वाला है जहां यूनिवर्सल इम्यून थेरेपी का विचार केवल कल्पना नहीं बल्कि एक वास्तविकता बन सकेगा। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि एक हाइपर-इम्यून व्यक्ति के एंटीबॉडीज से विकसित यह यूनिवर्सल एंटीवेनम एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिसने न केवल विष चिकित्सा के क्षेत्र में नई दिशा दी है, बल्कि विज्ञान की शक्ति और मानवता के कल्याण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को भी सिद्ध किया है। इस उपलब्धि से भविष्य की कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं और एक सुरक्षित, विष-मुक्त समाज की नींव रखी जा सकती है।

# धोखेबाज कंपनियों के चलते ग्राहक परेशान

**उपभोक्ता संरक्षण कानूनों को और सशक्त करने की आवश्यकता है, ताकि ग्राहकों को रिफंड और मुआवजे के लिए लंबी कानूनी प्रक्रियाओं से न गुजरना पड़े। इस स्थिति को सुधारने के लिए, कंपनियों को अपनी वित्तीय प्रथाओं में पारदर्शिता लानी होगीऔर नियामक निकायों को कड़े कदम उठाने होंगे। जब तक ऐसा नहीं होता, ग्राहकों और ऐसी कंपनियों से जुड़े अन्य लोगों का विश्वास जीतना इन कंपनियों के लिए एक बड़ी चुनौती बना रहेगा।**




भारत का कैब उद्योग, जो कुछ वर्षों पहले तक तकनीकी नवाचार और सुविधा का प्रतीक माना जाता था, आज गंभीर विवादों और वित्तीय अनियमितताओं के कारण चर्चा में है। ब्लूस्मार्ट और ओला जैसी प्रमुख कंपनियों पर लगे धोखाधड़ी और कर चोरी के आरोपों ने न केवल उनके कारोबारी मॉडल पर सवाल उठाए हैं, बल्कि लाखों ग्राहकों के बीच अविश्वास और निराशा की भावना भी पैदा की है। ऐसी कंपनियां, जो कभी शहरी गतिशीलता का पर्याय थीं, अब अपने ग्राहकों को ठगा हुआ महसूस करा रही हैं।

ब्लूस्मार्ट, जो 2019 में एक इलेक्ट्रिक वाहन-आधारित कैब सेवा के रूप में शुरू हुई थी, ने अपनी पर्यावरण-अनुकूल नीतियों और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के कारण तेजी से लोकप्रियता हासिल की थी। दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु और मुंबई जैसे शहरों में इसकी सेवाएं शुरू होने के बाद, कंपनी ने कई बड़े निवेशकों से भारी फंडिंग प्राप्त की। हालांकि, अप्रैल 2025 में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा किए गए खुलासे ने ब्लूस्मार्ट की मूल कंपनी जेनसोल इंजीनियरिंग की वित्तीय प्रथाओं पर गंभीर सवाल खड़े किए। सेबी ने पाया कि जेनसोल के प्रमोटरों, अनमोल सिंह जग्गी और पुनीत सिंह जग्गी ने कंपनी को दिए गए 977.75 करोड़ रुपये के ऋण का दुरूपयोग किया। यह राशि, जो इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद और बेड़े के विस्तार के लिए थी, कथित तौर पर आलीशान फ्लैट, गोल्फ किट, और अन्य व्यक्तिगत खर्चों पर खर्च की गई। सेबी की जांच के अनुसार, कंपनी ने केवल 4,704 वाहन खरीदे, जबकि 6,400 वाहनों का वादा किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप 262.13 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितता सामने आई। इस घोटाले का सबसे बड़ा झटका ब्लूस्मार्ट की अचानक सेवा बंदी के रूप में सामने आया, जिसने अप्रैल 2025 में इसके संचालन को ठप कर दिया। इस बंदी का असर हजारों ड्राइवरों, लाखों ग्राहकों व इनसे जुड़े कई लोगों पर पड़ा। ड्राइवरों को बिना किसी पूर्व सूचना के बेरोजगार छोड़ दिया गया, जबकि ग्राहकों के वॉलेट में जमा राशि, जो लाखों रुपये में थी, फंस गई। कंपनी ने घोषणा की कि यदि 90 दिनों के भीतर सेवाएं बहाल नहीं हुईं, तो रिफंड शुरू किया जाएगा। हालांकि, इस अनिश्चितता ने ग्राहकों में भारी असंतोष पैदा किया। दिल्ली के एक नियमित ग्राहक के अनुसार उन्होंने ब्लूस्मार्ट की सुविधा और पर्यावरण-अनुकूल सेवाओं की हमेशा प्रशंसा की थी, लेकिन अब उनके वॉलेट में 4,500 रुपये फंसे हुए हैं और उन्हें रिफंड की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल रही है। दूसरी ओर, ओला कैब्स, जो भारत के कैब बाजार में अग्रणी रही है, भी हाल के वर्षों में कई विवादों में उलझी हुई है।

हाल ही में, कंपनी पर कर चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगे हैं। आयकर विभाग की एक जांच में पता चला कि ओला ने अपने ड्राइवरों के भुगतान और किराए की राशि पर टैक्स की गणना में अनियमितताएं बरतीं। इसके अलावा, कंपनी पर आरोप है कि उसने अपनी सहायक कंपनियों के माध्यम से फंड को गलत तरीके से स्थानांतरित किया, ताकि कर देनदारियों को कम किया जा सके। गौरतलब है कि ओला कैब्स की मूल कंपनी एएनआई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने भारत में एक अग्रणी इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता कंपनी ओला इलेक्ट्रिक शुरू की, परंतु हाल के वर्षों में अपने ग्राहकों व आपूर्तिकर्ताओं के साथ वित्तीय अनियमितताओं के कारण चर्चा में रही है। ओला ने अपने सप्लायरों और लॉजिस्टिक्स पार्टनर्स को समय पर भुगतान करने में देरी की, जिसके परिणामस्वरूप कई प्रमुख सप्लायरों ने कंपनी के साथ संबंध तोड़ लिए। बीबीसी की एक रिपोर्ट में पूर्व कर्मचारियों और उद्योग सूत्रों ने खुलासा किया कि भुगतान में देरी के कारण सप्लायरों के बीच असंतोष बढ़ा। एक सप्लायर ने तो ओला के खिलाफ दिवालियापन की याचिका भी दायर की, जिसे बाद में कंपनी ने सुलझाने का दावा किया। इसके अलावा, ओला की लागत कम करने की रणनीति, जैसे कि वाहन पंजीकरण एजेंसियों के साथ अनुबंधों की पुनरू बातचीत, ने बिक्री और पंजीकरण के आंकड़ों में भारी विसंगति पैदा की। फरवरी 2025 में, ओला ने 25,000 स्कूटर बेचने का दावा किया, लेकिन वाहन पोर्टल पर केवल 8,390 पंजीकृत हुए। इन वित्तीय और परिचालन चुनौतियों ने ओला की बाजार हिस्सेदारी को प्रभावित किया, जो सितंबर 2024 में 27 प्रतिशत तक गिर गई। ब्लूस्मार्ट और ओला से जुड़े इन विवादों ने ऐसे उद्योगों में ग्राहकों का विश्वास कमजोर किया है। ये कंपनियां, जो कभी सुविधा और नवाचार का प्रतीक थीं, अब वित्तीय कुप्रबंधन और अनैतिक प्रथाओं के लिए जानी जा रही हैं। ग्राहकों के बीच यह धारणा बढ़ रही है कि उनके पैसे का उपयोग न केवल उनकी सेवा में, बल्कि प्रमोटरों के व्यक्तिगत लाभ के लिए भी किया जा रहा है। इन घोटालों से भारत में ऐसेउद्योगों के लिए सख्त नियामक ढांचे की आवश्यकता को उजागर किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार को वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित करने और ग्राहकों व इनसे जुड़े अन्य लोगों के हितों की रक्षा के लिए कड़े नियम लागू करने चाहिए। आयकर विभाग और सेबी जैसे नियामक निकायों को ऐसी कंपनियों की निगरानी बढ़ानी चाहिए, जो बड़े पैमाने पर फंडिंग जुटाती हैं और लाखों ग्राहकों की निर्भरता का हिस्सा हैं।

लेखक दिल्ली स्थित कालचक्र समाचार ब्यूरो के संपादक हैं

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दुनिया नशे में झूम रही कैसे स्वास्थ्य क्रांति लाएं

**विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विशेष**




विश्व की गम्भीर समस्याओं में प्रमुख है तम्बाकू और उससे जुड़े नशीले पदार्थों का उत्पादन, तस्करी और सेवन में निरन्तर वृद्धि होना। नई पीढ़ी इस जाल में बुरी तरह कैद हो चुकी है। आज हर तीसरा व्यक्ति विशेषत: महिलाएं किसी-न-किसी रूप में तम्बाकू को अपना चुकी है। बीड़ी-सिगरेट के अलावा तम्बाकू के छोटे-छोटे पाउचों से लेकर तेज मादक पदार्थों, औषधियों तक की सहज उपलब्धता इस आदत को बढ़ाने का प्रमुख कारण है। इस दीवानगी को ओढ़ने के लिए प्रचार माध्यमों ने भी भटकाया है। इसीलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस-31 मई को दुनियाभर में मनाया जाता है। डब्ल्यूएचओ हर साल इस दिवस पर एक थीम निर्धारित करता है। साल 2025 की थीम अनमास्किंग द अपील: तम्बाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करना है। यह दिवस तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक जनजागृति अभियान एवं एक दुनियाभर में आयोज्य महत्वपूर्ण दिवस है। इसका उद्देश्य तंबाकू के सेवन के जोखिमों को उजागर करना और दुनियाभर के लोगों को धूम्रपान या किसी भी रूप में तंबाकू का उपयोग छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। बड़ा प्रश्न है कि एक नशेड़ी पीढ़ी का देश एवं दुनिया कैसे आदर्श हो सकती है? इस दुर्व्यसन के आदी लोग सुधारने को तैयार नहीं हैं। नशे की गंभीरता एवं विकरालता को देखते हुए साल 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य देशों ने एक प्रस्ताव पारित किया और हर 31 मई को विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस मनाने का फैसला किया गया। यह दिन सरकारों से तंबाकू के उपयोग से निपटने, सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क को कम करने और स्वस्थ विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए नीतियों को मजबूत करने का आह्वान भी करता है। ऐसे दिवस को मनाने की उपयोगिता एवं सार्थकता तभी है जब नशे की अंधी गलियों में भटक चुके युवाओं को बाहर निकालना विश्व की हर सरकार का नैतिक एवं प्राथमिक कर्तव्य हो, क्योंकि युवा पीढ़ी नशे की गुलाम हो चुकी है, लेकिन यह विडम्बनापूर्ण है कि सरकारों के लिए यह दिवस कोरा आयोजनात्मक है, प्रयोजनात्मक नहीं, क्योंकि सरकार विवेक से नहीं, स्वार्थ से काम ले रही है। नशे की बुराइयों से लोगों को आगाह भी करती है और शराब, तम्बाकू, सिगरेट का उत्पादन भी बढ़ा रही है।

राजस्व प्राप्ति के लिए जनता की जिन्दगी से खेलना क्या किसी लोककल्याणकारी सरकार का काम होना चाहिए? तंबाकू का सेवन व्यक्तिगत स्वास्थ्य और समाज दोनों पर घातक प्रभाव डालता है, जो कैंसर, हृदय रोग और श्वसन संबंधी समस्याओं जैसी रोकथाम योग्य बीमारियों का एक प्रमुख कारण बना हुआ है। इस दिवस का लक्ष्य एक ऐसी दुनिया बनाना है जहां तम्बाकू निषेध का सकारात्मक वातावरण बने एवं कम लोग तम्बाकू से संबंधित बीमारियों से पीड़ित हों। यह दिवस स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने और भविष्य की पीढ़ियों को तम्बाकू के खतरों से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है। तम्बाकू का सेवन दुनिया भर में रोके जा सकने वाली मौतों के प्रमुख कारणों में से एक है, हर साल लाखों लोग तम्बाकू से जुड़ी बीमारियों की वजह से अपनी जान गंवा देते हैं। इसके सेवन से होने वाली अनेक घातक एवं जानलेवा बीमारियों का व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। तम्बाकू सेवन के दीर्घकालिक परिणाम न केवल धूम्रपान करने वाले को प्रभावित करते हैं, बल्कि सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क में भी योगदान करते हैं, जो बच्चों और कमजोर आबादी सहित धूम्रपान न करने वालों को नुकसान पहुंचाता है। आज छोटे-छोटे बच्चे एवं महिलाएं नशे के आदी हो चुकी हैं। वे ऐसे नशे करती है कि रुह कांपती है। नशा आज एक फैशन बन चुका है। नशे के कारण हम एक विकलांग एवं बीमार पीढ़ी का निर्माण हो रहा हैं। नशे की संस्कृति युवा पीढ़ी को गुमराह कर रही है। अगर यही प्रवृत्ति रही तो सरकार, सेना और समाज के ऊंचे पदों के लिए शरीर और दिमाग से स्वस्थ व्यक्ति नहीं मिलेंगे। प्रसिद्ध फुटबाल खिलाड़ी मैराडोना, पॉप संगीत गायक एल्विस प्रिंसले, तेज धावक बेन जॉनसन, युवकों का चहेता गायक माईकल जैक्सन, ऐसे कितने ही खिलाड़ी, गायक, सिनेमा कलाकार नशे की आदत से या तो अपनी जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं या बरबाद हो चुके हैं। नशे की यह जमीन कितने-कितने आसमान खा गई। विश्वस्तर की ए प्रतिभाएं कीर्तिमान तो स्थापित कर सकती हैं, पर नई पीढ़ी के लिए स्वस्थ विरासत नहीं छोड़ पा रही हैं। तम्बाकू का उपयोग एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है जो वैश्विक स्तर पर व्यक्तियों और समुदायों को प्रभावित करती है। यह अत्यधिक नशे की लत है, मुख्य रूप से निकोटीन की उपस्थिति के कारण, जिससे व्यक्तियों के लिए बिना सहायता के इसे छोड़ना बेहद मुश्किल हो जाता है। इसके परिणाम भयानक हैं, हर साल 8 मिलियन से अधिक मौतें तम्बाकू से संबंधित बीमारियों के कारण होती हैं। भारत में गुटखा सहित धुआं रहित तंबाकू का उपयोग एक खतरनाक कुचलन है, जिससे गंभीर किस्म की बीमारियां होती हैं। विशेष रूप से गुटखा से कैंसर का खतरा होता है और इसी वजह से साल 2002 से ही गुटखा पर नियंत्रण के प्रयास चलते रहे हैं। साल 2012 से भारतीय राज्यों द्वारा प्रतिबंधित होने के बावजूद गुटखा व्यापक रूप से उपयोग में है। गुटखा लॉबी देशभर में बहुत मजबूत है और इससे सरकारों व उनमें शामिल लोगों को गलत ढंग से भारी कमाई होती है। सबसे पहला राज्य मध्य प्रदेश है, जिसने गुटखा पर प्रतिबंध लगाया था, पर क्या वहां सफलता मिली? बिहार, गुजरात जैसे राज्य, जहां कहने को तो शराब प्रतिबंधित है, पर क्या वहां शराब का मिलना बंद हो गया है? ठीक इसी तरह से गुटखा के साथ हुआ है। लगातार चेतावनियों व विज्ञापनों के बावजूद गुटखा या तंबाकू का सेवन घट नहीं रहा है। गुटखों और पान मसालों से जुड़ी समस्याओं को अभी भी हम गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। भारत में जनसंख्या-आधारित कैंसर रजिस्ट्री में पाया गया कि 55 प्रतिशत कैंसर तंबाकू के उपयोग से संबंधित थे। भारत तंबाकू उत्पादों का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है। भारत में तंबाकू छोड़ने की दर सबसे कम है, यहां सिर्फ 20 प्रतिशत पुरुष तंबाकू के दुर्व्यसन को छोड़ पाते हैं। जीवन का माप सफलता नहीं, सार्थकता होती है। सफलता तो गलत तरीकों से भी प्राप्त की जा सकती है। जिनको शरीर की ताकत खैरात में मिली हो वे जीवन की लड़ाई कैसे लड़ सकते हैं? तंबाकू का सेवन कई रूपों में किया जा सकता है जैसे सिगरेट, सिगार, बीड़ी, मलाईदार तंबाकू के रंग की वस्तु टरुथ पेस्ट, क्रिटेक्स, पाईप्स, गुटका, तंबाकू चबाना, सुर्ती-खैनी (हाथ से मलकर खाने वाला तंबाकू), तंबाकू के रंग की वस्तु, जल पाइप्स, स्नस आदि। कितने ही परिवारों की सुख-शांति यह तम्बाकू उत्पाद नष्ट कर रहे हैं। बूढ़े मां-बाप की दवा नहीं, बच्चों के लिए कपड़े-किताब नहीं, पत्नी के गले में मंगलसूत्र नहीं, चूल्हे पर दाल-रोटी नहीं, पर नशा चाहिए। करोड़ों लोग अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। दुर्भाग्यवश इस गलत आदत को स्टेटस सिंबल मानकर अक्सर नवयुवक एवं महिलाएं अपनाते हैं और दूसरों के सामने दिखाते हैं।

इससे प्रजनन शक्ति कम हो जाती है। यदि कोई गर्भवती महिला धूम्रपान करती है तो या तो शिशु की मृत्यु हो जाती है या फिर कोई विकृति उत्पन्न हो जाती है। लंदन के मेडिकल जर्नल द्वारा किए गए नए अध्ययन में पाया गया कि धूम्रपान करने वाले लोगों के आसपास रहने से भी गर्भ में पल रहे बच्चे में विकृतियां उत्पन्न हो जाती हैं। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के डॉ. जोनाथन विनिकॉफ के अनुसार, गर्भावस्था के दौरान माता-पिता दोनों को स्मोकिंग से दूर रहना चाहिए। लगता है विश्व जनसंख्या का अच्छा खासा भाग नशीले पदार्थों के सेवन का आदी हो चुका है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इजरायल ने गाजा में अस्थायी युद्धविराम प्रस्ताव किया मंजूर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के व्हाइट हाउस ने कहा कि इजरायल ने गाजा में 60 दिन के युद्ध विराम प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए हैं, क्योंकि इजरायली सेना युद्धग्रस्त क्षेत्र में अपनी सैन्य कार्रवाई जारी रखे हुए है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक प्रेस ब्रीफिंग में पुष्टि की कि पश्चिम एशिया में अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हमास को युद्ध विराम प्रस्ताव सौंपा है, जिसका इजरायल ने समर्थन किया है।

लेविट ने कहा कि हमास को भेजे जाने से पहले इजरायल ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए थे। मैं यह भी पुष्टि कर सकता हूं कि वे चर्चाएं जारी हैं, और हमें उम्मीद है कि गाजा में युद्ध विराम होगा ताकि हम सभी बंधकों को घर वापस ला सकें। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार एक इजरायली अधिकारी और मामले से परिचित एक अमेरिकी सूत्र ने पुष्टि की कि प्रस्तावित समझौते में न केवल 60-दिवसीय युद्ध विराम शामिल है बल्कि 10 जीवित बंधकों और 18 मृत बंधकों के अवशेषों को रिहा करने की योजना भी शामिल है। हमास ने गुरुवार को कहा कि उसके नेतृत्व को मध्यस्थों के माध्यम से विटकॉफ से गाजा में युद्ध विराम का नया प्रस्ताव मिला है और वह इसका अध्ययन कर रहा है। हमास ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि हमास नेतृत्व को मध्यस्थों से विटकॉफ का नया प्रस्ताव मिला है और वह जिम्मेदारी से इसका अध्ययन कर रहा है ताकि हमारे लोगों के हितों की पूर्ति हो, राहत मिले और गाजा पट्टी में स्थाई युद्ध विराम हो।



- हमास को भेजे जाने से पहले इजरायल ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए थे
- मैं यह भी पुष्टि कर सकती हूं कि वे चर्चाएं जारी हैं, और हमें उम्मीद है कि गाजा में युद्ध विराम होगा ताकि हम सभी बंधकों को घर वापस ला सकें: लेविट

## फलस्तीनी राजदूत यूएन में गाजा के हालात बताते हुए रोए

**गाजा।** फलस्तीनी राजदूत रियाद मंसूर यूएन में गाजा के हालात बताते हुए फूट-फूट कर रो पड़े। उन्होंने दुनिया को गाजा में भूख से तड़पते बच्चों और वहां के बदतर हालात के बारे में बताया। मंसूर ने कहा: कई बच्चे भूख से मर रहे हैं। महिलाएं अपने बेजान बच्चों को गले लगा रही हैं, उनके बालों को सहला रही हैं, उनसे बात कर रही हैं, उनसे माफी मांग रही हैं। यह सब देखना तकलीफदेह है। कोई ऐसा कैसे कर सकता है? यह कहते हुए उनके आंसू फूट पड़े। मंसूर ने आगे कहा: फलस्तीनियों की इस हालात को कोई आम इंसान बर्दाश्त नहीं कर सकता। आग और भूख फलस्तीनी बच्चों को निगल रही है। उन्होंने कहा: कोई भी वजह फलस्तीनियों पर हमले को जायज नहीं ठहरा सकती। हम भी इंसान हैं। हमें अपने देश पर गर्व है। हमें बिल्कुल वैसे ही सम्मान मिलना चाहिए, जैसे बाकी सभी को।

- रियाद मंसूर ने कहा: भूख बच्चों को निगल रही

## दक्षिण लेबनान में इजरायल के हमलों में दो लोग मारे गए

**बेरूत।** इजरायल की ओर से दक्षिणी लेबनान में किए गए हमलों में गुरुवार को दो लोग मारे गए। लेबनान की आधिकारिक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने अपनी रिपोर्ट बताया कि एक इजरायली ड्रोन ने नबातिह फौका की पहाड़ियों में अली अल-ताहेर जंगल के प्रवेश द्वार को निशाना बनाया, जिसके कारण नगरपालिका का कर्मचारी महमूद अटवी की मौत हो गई। हमले के समय वह मोटरसाइकिल से ड्यूटी करने के लिए जा रहे थे। एनएनए के अनुसार, काफ़र किला गांव में इजरायली गोलीबारी में एक और व्यक्ति मारा गया। गौरतलब है कि 27 नवम्बर, 2024 से, हिजबुल्लाह और इज़रायल के बीच एक संघर्ष विराम समझौता प्रभावी है, लेकिन समझौते के बावजूद इज़रायली सेना कभी-कभी लेबनान में हमले करती रहती है। इजरायल दावा करता है कि इसका उद्देश्य हिजबुल्लाह के खतरों को खत्म करना है। इज़रायल ने 18 फरवरी को अपनी पूर्ण वापसी की समय सीमा के बाद भी लेबनानी सीमा के पाँच प्रमुख ठिकानों पर अपनी सैन्य उपस्थिति बना रखी है।



रोहतास। सार्वजनिक बैठक के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

## आर्टिकल 370 हटने से खुशहाली आई: सलमान खुर्शीद

**जकार्ता।** कांग्रेस नेता और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि कश्मीर में आर्टिकल 370 एक बड़ी समस्या थी। इससे यह धारणा बन गई थी कि कश्मीर देश के बाकी हिस्से से अलग है।

यह सरकार की सोच में भी झलकता था। खुर्शीद ने कहा कि 2019 में आर्टिकल 370 हटने के बाद यह धारणा खत्म हो गई। इसके बाद चुनाव हुए और 65 प्रतिशत लोगों ने मतदान लिया। अब कश्मीर में एक चुनी हुई सरकार है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग कश्मीर में आर्टिकल 370 फिर से बहाल करवाना चाहते हैं। वे कश्मीर में आई खुशहाली नहीं देखना चाहते।

दूसरी तरफ, कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने ऑपरेशन सिंदूर पर कोलंबिया सरकार की प्रतिक्रिया की आलोचना की। थरूर ने कोलंबिया के बोगोटा में कहा कि कोलंबियाई सरकार ने भारत के प्रति सहानुभूति जताने के बजाय ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान में हुई जानमाल की नुकसान पर दुख जताया। भारत इससे निराश है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि भारत ने सेल्फ-डिफेंस में हमला किया था। हमला करने वालों और बचाव करने वालों में फर्क होता है। जैसे कोलंबिया ने कई आतंकवादी हमलों को झेला है, वैसे ही हमने भारत में भी लगभग चार दशकों तक हमलों को झेला है। शशि थरूर और सलमान खुर्शीद ऑपरेशन सिंदूर पर दुनिया को ब्रीफ करने गए भारतीय डेलिगेशन का हिस्सा हैं।

# ट्रम्प का टैरिफ फिर बहाल

## हायर कोर्ट ने निचली अदालत का फैसला पलटा

**वाशिंगटन।** अमेरिका की फेडरल अपील कोर्ट ने ट्रम्प के टैरिफ पर रोक वाले ट्रेड कोर्ट के फैसले को पलट दिया है। बुधवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ को फेडरल ट्रेड कोर्ट ने असंवैधानिक करार देते हुए स्थाई रोक लगा दी थी।

इस फैसले को ट्रम्प प्रशासन ने फेडरल सर्किट की अपीलीय कोर्ट में चुनौती दी, जिसे स्वीकार कर लिया गया। इसके बाद निचली अदालत (ट्रेड कोर्ट) के आदेश पर अस्थाई रोक लगा दी गई। यानी ट्रम्प का टैरिफ फिलहाल जारी रहेगा। इससे पहले मैनहट्टन की फेडरल कोर्ट आफ इंटरनेशनल ट्रेड के तीन जजों की बेंच ने टैरिफ पर रोक लगाते हुए कहा था कि ट्रम्प ने अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया और संविधान के दायरे से बाहर जाकर ये टैरिफ ये टैरिफ लगाया। कोर्ट ने कहा था कि ट्रम्प ने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनामिक पावर्स एक्ट (आईईईपीए) का गलत इस्तेमाल किया। ये कानून राष्ट्रपति को आपातकाल में कुछ निर्णय लेने का विशेष अधिकार देता है। लेकिन, ट्रम्प ने बिना ठोस कारण के इन पावर्स का इस्तेमाल किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर ट्रेड पार्टनर्स पर भारी भरकम टैरिफ लगाया। अमेरिकी संविधान दूसरे देशों के साथ व्यापार को रेगुलेट करने का अधिकार संसद को देता है। लेकिन ट्रम्प ने अपने विशेष अधिकारों को संविधान से ऊपर रखकर टैरिफ पर फैसला लिया। राष्ट्रपति के स्पेशल पावर्स का मतलब यह नहीं कि किसी भी हालात को इमरजेंसी का नाम देकर कुछ भी करें।

व्हाइट हाउस के आर्थिक सलाहकार केविन हैसेट ने फाक्स बिजनेस को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि फेडरल कोर्ट के फैसले में कोई दम नहीं है, इसे आखिरकार पलट दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा था कि टैरिफ के रास्ते हमने जो बिजनेस डील के लिए प्लेटफार्म तैयार किए हैं, कोर्ट का यह फैसला उस रास्ते में बाधा नहीं बनेगा। टैरिफ पर फैसला देने वाले जज एक्टिविस्ट हैं। इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रम्प प्रशासन ने अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अदालत में दावा किया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई 2025 को हुए युद्धविराम को संभव बनाने के लिए टैरिफ शक्तियों का उपयोग किया।



- ट्रेड कोर्ट ने टैरिफ को असंवैधानिक बताकर स्थाई रोक लगा दी थी

## नाइजीरिया में बाढ़ के कारण 21 लोगों की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-मध्य नाइजर प्रांत में मूसलाधार बारिश के कारण अचानक आई भीषण बाढ़ में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई है और अन्य 10 लापता हैं। नाइजर राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख इब्राहिम हुसैनी ने संवाददाताओं को बताया कि बुधवार देर रात हुई मूसलाधार बारिश के बाद बाढ़ ने मोक्वा क्षेत्र में भीषण तबाही मचाई, लेकिन तीन लोगों को बचा लिया गया। उन्होंने कहा कि 50 से अधिक आवासीय घर जलमग्न हो गए या फिर बह गए, जिनमें कुछ लोगों के अभी भी फंसे रहने की आशंका हैं। उन्होंने कहा कि लापता 10 लोगों के लिए बचाव अभियान चलाया जा रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत में राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी की महानिदेशक जुबैदा उमर ने कहा था कि इस साल पूरे देश में बाढ़ के प्रभाव को कम करने के व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं।

# इंडोनेशिया के सबसे बड़े इस्लामी संगठन का मिला भारत को समर्थन

## कहा: आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे लड़ाई

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सबसे बड़े इस्लामी संगठन नाहदतुल उलमा के कार्यकारी बोर्ड अध्यक्ष के. एच. उलिल अब्शार अब्दल्ला ने भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ाई लड़ने और शांति को बढ़ावा देने की बात कही।

उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया दोनों आतंकवाद जैसी चुनौती से गुजरे हैं। हमने भारत के साथ चरमपंथ से निपटने का अनुभव साझा किया। दोनों देशों की आर्थिक विकास, राजनीतिक स्थिरता और शांति की एक जैसी आकांक्षाएं हैं। अब्दल्ला ने चेताया कि अगर धर्म का इस्तेमाल हिंसा को जायज ठहराने के लिए किया जाए, तो यह बहुत खतरनाक होता है। उन्होंने कहा, कुछ समूह इस्लाम के नाम पर हिंसा को बढ़ावा देते हैं, जो गलत है, क्योंकि इस्लाम शांति का धर्म है। आतंकवाद के सबसे बड़े शिकार खुद मुसलमान हैं, इसलिए इस खतरे को खत्म करने की सबसे पहली जिम्मेदारी भी मुसलमानों की ही बनती है। उन्होंने भारतीय सांसदों से कहा कि इंडोनेशिया के इतिहास की गहराई में भारतीय सभ्यता की छाप है, इसलिए दोनों देशों को लोगों के स्तर पर भी सहयोग करना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जदयू सांसद संजय कुमार झा ने अब्दल्ला की बातों को भारत के लिए सहानुभूतिपूर्ण बताया। झा ने कहा कि अब्दल्ला ने ओआईसी (इस्लामिक देशों के संगठन) में भारत के मुद्दों पर समर्थन देने का भरोसा जताया। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान की तुलना में भारत में मुस्लिम आबादी ज्यादा है। फिर भी पाकिस्तान ओआईसी में भारत के खिलाफ प्रस्ताव लाने की कोशिश करता है। पहलगाम आतंकी हमले का ज़िक्र करते हुए झा ने कहा कि आतंकियों ने बेगुनाहों को उनके धर्म के आधार पर मारने की कोशिश की, जिसका मकसद देश की सांप्रदायिक एकता को नुकसान पहुंचाना था। प्रतिनिधिमंडल ने इंडोनेशिया की नेशनल मंडेट पार्टी और कई प्रमुख थिंक टैंक व शिक्षण संस्थानों के अधिकारियों से भी मुलाकात की। भारतीय सांसदों ने आतंकवाद को बढ़ावा देने में पाकिस्तान की भूमिका को उजागर किया, जिसे इंडोनेशियाई नेताओं ने भी स्वीकार किया और भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही। जकार्ता स्थित भारतीय दूतावास के अनुसार, इस दौरे का उद्देश्य भारत के खिलाफ फैलाए जा रहे झूठे प्रचार का मुकाबला करना और भारत की आतंकवाद के प्रति जीरो टालरेंस नीति को वैश्विक मंचों पर स्पष्ट करना है। प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न दलों के सांसद शामिल हैं, जिनमें भाजपा की अपराजिता सारंगी, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के अभिषेक बनर्जी, माकपा के जान ब्रिटास, कांग्रेस के सलमान खुर्शीद और अन्य नेता शामिल हैं।



दोनों देशों की आर्थिक विकास राजनीतिक स्थिरता और शांति की एक जैसी आकांक्षाएं हैं

## ऑस्ट्रेलिया में जनता के समर्थन के बावजूद चीनी कर नहीं लगेगा

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि संघीय सरकार की चीनी कर लगाने की 'कोई योजना नहीं' है, जबकि एक सर्वेक्षण में इस प्रस्ताव को मजबूत समर्थन मिला है। मार्क बटलर ने शुक्रवार को कहा कि सरकार के पास मोटापे की बढ़ती दरों को कम करने के लिए 'कई उपाय' विचाराधीन हैं, लेकिन वह कराधान के बजाय शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने 'सेवन नेटवर्क' टेलीविजन से कहा कि मोटापा वास्तव में आज हमारे सामने आने वाली बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है, और यह भविष्य में और भी बड़ा होने वाला है। हम सुपरमार्केट में खरीदने के बारे में सोच रहे लोगों को उनके द्वारा सोची जा रही चीज़ों के बारे में अच्छी तरह से लेबल करके शिक्षित करने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारी सरकार में चीनी कर लगाने की कोई योजना नहीं है।

## हद पार: 130 दिन में ट्रम्प ने अपने ही 11 फैसले पलटे

### 180 कोर्ट ने रोके, प्रशासन के आदेशों के खिलाफ 250 से ज्यादा याचिका दायर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल शुरू हुए अभी सिर्फ 130 दिन ही हुए हैं। लेकिन उनकी नीतियों को लेकर विवाद और कानूनी चुनौतियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब तक अमेरिकी अदालतों ने ट्रम्प प्रशासन के कम से कम 180 कार्यकारी आदेशों और नीतियों पर स्थाई या अस्थाई तौर पर रोक लगाई है।

साथ ही, ट्रम्प ने खुद 11 प्रमुख फैसलों पर यू-टर्न लेते हुए पलटा है। रिपोर्ट के अनुसार, कोर्ट ने जन्मसिद्ध नागरिकता खत्म करने, संघीय कर्मचारियों की सामूहिक बर्खास्तगी और विदेशी सहायता रोकने जैसे आदेशों को अवैध या असंवैधानिक ठहराया है। वहीं, ट्रम्प ने फेडरल फंडिंग फ्रीज, अंतर्राष्ट्रीय छात्र वीजा और टैरिफ नीतियों जैसे फैसलों को कई बार बदला या वापस लिया है। ट्रम्प प्रशासन के आदेशों के खिलाफ अब तक 250 से अधिक याचिका दायर की जा चुकी है। ट्रम्प ने वायस आफ अमेरिका को खत्म करने का फैसला लिया था, जिसे कोलोराडो की अदालत ने अवैध ठहराया। पर्यावरण नियमों को कमजोर करने वाले आदेशों को भी कैलिफोर्निया की अदालत ने रोका। वजह-वे क्लीन एयर एक्ट का उल्लंघन करते थे। वाशिंगटन की अदालत ने गैर अमेरिकियों के लिए मतदान प्रतिबंध को असंवैधानिक माना। अप्रैल 2025 में एक हफ्ते में 11 मुकदमों में ट्रम्प प्रशासन को हार मिली। ट्रम्प के ट्रांसजेंडर स्वास्थ्य अधिकारों को सीमित करने वाले आदेश को भी न्यूयार्क कोर्ट ने भेदभावपूर्ण ठहराते हुए अवैध ठहराया। इसके अलावा ट्रम्प के विदेशी फंडिंग से जुड़े आदेश को भी अदालत ने गलत माना।

- ट्रम्प ने वायस आफ अमेरिका को खत्म करने का फैसला लिया था

## चीन में 2023 में हुए गैस धमाके के 15 दोषियों को सजा

**यिनचुआन।** उत्तर-पश्चिमी चीन के निग्ज़िया हुई स्वायत्त क्षेत्र की एक अदालत ने वर्ष 2023 में एक बारबेक्यू रेस्तरां में हुए गैस विस्फोट मामले में 15 व्यक्तियों को शुक्रवार को सज़ा सुनाई। इस विस्फोट में 31 लोगों की मौत हो गई थी। क्षेत्रीय राजधानी यिनचुआन की जिगकिंग डिस्ट्रिक्ट पीपुल्स कोर्ट के अनुसार गंभीर दुर्घटनाएं करने या झूठे प्रमाणन दस्तावेज़ प्रदान करने के अपराधों के लिए प्रतिवादियों को एक से छह साल तक की जेल की सज़ा दी गई है। रेस्तरां में सह-निवेश करने और संचालन करने वाले झांग होंग्ज़ियान और लियू गुओ दोषी ठहराए गए लोगों में शामिल थे। गैस आपूर्तिकर्ता के वास्तविक नियंत्रक कुई वेनबो और गैस परीक्षण एजेंसी के कानूनी प्रतिनिधि झोउ झिगुओ को भी दोषी पाया गया। यह विस्फोट 21 जून, 2023 को यिनचुआन के फूयांग बारबेक्यू रेस्तरां में हुआ तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लीक होने से विस्फोट हुआ था। इस हादसे में 31 लोग मारे गए थे और सात घायल हो गए थे। अदालत ने पाया कि विस्फोट का सीधा कारण एलपीजी वितरक द्वारा रेस्तरां को घटिया सिलेंडर उपलब्ध कराना था, जिसे रेस्तरां के कर्मचारियों द्वारा गलत तरीके से संचालित किया गया था। झोउ और दो अन्य गैस परीक्षण एजेंसी के कर्मचारी सदस्यों के रूप में गलत प्रमाणन दस्तावेज प्रदान करने के दोषी पाए गए ,जो एक आपराधिक कृत्य है।

# पानी पर कभी समझौता नहीं करेंगे: मुनीर

## फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने कहा: मामला देश के 24 करोड़ लोगों के बुनियादी अधिकार से जुड़ा

**इस्लामाबाद/दुशाम्बे।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने कहा है कि पानी का मुद्दा पाकिस्तान के लिए रेड लाइन है और इस पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह मामला देश के 24 करोड़ लोगों के बुनियादी अधिकारों से जुड़ा है। मुनीर अलग-अलग यूनिवर्सिटीज के चांसलर्स, प्रिंसिपल, सीनियर फैकल्टीज के साथ बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने भारत को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि पाकिस्तान कभी भी भारत के वर्चस्व को स्वीकार नहीं करेगा। दूसरी तरफ मुनीर ने दावा किया कि बलूचिस्तान में सक्रिय आतंकवादियों को भारत से समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग बलूचिस्तान में अशांति फैला रहे हैं, उनका सीधा संबंध बलोच उग्रवाद से है और इनकी डोर भारत से जुड़ी हुई है। वहीं पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ताजिकिस्तान पहुंचे। यहां ताजिक प्रधानमंत्री कोखिर रसूलजोदा ने उनका एयरपोर्ट पर स्वागत किया। शरीफ आज ग्लेशियर्स को लेकर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होंगे। ताजिकिस्तान के दो दिवसीय दौरे पर शरीफ ताजिक राष्ट्रपति इमामाली रहमोन के साथ कई मुद्दों को लेकर द्विपक्षीय बैठक करेंगे। शरीफ 25 से 30 मई तक चार देशों के दौरे पर हैं। इससे पहले वो तुर्की, ईरान और अजरबैजान जा चुके हैं। उन्होंने इन सभी देशों को भारत के साथ तनाव के वक्त समर्थन देने के लिए शुक्रिया कहा है। शरीफ के साथ आर्मी चीफ आसिम मुनीर, डिप्टी पीएम इशाक डाल, विदेश मंत्री ख्वाजा आसिफ और कई मंत्री भी पहुंचे हैं। शहबाज शरीफ ने हाल ही में कहा था कि वह भारत के साथ बातचीत करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को मिलकर कश्मीर, पानी और आतंकवाद जैसे मुद्दों को हल करना चाहिए। शरीफ ने यह बात अजरबैजान के लाचिन में पाकिस्तान-तुर्की-अजरबैजान त्रिपक्षीय समिट में कही थी। यह एक हफ्ते में दूसरी बार था जब पाकिस्तानी पीएम ने भारत से बातचीत की इच्छा जताई थी। इससे पहले उन्होंने सोमवार को ईरान दौरे पर भी भारत से बातचीत की इच्छा जताई थी।



- जो लोग बलूचिस्तान में अशांति फैला रहे हैं उनका सीधा संबंध बलोच उग्रवाद से है और इनकी डोर भारत से जुड़ी हुई है

## ड्रग तस्कर के साथ समझौते पर स्थिति स्पष्ट करे अमेरिकी सरकार: मेक्सिको

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने दामासो लोपेज़ सेरानो के साथ किए गए याचिका समझौते को लेकर अमेरिकी सरकार से सवाल किया है। गौरतलब है कि दामासो लोपेज़ सेरानो एक ऐसे कार्टेल एक ऐसा संगठन जहां दो या दो से अधिक कंपनियां, उत्पादक या सेवा प्रदाता एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करने के बजाए अपने लाभ को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करते हैं।

का सदस्य है, जिसे अमेरिका ने खुद 'विदेशी आतंकवादी संगठन' करार दिया है। सुशिनबाम ने गुरुवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुए इस संबंध में अमेरिकी सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अमेरिका सरकार ने हाल ही में एक आदेश जारी किया था, जिसमें कुछ संगठनों को आतंकवादी संगठन कहा गया है। उन्होंने कई मौकों पर कहा है कि वे इन संगठनों के साथ बातचीत नहीं करते हैं। अब उन्हें यह बताने की ज़रूरत है कि इन मामलों में समझौते क्यों किए जाते हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी अधिकारियों ने दामासो लोपेज़ सेरानो उर्फ 'एल मिनी लिक' के साथ एक याचिका समझौता किया है, जिसके तहत सेरानो ने अमेरिकी अदालत में ड्रग तस्करी के आरोपों में दोषी होने की दलील दी।

**Food Distribution Program**

To bring joy to poor and needy families this **Eid-al-Adha**, we are distributing food packs. You can support this cause by contributing financially, materially, or in any way you find suitable. Help us make a difference in the lives of the downtrodden.

**Islamia Educational and Charitable Society (IECS), Deoband, Saharanpur**

Contact: +91 97602 83693, 80579 22328